रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 04 नवम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-73 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### सत शर्मा बने जम्मू-कश्मीर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने सत शर्मा को जम्मू-कश्मीर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने विज्ञप्ति में बताया कि भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सत शर्मा को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नियुक्त किया है। जम्मू-कश्मीर प्रदेश भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष रविन्दर रैना को भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया गया है।

### राहुल वायनाड में प्रियंका के लिए करेंगे चुनाव प्रचार



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी केरल के वायनाड संसदीय क्षेत्र में अपनी बहन तथा पार्टी उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार गांधी तीन नवंबर को वायनाड के मनंतवादी के गांधी पार्क में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान उनके साथ पार्टी उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रहेंगी और चुनावी सभा को भी संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया की गांधी शाम को 4 बजे फिर एक और सब चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। यह चुनाव सभा मल्लापुरम के अरीकोडे में आयोजित की जाएगी।

### कांग्रेस सत्ता में आती है, तो जनता के लिए विपत्ति लाती है, भाजपा आती है, तो समृद्धि : त्रिवेदी



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने 'मोदी की गारंटी' को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से की गयी टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया है और कहा है कि कांग्रेस के हाथों में सत्ता आती है, तो जनता के लिए विपत्ति बन जाती है, जबकि भाजपा के हाथों में सत्ता आती है, तो वह जनता के लिए समृद्धि बन जाती है, जो राष्ट्र के विकास और स्वाभिमन को बढ़ाती है। भाजपा के राष्टीय प्रवक्त I एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस जैसी पार्टियाँ सत्ता में आने के बाद सरकारी खजाने से धन लूटती है और जनता को उनकी बुनियादी सुविधाओं से वंचित'रखती है।


### वैश्विक रुख का बाजार पर रहेगा असर

**मुंबई।** मध्य-पश्चिम में तनाव कम होने, भारत-चीन संबंधों में सुधार की उम्मीद, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) के मजबूत निवेश प्रवाह की बदौलत बीते सप्ताह करीब आधे प्रतिशत की तेजी में रहे सेंसेक्स और निफ्टी पर अगले सप्ताह वैश्विक रुख का असर रहेगा।

# आज से राज्योत्सव का भव्य आयोजन

## डॉ. मोहन यादव होंगे उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ समापन समारोह में शामिल होंगे

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



तीन दिवसीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन आज से 6 नवम्बर तक राज्योत्सव स्थल, नया रायपुर अटल नगर में होगा। राज्योत्सव स्थल में शासकीय योजनाओं एवं उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए सभी विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग का प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए हैं। राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव 2024 का उद्घाटन आज शाम 6 बजे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि होंगे। राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में 5 नवम्बर को राज्योत्सव के कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। राज्य अलंकरण समारोह एवं राज्योत्सव का समापन 6 नवम्बर को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि होंगे। राज्योत्सव में ख्याति प्राप्त कलाकार रंगारंग और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देंगे। 4 नवम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत संध्या 4.30 बजे से होगी। बालीवुड के प्रसिद्ध पार्श्व गायक शांतुन मुखर्जी (शानु) की प्रस्तुति रात्रि 7.45 बजे से होगी। इससे पूर्व रिखी क्षत्रीय की टीम द्वारा 12 लोक नृत्य की झलकियां, मोहन चौहान एवं साथी द्वारा आदिवृंदम, सुनील सोनी एवं टीम द्वारा क्षेत्रीय नृत्य संगीत तथा विद्या वर्चस्वी द्वारा नाम रामायण की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी तरह 5 नवम्बर को राज्योत्सव में संध्या 5 बजे से पुरानिक साहू द्वारा सांस्कृतिक लहर गंगा, सुरेन्द्र साहू, भोला यादव एवं साथियों द्वारा लोक धुन, मोहन नायडू एवं साथियों द्वारा द मून लाईट रागा, राजेश अवस्थी, आरू साहू एवं नीति मोहन की प्रस्तुति होगी। 6 नवम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत अनुराग शर्मा द्वारा अनुराग स्टार नाईट, मनोज प्रसाद द्वारा इंडियाज गॉट टैलेंट मल्लखंभ, सवि श्रीवास्तव द्वारा जादू बस्तर एवं पवनदीप एवं अरूनिता के पार्श्व गायन की प्रस्तुति होगी। राज्योत्सव के दौरान छत्तीसगढ़ शासन के सभी विभागों द्वारा राज्योत्सव स्थल पर भव्य एवं आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यहां शिल्प ग्राम बनाया जा रहा है, जहां छत्तीसगढ़ के विविध शिल्प प्रदर्शन एवं विक्रय के लिए उपलब्ध होंगे। राज्योत्सव स्थल परिसर में शासकीय विभागों की प्रदर्शनी के लिए विशाल हैंगर (डोम) बनाए गए हैं। हैंगर-एक एवं दो में शासकीय विभागों के स्टॉल लगेंगे, जबकि हैंगर-तीन में वाणिज्यिक संस्थान अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाएंगे। हैंगर-चार में पब्लिक सेक्टर के संस्थानों की प्रदर्शनी लगेगी। राज्योत्सव में शिल्प ग्राम, फूड कोर्ट और मीना बाजार आम लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र होंगे।

# शाह ने झारखंड में भाजपा का घोषणा पत्र जारी किया



पायनियर संवाददाता < रांची
www.dailypioneer.com

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा का घोषणा पत्र जारी किया। इस मौके पर शाह ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर जमकर हमला बोला और युवाओं के कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। रोजगार और पेपर लीक के मुद्दे पर सरकार को आड़े हाथों लेते हुआ उन्होंने कहा कि बेरोजगारी और पेपर लीक से त्रस्त युवा आज भाजपा के साथ अपना भविष्य ढूंढ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हर परीक्षा में पेपर लीक की घटनाएं हुई है। चाहे वो 11वीं जेपीएससी की परीक्षा की हो या फिर जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा या फिर लैब अस्टिटेंट की परीक्षा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आयी तो पेपर लीक माफियाओं को उल्टा लटका के सीधा कर देंगे। शाह ने हेमंत सोरेन से सवाल पूछा कि आपने प्रतिवर्ष 5 लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था। मैं आपसे हिसाब मांगने आया हूं। 25 लाख छोड़िये आप पांच लाख युवाओं की लिस्ट दे दीजिए।उन्होंने कहा इस सरकार से झारखंड के युवा आक्रोशित हैं और आपको ढूंढ रहे हैं। भाजपा ने अपने झारखंड की जनता से वादा किया है कि उनके सरकार आने पर जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा को रद्द करेंगे। साथ ही साथ सभी पेपर लीक मामलों की सीबीआई जांच कराएंगे। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में घोषणा की है कि वे खाली पड़े सभी 2 लाख 87 हजार खाली पदों को भरेंगे। साथ ही 5 लाख स्वरोजगार के अवसर प्रदान करेंगे। पार्टी का यह भी वादा किया है कि 2 साल तक हर युवाओं को प्रति माह 2-2 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि देंगे। भाजपा ने यह भी वादा किया है कि बीएड, नर्सिंग और अन्य पाठ्यक्रमों की सरकारी संस्थानों में मुफ्त शिक्षा मिलेगी। साथ ही साथ निजी संस्थानों में ट्यूसन फी माफ होगी।फूलो झानो पढ़ो बीटिया योजना के तहत गरीब और पिछड़े वर्ग की बेटियों को केजी से पीजी तक की मुफ्त शिक्षा देंगे। झारखंड को कौशल विकास के हब के रूप में विकसित करेंगे। इसके तहत 5 लाख युवाओं को ट्रेनिंग और 1 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे। सभी सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण व्यवस्था यथावत रखा जाएगा और ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण बरकरार रहेगा।

## मोदी ने वोत्सवाना के राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर डुमा को दी बधाई

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डुमा बोको को बोत्सवाना का राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर बधाई दी है और उनके सफल कार्यकाल की कामना की है। मोदी ने कहा बोत्सवाना के राष्ट्रपति के रूप में आपके चुनाव पर आपको बधाई। सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ। हमारे द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि 1966 में ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद से सत्ता पर काबिज 'बोत्सवाना डेमोक्रेटिक पार्टी' (बीडीपी) संसदीय चुनावों में करारी हार का सामना करना पड़ा। घोषित परिणामों में मुख्य विपक्षी दल 'अम्ब्रेला फॉर डेमोक्रेटिक चेंज' ने जीत दर्ज की।

## मुख्यमंत्री ने बलरामपुर सड़क दुर्घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बलरामपुर जिले में हुई सड़क दुर्घटना में मृतकों और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराने के साथ-साथ घायलों के उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। गौरलतब है कि बलरामपुर जिले के राजपुर-कुसमी मुख्य मार्ग में ग्राम बुढ़ाबगीचा लडुआ के पास सड़क दुर्घटना में 8 लोगों की मृत्यु हो गई है।

## मोदी सरकार की शिक्षा नीति से भारत विश्व गुरु बनने की राह पर : सोनोवाल

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



पत्तन, पोते परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा है कि देश में शिक्षा क्षेत्र में जबरदस्त सुधार हुआ है तथा इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की अहम भूमिका है जिसने भारत को 'विश्व गुरु' बनने की राह पर अग्रसर किया है। सोनोवाल ने डिब्रूगढ़ में असम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के 78वें और डिब्रू कॉलेज के 62वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान छात्रों से बातचीत में कहा कि समाज में वैज्ञानिक सोच विकसित करने में हर डॉक्टर की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। असम मेडिकल कॉलेज की विरासत सुरक्षित हाथों में है और उन्हें पूरा भरोसा है कि इस विरासत को आगे बढ़ाकर लोगों के जीवन को शारीरिक और मानसिक रूप से समृद्ध बनाया जा सकेगा। असम मेडिकल कॉलेज को आदम तथा पूर्वोत्तर का गौरव बताते हुए उन्होंने कहा कि विश्व स्तर के डॉक्टर और शोधकर्ता बनने में इस कॉलेज की प्रतिभाओं को निखारा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कॉलेज के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए असम सरकार से 300 करोड़ रुपये की सहायता के अलावा क्षेत्रीय सांसद के रूप में वह इसकी क्षमता को बढ़ाने में योगदान देने को प्रतिबद्ध है। समकालीन चिकित्सा पद्धति में उत्कृष्ट बताते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सदियों पुरानी पारंपरिक औषधीय प्रणाली तन और मन को स्वस्थ बनाने में कारगर सिद्ध हुए हैं। दुनिया को भारत ने योग दिया है जो पूरी मानवता के स्वास्थ्य और मन को स्वस्थ बना रहा है।

### जयपुर को स्वच्छता में देश के टॉप तीन शहरों में लाने के हो प्रयास : दिया कुमारी

**जयपुर।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जयपुर के संस्थापक और पूर्व महाराजा सवाई जय सिंह की जयंती के मौके पर स्टेच्यू सर्किल पर दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर जयपुर नगर निगम हेरिटेज की महापौर कुसुम यादव भी मौजूद थी। इस अवसर पर दिया कुमारी ने कहा कि जयपुर को एक नियोजित शहर के रुप में बसाया गया था जो अपने स्थापत्य और चौड़ी सड़कों के लिए विख्यात था और आज भी हम जयपुर शहर की सदियों पर योजनाबद्ध तरीके से बनी सुविधाओं का उपयोग कर रहे है। उन्होंने कहा कि जयपुर अब एक यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज सिटी है और यह हम सब की ज़िम्मेदारी है कि हमे जयपुर की विकास को संजोने का काम करना चाहिए। उन्होंने ज़ोर दे कर कहा कि हेरिटेज को बचाने के साथ ही शहर को स्वच्छ रखने की ज़िम्मेदारी ना केवल सरकार और स्थानीय प्रशासन की है बल्कि शहर के नागरिकों की भी है।





पतंजलि®

**राष्ट्र, गौ माता एवं सनातन धर्म की रक्षा हेतु आह्वान**
**पतंजलि का स्वदेशी अभियान है समाधान**



सुबह से शाम तक ज़िन्दगी की जरूरत का हर सामान राष्ट्रोत्थान की भावना के साथ पतंजलि का उपलब्ध है तो फिर ऑर्डीनरी क्वालिटी के और बहुत सारे घटिया सामान अपने घर में लाकर खुद को और देश को बीमार व लाचार क्यों करें?

**पतंजलि से खुद जुड़ें और कम से कम दस लोगों को जोड़ें।**

नीचे लिखे सारे तथ्य व सत्य करोड़ों लोगों तक पहुचाएँ और अपना योग धर्म, राष्ट्र धर्म और सनातन धर्म निभाएं

**सर्वश्रेष्ठ चुनें** जब सर्वश्रेष्ठ पतंजलि च्यवनप्राश, 100 से अधिक पैरामिटर्स पर खरा पतंजलि हनी और 60 प्रकार के क्वालिटी मापदंडों पर खरा सर्वश्रेष्ठ पतंजलि गाय का घी, मैदा और अनहेल्दी फैट फ्री गाय के दूध से निर्मित पतंजलि दूध बिस्किट, 100% शुद्ध सरसों का तेल, सभी मसाले व आपके रसोई व बाथरूम का हर सामान गुणवत्तायुक्त उपलब्ध है, जैसे सर्वश्रेष्ठ हेयर केयर– केश कान्ति, सर्वश्रेष्ठ डेन्टल केयर– दन्तकान्ति, सर्वश्रेष्ठ स्किन केयर– एलोवेरा, सर्वश्रेष्ठ फ्लोर क्लीनर– गोनाईल आदि फूड व HPC प्रोडक्ट्स उपलब्ध हैं, तो फिर विदेशी कम्पनियों के महंगे एवं अधिकांश केमिकल्स युक्त प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल क्यों करें?

**पतंजलि का राष्ट्र सेवा में योगदान** पतंजलि भारत की एकमात्र ऐसी संस्था है, जिसका मूल सिद्धान्त है अर्थ से परमार्थ (Prosperity for charity)। पतंजलि कम्पनी का अल्टीमेट बेनिफिशियरी देश है। योगऋषि स्वामी रामदेव, पूज्य आचार्य बालकृष्ण सहित पतंजलि के सैकड़ों विद्वान समर्थ संन्यासियों ने अपना पूरा जीवन भारत माता की सेवा में लगाया है। ऐसा उदाहरण किसी भी विदेशी कम्पनी में लेश मात्र भी नहीं मिलेगा। आप इस देश के जागरुक नागरिक होने के नाते सोचिए कि, ईस्ट इण्डिया कम्पनी से लेकर जिन MNC कम्पनियों की लाखों करोड़ रुपये का साम्राज्य यहाँ चल रहा है वो देश के लिए क्या कर रहीं हैं ? बहुत सारी देशी और विदेशी कम्पनियों ने देश के लिए क्या किया यह देशवासियों को अवश्य पूछना चाहिये।



**क्या लिया–क्या दिया का हिसाब** आपने पतंजलि गाय का घी लिया तो हमने लाखों गोवंश की सेवा की। आपने च्यवनप्राश, हनी आदि फूड प्रोडक्ट्स और दन्त कान्ति, केश कान्ति, एलोवेरा जैल प्रोडक्ट्स लिए तो पतंजलि ने विश्व का श्रेष्ठतम गुरुकुल दिया। पतंजलि आचार्यकुलम्, पतंजलि विश्वविद्यालय (NAAC A+), पतंजलि गौशाला, पतंजलि रिसर्च सेंटर आदि हज़ारो करोड़ों की लागत से निर्मित विश्व स्तरीय संस्थानों द्वारा सेवा के कार्य भारत माता की सेवा के लिए, आपके सहयोग, समर्थन व आशीर्वाद से चल रहा है। फिर भी योग, आयुर्वेद, सनातन विरोधी ताक़तें पतंजलि को बदनाम करने के लिए बड़े–बड़े षड्यन्त्र रचते रहते हैं।

**100 करोड़ भारतीयों से आह्वान** योग करें और करायें तथा पतंजलि के स्वदेशी अभियान को पूरी ताकत से आगे बढ़ाएं। हम आपको भरोसा दिलाते हैं कि हम भारत माता और मानवता की सेवा के सैकड़ों कार्यों को आगे बढ़ाते रहेंगे और देश को आर्थिक गुलामी, शिक्षा व चिकित्सा की गुलामी, वैचारिक व सांस्कृतिक पराधीनता, रोग व नशा आदि की दासता मिटा कर एक दिन परम वैभवशाली भारत अवश्य बनाएंगे।

**व्यापार नहीं, उपकार व उपचार कर रहा है पतंजलि** हमने सैकड़ों रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन बना के लिवर, किडनी, ब्रेन व हार्ट डिज़ीज़, कैंसर के साथ–साथ बीपी, शुगर, मोटापा, आर्थराइटिस, अस्थमा व वात–पित्त, कफ़, त्रिदोष आदि रोगों से पीड़ित लाखों नहीं करोड़ों लोगों का उपचार करके उपकार का काम किया है। पहली बार हाई इम्पैक्ट के रिसर्च जरनल्स में पतंजलि के रिसर्च पेपर्स को पब्लिश करा कर आयुर्वेद को रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन का दर्जा दिलाया है।

असाध्य रोगों से पीड़ित लोग रोगों से पूर्ण मुक्ति पाने के लिए अपने नज़दीकी पतंजलि केन्द्र पर एक बार अवश्य जायें तथा सात दिनों के लिए हरिद्वार आकर जीवन का कायाकल्प करें। स्वस्थ व्यक्ति भी योग, आयुर्वेद, पंचकर्म, षट्कर्म, नैचुरोपैथी के द्वारा शतायु होने के लिए अवश्य जायें। प्रतिदिन प्रातः 5 से 7:30 व सायं 8 से 9:30 आस्था चैनल पर एवं इण्डिया टीवी पर प्रातः 8 बजे स्वामी जी के लाईव कार्यक्रम को देखकर योग, आयुर्वेद व सनातन धर्म के शाश्वत मूल्यों व सिद्धांतो को सीखें।

**पतंजलि वेलनेस व योगग्राम में ट्रीटमेंट के लिए कॉल करें:**
**8954666111, 8954666222, 8954666333**
(कॉल करने का समय प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक)

छठ पूजा तक 20% की स्पेशल डिस्काउंट पायें

आस्था LIVE | INDIA TV


## तोखन साहू ने झारखंड के चतरा विधानसभा के नगर कार्यालय का किया उद्घाटन

# विजय संकल्प सभा को केंद्रीय मंत्री शाह एवं राज्यमंत्री तोखन साहू ने किया संबोधित

पायनियर संवाददाता < झारखण्ड
www.dailypioneer.com




सिमरिया के खादी ग्रामोघोग मैदान में आयोजित विजय संकल्प सभा को गृहमंत्री अमित शाह ने संबोधित किये इस दौरान उन्होंने सिमरिया विधानसभा के प्रत्याशी उज्जवल दास एवं चतरा विधानसभा के प्रत्याशी जनार्दन पासवान के विजयी बनाने की अपील किये। साथ ही उन्होंने कहा कि विकसित झारखंड का सपना, भाजपा का संकल्प है। आदिवासी भाई बहनों को यूसीसी से बाहर रखा जाएगा, किन्तु यूसीसी लागू अवश्य होगा क्योंकि ये घुसपैठियों की बढती आबादी पर नियंत्रण और आदिवासी संस्कृति की रक्षा का जरिया है। भाजपा द्वारा आदिवासी महिला को देश का राष्ट्रपति और आदिवासी समाज के नेताओं को छत्तीसगढ़, उड़ीसा राज्यों का मुख्यमंत्री बनाने का फैसला कांग्रेस को पसंद नहीं आता। इस दौरान केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं सिमरिया, चतरा विधानसभा के प्रभारी तोखन साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी माटी, रोटी और बेटी की रक्षा के लिए संकल्पित है । हेमंत सोरेन सरकार वोट बैंक के लालच में घुसपैठियों का तुष्टीकरण कर आदिवासी महिलाओं की अस्मिता से खिलवाड़ कर रही है। भाजपा इन सभी घुसपैठियों को बाहर करेगी। साथ ही, महिलाओं को प्रति माह 2100, प्रति वर्ष 5 लाख स्वरोजगार के अवसर, 2.87 लाख सरकारी नौकरी, स्नातक-स्नातकोत्तर युवाओं को 2000 प्रति माह भत्ता और आदिवासी धरोहरों के विकास के लिए भाजपा संकल्पित है। इस दौरान कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह सहित नेतागण उपस्थित रहे। केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू चतरा विधानसभा में यादव समाज के बैठक में सम्मिलित होकर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का अपील किये । इस दौरान अमन यादव, राकेश यादव, विनय जायसवाल, बिंदेश्वर साहू एवं समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे इस दौरान झारखंड के 25 साल पर भाजपा के 25 संकल्प पर सार्थक चर्चा किये। केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने झारखंड के चतरा विधानसभा के नगर कार्यालय का उद्घाटन किये साथ ही चुनावी रथ को हरी झण्डी दिखाकर देवतुल्य कार्यकर्ताओं को संबोधित किये।

# जैव विविधता संरक्षण की संशोधित राष्ट्रीय रणनीति 2030 तक क्षरण पर पूर्ण विराम का लक्ष्य

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारत ने कोलंबिया में आयोजित जलवायु सम्मेलन में अपने राष्ट्रीय जैव विविधता रणनीति एवं कार्य योजना (एनबीएसएपी) के अद्यतन संस्करण की घोषणा की है, जिसमें देश में 2030 तक जैव विविधता की क्षति पर पूरी तरह विराम लगाने का लक्ष्य है।

संशोधित रणनीति में 2050 तक भारत में मानव जीवन को प्रकृति के साथ पूरे तालमेल के साथ संचालित करने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मामलों के मंत्रालय द्वारा रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मंत्रालय में राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कोलंबिया के कैली में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में शामिल सदस्य देशों के सम्मेलन कॉप-16 के दौरान एक विशेष आयोजन में इस विषय पर भारत की एनबीएसएपी का अद्यतन संस्करण जारी किया।



सिंह ने कुनमिंग- मोंट्रियल वैश्विक जैव विविधता संधि (केएमजीबीएफ) के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा के बारे में सदस्य देशों की भागीदारी पर चर्चा के लिए आयोजित इस विशेष सत्र में भारत की रणनीति और कार्य योजना के संशोधित संस्करण को प्रस्तुत किया।

सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जैव विविधता के संरक्षण के क्षेत्र में भारत की नई रणनीति और कार्य योजना में पूरी सरकार और पूरे समाज की भागीदारी पर केंद्रित सोच को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा है कि भारत अपनी राष्ट्रीय परिस्थितियों, प्राथमिकताओं और क्षमताओं के अनुसार जैव विविधता संरक्षण के राष्ट्रीय लक्ष्यों को (एनबीटी) जलवायु सम्मेलन के समक्ष पहले ही रख चुका है। सिंह ने कहा है कि जैव विविधता के संरक्षण के मामले में भारत की प्रतिबद्धता का दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। भारत की नई रणनीति और कार्य योजना में वर्तमान परिस्थितियों के कायाकल्प और परिस्थितिकीय प्रणाली आधारित दृष्टिकोण को शामिल किया गया है।

उन्होंने कहा कि इसके क्रियान्वयन में जमीनी स्तर पर प्रयास और जैव विविधता को राष्ट्र की मुख्यधारा में लाने, संबंधित क्षेत्र में समन्वय और विभिन्न एजेंसियों में सहयोग का दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। कॉप-16 में जैव विविधता पर विशेष सम्मेलन को कोलंबिया के पर्यावरण उपमंत्री मॉरीशियो कैबरे, वहां की बहुपक्षीय मामलों की उप मंत्री कैन्दिया ओबेजो तथा सीबीडी की कार्यकारी सचिव शुमाकर और अन्य गणमन व्यक्तियों ने भाग लिया।

# युवा, नारी, किसान और गरीब को सम्पन्न बनाना ही है लक्ष्य : यादव

एजेंसी ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिये एक जनवरी से 4 नये मिशन प्रारंभ करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दशकों से उपेक्षा के शिकार रहे समाज के विभिन्न वर्गों के जीवन को बदलने का संकल्प लिया है। हमारी सरकार युवा, नारी, किसान और गरीब वर्ग के आर्थिक सशक्तिकरण के जनवरी-2025 में मिशन मोड में प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य करने जा रही है। आधिकारिक जानकारी में डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं, नारी, किसानों और गरीबों के अभावग्रस्त जीवन के आर्थिक उन्नयन के साथ उनमें आत्म-विश्वास भरने और उनके जीवन को बेहतर बनाने का संकल्प लिया है। मध्यप्रदेश सरकार इन वर्गों के आर्थिक विकास के लिये ठोस पहल कर रही है। प्रदेश में एक जनवरी 2025 से 4 मिशन- युवा शक्ति मिशन, गरीब कल्याण मिशन, किसान कल्याण मिशन और नारी सशक्तिकरण मिशन प्रारंभ किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को पूरा करने की पहल करने वाला मध्यप्रदेश पहला राज्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा शक्ति मिशन में युवाओं को रोजगार, कौशल विकास और नेतृत्व के अवसर प्रदान कर सशक्त बनाने का कार्य किया जायेगा। गरीब कल्याण मिशन में गरीब और वंचित वर्गों को सामाजिक सुरक्षा, रोजगार और बुनियादी सुविधाएँ प्रदान की जायेंगी। नारी सशक्तिकरण मिशन में महिलाओं को आत्म-निर्भर बनाने के साथ उन्हें आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से सशक्त बनायेंगे। किसान कल्याण मिशन में किसानों की आय में वृद्धि करने के साथ कृषि को और अधिक लाभकारी व्यवसाय बनाने का लक्ष्य रखा गया है। डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश में लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को साकार करने के लिये वर्तमान वित्तीय वर्ष में साढ़े 3 लाख करोड़ से अधिक राशि का लोक कल्याणकारी बजट पारित किया गया। सरकार ने तय किया है कि आने वाले वर्षों में बजट को दोगुना किया जायेगा। सरकार का प्रयास है कि प्रदेश को सशक्त बनाने के लिये किये जाने वाले कार्यों में जनता की सहभागिता सुनिश्चित रहे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को देश में अग्रणी राज्य बनाने में प्रदेश की जनता का विश्वास हमें संबल प्रदान करता है। हमारे साढ़े 8 करोड़ प्रदेशवासी मिलकर विकास की दिशा में जब काम करेंगे, तो विकास के नये आयाम प्रदेश में रचे जायेंगे।

## विन्ध्य की प्रतिभाओं का भोपाल में होगा सम्मान

**भोपाल।** बघेल खंड सांस्कृतिक भवन ट्रस्ट द्वारा बघेलखंड भवन भोपाल में आगामी 5 नवंबर को विन्ध्य क्षेत्र की उन प्रतिभाओं का सम्मान किया जा रहा है जो संघ लोक सेवा आयोग, प्रदेश लोक सेवा आयोग तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से चयनित होकर प्रदेश में विभिन्न पदों पर पदस्थ हैं। जारी एक विज्ञप्ति में ट्रस्ट के महासचिव कमलाकर सिंह ने बताया कि इसके साथ ही उन प्रतिभाशाली उदीयमान विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में विशेष मुक़ाम हासिल किया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रहेंगे तथा पूर्व मंत्री और पूर्व नेता प्रतिपक्ष तथा विधायक अजय सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

# दिल्ली में आयोजित होगा पहला एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय राजधानी में पांच और छह नवंबर को पहला एशियाई बौद्ध शिखर सम्मेलन (एबीएस) का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन का आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) के सहयोग से किया जा रहा है। इस शिखर सम्मेलन का विषय 'एशिया को सुदृढ़ बनाने में बुद्ध धम्म की भूमिका' है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। संस्कृति मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार शिखर सम्मेलन के माध्यम से पूरे एशिया के विभिन्न बौद्ध परंपराओं के संघ नेताओं, विद्वानों, विशेषज्ञों और चिकित्सकों को एक साथ लाया जाएगा, ताकि संवाद को बढ़ावा दिया जा सके, समझ को बढ़ावा दिया जा सके और बौद्ध समुदाय के सामने आने वाली समकालीन चुनौतियों का समाधान किया जा सके। गौरतलब है कि बौद्ध धर्म भारत और पूरे एशिया के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक इतिहास में एक अद्वितीय स्थान रखता है। इस दौरान एशिया को जोड़ने वाले धम्म सेतु (पुल) के रूप में भारत विषय पर एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। यह शिखर सम्मेलन पूरे एशिया में बुद्ध धम्म की विविध अभिव्यक्ति को एक साथ लाने का एक अनूठा अवसर है। संवाद के माध्यम से, समकालीन चुनौतियों का समाधान करते हुए और बौद्ध विरासत को बढ़ावा देने के लिए, शिखर सम्मेलन का उद्देश्य एक ज्यादा उदार, स्थायी एवं शांतिपूर्ण विश्व में योगदान देना है, जो हमें मानवता के व्यापक कल्याण का पूर्ण आश्वासन देता है।



## खिंगरा गेट फायरिंग का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने खिंगरा गेट फायरिंग की घटना के मुख्य आरोपी को अपराध के 12 घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आयुक्त ने रविवार को बताया कि शनिवार रात 8:15 बजे खिंगरा गेट इलाके में हाथापाई के कारण फायरिंग की घटना हुई थी। उन्होंने बताया कि इस घटना में ऋषभ बादशाह की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जबकि ईशू कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि जांच के दौरान पुलिस ने साहिल कपूर उर्फ मन्नू कपूर ढिल्लू पुत्र राकेश कपूर निवासी खिंगरा गेट जालंधर, साजन सहोता निवासी किशनपुरा जालंधर, मानव निवासी भाई दित्त सिंह नगर जालंधर, नन्नू कपूर पुत्र राकेश कपूर निवासी खिंगरा गेट जालंधर, डॉक्टर कोहली निवासी खिंगरा गेट जालंधर, चकित रंधावा निवासी जालंधर, गग्गी निवासी जालंधर, काका चाचा निवासी जालंधर और कुछ अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी साहिल कपूर उर्फ मन्नू कपूर ढिल्लू को एक देसी पिस्तौल और दो खाली खोखों के साथ गिरफ्तार किया गया है और बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से ही पांच आपराधिक मामले लंबित हैं। स्वपन शर्मा ने बताया कि अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी की जा रही है।

# जालंधर में 594523 मीट्रिक टन धान की आमद, किसानों को 1267 करोड़ का भुगतान

एजेंसी ◄ जालंधर
www.dailypioneer.com

पंजाब में जालंधर के ज़िला उपायुक्त डा. हिमांशु अग्रवाल ने रविवार को धान की चल रही खरीद प्रक्रिया का जायजा लेते हुए कहा कि दो नवंबर तक जिले के किसानों को खरीदी गई फसल का 1267 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। डा.अग्रवाल ने बताया कि शनिवार तक जिले की मंडियों में 594523 टन धान की आमद हुई, जिसमें से 588235 टन फसल विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा खरीदी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि धान खरीद प्रक्रिया को उचित ढंग से चलाने के लिए प्रशासन कोई कमी नहीं छोड़ रहा है और खरीद के साथ-साथ लिफ्टिंग में भी तेजी लाई गई है जिसमें अब तक 214104 टन धान की खरीद की जा चुकी है। उपायुक्त ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा मंडियों में धान की निर्बाध खरीद, समय पर भुगतान और एक साथ लिफ्टिंग के संबंध में जारी निर्देशों का पालन करते हुए संबंधित अधिकारी लगातार खरीद प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि खरीद के बाद धान की लिफ्टिंग एक साथ सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को पहले ही निर्देश जारी किए जा चुके है और आने वाले दिनों में फसल की लिफ्टिंग में और अधिक तेजी लाई जाएगी। उन्होंने खरीद प्रबंधों से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारियों को खरीद, लिफ्टिंग, भुगतान के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा ताकि धान खरीद सीजन को उचित ढंग से चलाया जा सके।

## रितेश पांडेय और प्रियंका सिंह का छठ पूजा स्पेशल गीत चल छठी घाटे हो रिलीज

**मुंबई।** सुपरस्टार रितेश पांडेय और प्रतिभाशाली गायिका प्रियंका सिंह का नया छठ पूजा स्पेशल गीत चल छठी घाटे हो रिलीज हो गया है। चल छठी घाटे हो गीत को जेएमएफ भोजपुरी चैनल पर रिलीज किया गया है, और इसमें छठ मइया की महिमा और भक्ति का खूबसूरत समागम देखने को मिलता है। गीत का संगीत प्रियांशु सिंह ने दिया है, जबकि इसके बोल आर आर पंकज ने लिखे हैं। रितेश पांडेय ने कहा, छठ पूजा का पर्व हमारे समाज में गहरी आस्था और परंपरा का प्रतीक है। इस गीत 'चल छठी घाटे हो' के जरिए हमने छठ मइया की भक्ति और श्रद्धा का अनुभव प्रस्तुत करने की कोशिश की है। प्रियंका सिंह के साथ इस गीत को गाना मेरे लिए खास रहा, क्योंकि छठ पूजा हम सभी के दिल के करीब है।

# श्रीनगर के संडे मार्केट में ग्रेनेड हमला, कई लोग घायल



एजेंसी ◄ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में रविवार को संडे मार्केट स्थित टीआरसी के पास आतंकवादियों ने ग्रेनेड हमला किया जिसमें कई लोग घायल हो गये। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक हमले में 12 से अधिक नागरिक घायल हुए जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। गौरतलब है कि शनिवार को श्रीनगर के खानयार इलाके में सुरक्षाबल और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। मुठभेड़ में जवानों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को निकालने और आतंकियों की तलाशी के लिए पुलिस और अर्धसैनिक बलों को मौके पर भेजा गया है।

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा का पहला सत्र

एजेंसी ◄ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर में 10 वर्ष के बाद विधानसभा का पहला सत्र सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू होगा। अटकलें है कि मुख्यमंत्री एवं नेशनल कांफ्रेस(नेकां) उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला पांच अगस्त, 2019 की कार्रवाई की निंदा करते हुए और अनुच्छेद 370 की बहाली की मांग करते हुए प्रस्ताव पारित कर सकते हैं। दरअसल नेकां ने चुनावों के दौरान 'अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35 ए की बहाली' के लिए प्रस्ताव लाने का वादा किया था। अन्य दलों ने इस तरह के प्रस्ताव को पारित करने के लिए नेकां पर दबाव बनाया है। नेकां की गठबंधन सहयोगी - कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और




सरकार को समर्थन देने वाले निर्दलीय उम्मीदवार - सत्र के लिए अपनी रणनीति तैयार करने के लिए शाम एक विधायी बैठक कर रहे हैं। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में वर्ष 2018 से ही निर्वाचित सरकार नहीं है। इस दौरान पूर्व राज्य का विभाजन करके उसे केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया था। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा सदन के नवनिर्वाचित सदस्यों को संबोधित करेंगे। सत्र के दौरान अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों के लिए चुनाव होगा। भारतीय जनता पार्टी ने सुनील शर्मा को विपक्ष का नेता चुना और नरेंद्र सिंह को उपाध्यक्ष पद के लिए पार्टी का उम्मीदवार बनाया। ईदगाह निर्वाचन क्षेत्र से नेकां के विधायक मुबारक गुल को अध्यक्ष चुने जाने तक कार्यवाही की देखरेख के लिए प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया। अधिकारियों ने बताया कि सत्र के सुचारू संचालन के लिए विधानसभा परिसर में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। श्रीनगर के डाउनटाउन इलाके में शनिवार को हुई मुठभेड़ के बाद, जिसमें लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का एक विदेशी कमांडर मारा गया और चार सुरक्षाकर्मी घायल हो गए, विधानसभा सत्र से पहले शहर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सुरक्षा बलों ने विधानसभा परिसर की ओर जाने वाली सड़कों पर जांच चौकियां स्थापित की हैं तथा किसी भी प्रकार की दुर्घटना मुक्त सत्र सुनिश्चित करने के लिए वाहनों की आकस्मिक जांच की जा रही है।

## विजय पुरा की हुई विजय, किसानों से माफी मांगे कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व : बंसल

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कर्नाटक में वक्फ भूमि विवाद के मुद्दे पर कांग्रेस नेतृत्व से किसानों से माफी मांगने की मांग की है। बंसल ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ÷जब जिहादी मानसिकता की पोल खुली तो कर्नाटक कांग्रेस को मुँह की खानी पड़ी!! कट्टरपंथियों को कैबिनेट में रखोगे तो कुकर्म करेंगे ही! गैर मुस्लिमों की, विशेषकर किसानों की, उपजाऊ भूमि को चोरी छुपे रातों रात वक्फ के नाम करने के षड्यंत्रों के उजागर होते ही राज्य की कांग्रेस सरकार बेनकाब हो गई। उन्होंने कहा, ÷मां भारती की पवित्र



भूमि को जिहादी बोर्ड के कब्जे में देने के अपने निर्णय को तो उसने वापस ले लिया, किंतु उन सैकड़ों निर्दोष पीड़ित परिवारों को उस गंभीर पीड़ा की क्षतिपूर्ति कैसे करेगी सरकार!! पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को इस षड्यंत्र में शमिल मंत्री को मंत्रिमंडल से बाहर निकलकर उन सभी किसानों तथा अन्य भू स्वामियों से करबद्ध क्षमा याचना करनी चाहिए, जो एक लंबे समय से इस आर्थिक व मानसिक प्रताड़ना के शिकार रहे।

### कहा- ये लोग यहां का बेटा, आदिवासी - मूलवासी को हटाना चाहते हैं

# झारखंड में ना एनआरसी लागू होगा ना यूसीसी, यहां सीएनटी और एसपीटी रहेगा : हेमन्त सोरेन

एजेंसी ◄ रांची
www.dailypioneer.com

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यहां ना यूसीसी लागू होगा ना एनआरसी होगा और यहां सिर्फ सीएनटी एसपीटी होगा। सोरेन ने गढ़वा में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ये लोग घर परिवार को तोड़ने में लगे हैं। उनके आगे विषधर भी असफल है। इन लोगों से बच के रहना है। 5 वर्ष के दौरान हम लोगों ने कितनी चुनौतियों का सामना किया या आप सभी ने देखा है। उन्होंने गढ़वा में जेएमएम प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि जुमलाबाज भाजपा के लोग यहां आने वाले हैं।



ये लोग यहां का बेटा, आदिवासी - मूलवासी को हटाना चाहते हैं। जब हम लोग आपके लिए काम करना यहां शुरू किया। सरकार गठन के बाद तो इन लोगों ने झूठे आरोप में मुझे जेल में डाल दिया। इन्हें यहां के आदिवासी-मूलवासी दलित, पिछड़ों से कोई मतलब नहीं है। उन्हें यहां से मतलब है तो यहां के खनिज संपदा से मतलब है और झारखंड के खनिज संपदा का 1 लाख 36000 करोड़ हमारा बकाया ये नहीं दे रहे हैं। सोरेन ने बताया यहां की माता बहनों के सम्मान में हम आर्थिक सहयोग कर रहे हैं। आने वाले 5 वर्ष में हर घर में एक लाख रुपये पहुंचने का काम करेंगे और हम लोगों ने कानून बना दिया है कि जिनके खाते में रु. 1000 जा रहा है। इन्हें अगर मौका लग गया तो यह आपके शरीर से कतरा कतरा खून निकाल लेंगे। 5 वर्ष से ये सत्ता से बेदखल हैं। भारतीय जनता पार्टी का पेड़ सूखते जा रहा है। आने वाले समय में फिर 5 साल तक इन्हें बाहर करेंगे और इन्हें जड़ से उखाड़ कर देख देंगे। सोरेन ने कहा ये लोग कहते हैं जेपीएससी और सीजेएल परीक्षा के जरिए हुई नियुक्ति का सीबीआई से जांच करेंगे। हमने सीजीएल परीक्षा की पूरी जांच कर ली है। लोग चिन्हित हो चुके हैं, जिन्होंने गड़बड़ी करने की कोशिश की, गड़बड़ी तो कर नहीं पाए और लेकिन पकड़े जा चुके हैं चुनाव समाप्त होते ही वे सभी जेल जाएंगे। उन्होंने कहा इन लोगों ने हमारे कार्यकाल को पूर्ण नहीं होने दिया। एक माह हमारा कार्यकाल बचा हुआ था। इन्होंने एक माह पूर्व चुनाव करा दिया। इन्हें पता था कि एक अगर माह मैं और यहां के लोगों के कार्य कर दिया तो इनकी पूरी तरह से भद्द पीट जाएगी। सोरेन ने केंद्रीय गृहमंत्री को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि इनके गृह मंत्री ने कहा है कि नक्सलवाद खत्म कर देंगे। हम पूछना चाहते हैं तो अगर नक्सलवाद खत्म नहीं हुआ तो जो पांच चरण में होने वाले चुनाव को दो चरण में कैसे करा रहें हैं। इससे साफ संकेत है कि इस राज्य में नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म हो चुका है। आने वाला समय बताएगा झूठ क्या है और सच क्या? सोरेन ने कहा ये लोग बांग्लादेशी घुसपैठ की बात करते हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि देश के प्रधानमंत्री जब वे शपथ ग्रहण कर रहे थे तो संविधान किताब पर माता में ठोक रहे थे। आप बोल रहे थे कि देश संविधान से चलेगा। कायदे कानून से चलेगा। उन्होंने कहा कि हर वर्ग, हर समाज को हक अधिकार मिलेगा। मैं यह जानना चाहता हूं कि बांग्लादेश के साथ अंदर ही अंदर कोई समझौता है क्या? बांग्लादेश के पूर्व प्रधानमंत्री का अपने यहां प्लेन उतारने क्यों उतारने दिया? उसे किस आधार पर शरण दे रखा है? यह बताइए झारखंड में बिजली उत्पादन होता है और बांग्लादेश में सप्लाई करते हैं और बांग्लादेशी घुसपैठ की बात करते हैं।

# ग्राम प्रधान प्रतिनिधि और साथियों को हिरासत में लेकर किया गया चालान

एजेंसी ◄ रायबरेली
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के रायबरेली के नसीराबाद इलाके में गांव प्रधान प्रतिनिधि और उसके 5 अन्य साथियों के खिलाफ नशे की हालत में आयोजित नौटंकी के दौरान अराजकता फैलाने व अभद्र व्यवहार के आरोप में हिरासत में लेकर चालान किया गया है। पुलिस सूत्रों से रविवार को मिली जानकारी के अनुसार नसीराबाद इलाके के ग्राम कपूरपुर में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि को अवैध नौटंकी आयोजन के दौरान अभद्रता और अराजकता फैलाने के आरोप में उनके 5 साथियों के साथ हिरासत में लेकर चालान किया गया है। बताया गया कि यहां बिना अनुमति नौटंकी का आयोजन किया जा रहा था, जहा गांव प्रधान प्रतिनिधि सुशील शर्मा पुत्र सोमनाथ के ऊपर गांव वालों ने नशे की हालत में अभद्र व्यवहार और अराजकतापूर्ण व्यवहार बनाने का आरोप लगाया । इस कारण डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी गयी। जब सूचना पर पहुंची पीआरपी के जवानों ने आरोपियों को पहले समझाने बुझाने का प्रयास किया तो इसके बावजूद वे अपनी हरकतों से बाज नही आये, जिसके उपरांत पुलिस ने सुशील शर्मा व उनके 5 साथियों के खिलाफ शांति भंग का मामला दर्ज करते हुए चालान किया और मेडिकल हेतु उन्हें भेज दिया। इस मामले में आरोपियों पर अन्य आरोपो की जांच भी की जा रही है। हालांकि प्रधान प्रतिनिधि ने उल्टे पुलिस पर ही दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है जिसका पुलिस द्वारा खंडन किया गया है।

## शाहजहांपुर में जेल में बंद भाइयों के साथ मनाया बहनों ने भाई दूज का त्योहार

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर के जिला कारागार में आज भाई बहन के रिश्ते का पवित्र त्योहार भैया दूज मनाया जा रहा है। रविवार का दिन होने के कारण यूं तो छुट्टी का दिन है लेकिन भाईदूज के कारण मुलाकात बंद नहीं रखी गई है। जेल अधीक्षक मिजली लाल ने सोमवार को यूनीवार्ता को बताया कि भाई दूज के त्योहार पर पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने के लिए अतिरिक्त पुलिस तैनात किया गया है साथ ही साथ कारागार के सुरक्षा कर्मियों को भी ड्यूटी पर लगाया गया है ,जिसमें पुरुष एवं महिला सुरक्षा कर्मी शामिल है। प्रातः 7:00 बजे से ही मुलाकात प्रारंभ कर दी गई है और जैसे-जैसे बहनें कारागार के मुख्य द्वार पर उपस्थित होती जा रही हैं वैसे ही वैसे उनकी मुलाकात बिना इंतजार कराए कराई जा रही है।

# प्रेक्षकों एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली राजनैतिक दलों के अभ्यर्थियों के प्रतिनिधि की बैठक

## 85 से अधिक उम्र के बुजुर्ग एवं दिव्यांगों का 5 एवं 6 नवंबर को कर सकेंगे मतदान

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में सामान्य प्रेक्षक जी. रेखा रानी, व्यय प्रेक्षक कनुप्रिया दमोर एवं पुलिस प्रेक्षक करण शर्मा एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि उप निर्वाचन के दौरान पूरी पारदर्शिता बरती जाएं। कोई भी मतदाता अपने मतदान के पूर्व पहचान पत्र अनिवार्य रूप से रखें। बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। मतदाता बीएलओ से संपर्क कर मतदाता पर्ची ले सकते है। सभी राजनैतिक दलों, रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचन लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देष अनुसार मतदान दिवस एवं मतदान के एक दिन पूर्व मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों के विज्ञापनों का प्रमाणन मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति से अनिवार्य रूप से कराना होगा। राजनैतिक दलों को मतदान के एक दिन पहले और मतदान दिवस के दिन प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों का प्रमाणन जरूरी है। रिटर्निंग आफिसर पुष्पेंद्र शर्मा ने बताया कि सभी राजनैतिक दल के प्रत्याशियों को अपने अपराधिक पृष्ठभूमि की जानकारी देना अनिवार्य है। प्रचार समाप्ति तक तीन बार अपराधिक पृष्ठभूमि की जानकारी दें। प्रत्याशियों के लिए व्यय की सीमा निर्धारित है। रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 85 से अधिक उम्र के बुजुर्गों एवं दिव्यांग 5 एवं 6 नवंबर को मतदान कर सकेंगे। इस बैठक में एसएसपी संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे, रिटर्निंग ऑफिसर पुष्पेंद्र शर्मा एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग का कार्य 5 नवंबर को सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में प्रात: 10 बजे से

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कमांक 51-रायपुर नगर दक्षिण के लिये होने वाले आगामी विधानसभा उपनिर्वाचन-2024 में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के माध्यम से मतदान कराये जाने हेतु भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। मतदान के लिये मशीनों को तैयार करने के क्रम में मशीनों की कमीशनिंग का कार्य 5 नवंबर 2024 समय प्रातः 10.00 बजे से प्रारंभ कर दिया जायेगा, जिसकी सूचना रिटर्निंग आफ्सिर, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-51 जिला रायपुर के द्वारा निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों को दी जावेगी। मशीनों के कमीशनिंग का कार्य रायपुर में सेजबहार स्थित ई-ब्लाक शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में किया जावेगा । मतदान हेतु मशीनों को तैयार करने में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिये निर्माता कंपनी मेसर्स इलेक्ट्रानिक कार्पोरेशन ऑफइंडिया लिमिटेड, हैदराबाद (तेलंगाना) के इंजीनियर नियत तिथि के एक दिवस पूर्व रायपुर पहुंच जाएंगे। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के कमीशनिंग की प्रक्रिया में मेसर्स इलेक्ट्रानिक कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद (तेलंगाना) के इंजीनियरों द्वारा सभी वीवीपैट मशीनों में सिंबल लोडिंग की जायेगी। सभी मशीनों में एक मत डालकर तथा रेण्डम् रूप से चुने गये 5 प्रतिशत मशीनों पर 1000 मत डालकर मॉकपोल किया जायेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-51 रायपुर नगर दक्षिण में निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे कमीशनिंग की प्रक्रिया के अवलोकन हेतु नियत तिथि व समय पर कमीशनिंग परिसर रायपुर सेजबहार में स्थित शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में उपस्थित रहकर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों की कार्य प्रणाली और इसकी निष्पक्षता के संबंध में पूरी तरह आश्वस्त हो।

## सारंगढ़ में राज्योत्सव के अतिथि होंगे प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा



**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि होंगे। यह कार्यक्रम जिला मुख्यालय सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान में 5 नवंबर को दोपहर में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न विभाग के द्वारा प्रदर्शनी आयोजित किया जाएगा। जिले के अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, अंतर्राज्यीय और राज्य स्तर के इच्छुक कलाकार इस कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन 5 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस समारोह के कोरबा में होंगे मुख्य अतिथि



**कोरबा।** राज्य स्थापना दिवस, 2024 के अवसर पर 05 नवम्बर को जिला मुख्यालयों में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले में मुख्य अतिथिगण की सूची सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी कर दी गई है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय कोरबा के ओपन थियेटर घण्टाघर चौक में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## गरियाबंद में सांसद बृजमोहन होंगे राज्योत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि



**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर 5 नवम्बर को जिला मुख्यालय के गांधी मैदान में राज्योत्सव का भव्य आयोजन होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। जिला स्तरीय राज्योत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जायेगी। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति शाम 4 बजे शुरू होगी। शाम 5 बजे मुख्य कार्यक्रम अंतर्गत अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन होगा। शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक नितिन दुबे स्टार नाइट रहेगा। उनके द्वारा शाम 8 बजे छत्तीसगढ़ी एवं भक्ति गीत संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी प्रकार शाम 7 बजे शारद अग्रवाल भी कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। जिला स्तरीय राज्योत्सव में जिले के स्कूली बच्चे भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इसके अंतर्गत शाम 4 बजे से कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय गरियाबंद के बच्चों द्वारा समूह नृत्य, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल गरियाबंद द्वारा बस्तर करमा नृत्य, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद द्वारा सुआ नृत्य, सरस्वती शिशु मंदिर गरियाबंद द्वारा छत्तीसगढ़ी समूह नृत्य, श्रद्धा पब्लिक स्कूल गरियाबंद के बच्चों द्वारा बस्तर परब नृत्य, उत्कृष्ट स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय गरियाबंद द्वारा सरगुजिहा करमा नृत्य एवं सेवा जोहार समूह नृत्य प्रस्तुत की जाएगी।

# छठ पूजा के लिए चलेगी काचीगुडा-दरभंगा स्पेशल ट्रेन, रेलवे ने जारी की तारीख और रूट

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



छठ पूजा के त्योहार के मद्देनजर रेलवे ने यात्रियों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के लिए काचीगुडा-दरभंगा-काचीगुडा के मध्य छठ पूजा स्पेशल ट्रेन की सुविधा शुरू की है। इस विशेष ट्रेन का संचालन यात्रियों को बिना किसी परेशानी के अपने गंतव्य तक पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। ट्रेन नंबर 07691 के तहत काचीगुडा से दरभंगा के लिए यह स्पेशल ट्रेन 3 और 10 नवंबर को सुबह 10 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन विभिन्न स्टेशनों से होते हुए अगले दिन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ठहराव वाले गोंदिया स्टेशन पर 9:10 बजे, दुर्ग पर 11:55 बजे, बिलासपुर पर 2:30 बजे, रायगढ़ पर 4:25 बजे, और तीसरे दिन 1:40 बजे दरभंगा पहुंचेगी। इसी प्रकार, दरभंगा से काचीगुडा के लिए ट्रेन नंबर 07692 के साथ यह ट्रेन 5 और 12 नवंबर को 3:15 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन रायगढ़ स्टेशन पर 3:08 बजे, बिलासपुर पर 5:00 बजे, दुर्ग पर 7:48 बजे, गोंदिया पर 10:20 बजे होते हुए तीसरे दिन 11:45 बजे काचीगुडा पहुंचेगी। इन विशेष ट्रेनों में कुल 22 कोच होंगे, जिनमें एक जनरेटर कार, एक एसएलआरडी, चार सामान्य, आठ शयनयान, पांच एसी थ्री, दो एसी टू और एक एसी फर्स्ट शामिल हैं। छठ पूजा के अवसर पर पुणे-सांतरागाछी-पुणे के मध्य भी एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन की सुविधा प्रदान की गई है। ट्रेन नंबर 01427 के साथ पुणे से सांतरागाछी के लिए यह ट्रेन 30 अक्टूबर की रात 8:50 बजे रवाना हुई। यह ट्रेन गुरुवार को गोंदिया स्टेशन पर 2:05 बजे, दुर्ग स्टेशन पर 4:10 बजे, रायपुर स्टेशन पर 4:50 बजे, बिलासपुर स्टेशन पर शाम 6:55 बजे, रायगढ़ स्टेशन पर रात 9:05 बजे और तीसरे दिन सुबह 7:30 बजे सांतरागाछी पहुंची। सांतरागाछी से पुणे की वापसी यात्रा सांतरागाछी से पुणे के लिए ट्रेन नंबर 01428 के साथ यह ट्रेन 1 नवंबर को शाम 6:00 बजे रवाना हुई। यह ट्रेन रायगढ़ स्टेशन पर 2:50 बजे, बिलासपुर पर 4:45 बजे, रायपुर पर 6:25 बजे, दुर्ग पर 7:20 बजे, गोंदिया पर 9:05 बजे होते हुए तीसरे दिन 3:20 बजे पुणे पहुंचेगी।

## राज्योत्सव के लिए दर्शकों को मिलेगी नि:शुल्क बस सेवा

**रायपुर।** राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर नवा रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय व्यापार परिसर तूता में तीन दिनी राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है । रायपुर शहर से राज्योत्सव स्थल तक जाने और वापस आने के लिए ज़िला प्रशासन द्वारा दर्शकों को 4 से 6 नवंबर तक निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। चार तारीख़ से दोपहर तीन बजे से हर घंटे बसें तूता नवा रायपुर के लिये रवाना होंगी। निःशुल्क बस सेवा रायपुर शहर के रेलवे स्टेशन स्टैंड, कालिबाडी चौक, पचपेड़ी नाका और भाटागाँव नये बस स्टैंड से संचालित होंगी। ऐसी बसों पर 'राज्योत्सव हेतु निःशुल्क बस सेवा' प्रदर्शित रहेगा। रायपुर शहर से बसें दोपहर तीन बजे, चार बजे, पाँच बजे, शाम छह बजे, सात बजे, आठ बजे और रात्रि नौ बजे रवाना होंगी। इसी तरह तूता राज्योत्सव स्थल से रायपुर शहर वापसी के लिए यही बसें शाम चार बजे, पाँच बजे, छह बजे, सात बजे, आठ बजे, रात्रि नौ बजे और अंतिम बस रात्रि दस बजे रवाना होंगी।

# राज्यपाल रमेन डेका को ब्रम्हकुमारी बहनों ने भाई दूज का टीका लगाया

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने मुलाकात कर उन्हें दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी और भाई दूज का टीका लगाकर उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। बहनों ने राज्यपाल को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर जापान एवं फिलिपींस में संचालित प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका ब्रम्हाकुमारी रजनी दीदी, इंदौर केंद्र की संचालिका हेमलता, रायपुर केंद्र की संचालिका सविता बहन सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित थे।



## छत्तीसगढ़ में दिसम्बर 2024 में होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली के लिए एडमिट कार्ड जारी

**रायपुर।** सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा 4 से 12 दिसम्बर 2024 तक रायगढ़ स्टेडियम, रायगढ़ में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट/स्टोर कीपर व अग्निवीर ट्रेड्समेन (दसवी व आठवी) का आयोजन किया जाएगा। सेना द्वारा 22 अप्रैल 2024 से 03 मई 2024 तक ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया गया था। ऑनलाइन परीक्षा में उतीर्ण उम्मीदवार शारीरिक दक्षता सहित और अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग ले सकेंगे। रैली में भाग लेने वाले योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र और उनकी ई-मेल पर भेज दिया गया है। भर्ती में हिस्सा लेने के लिए एडमिट कार्ड व सभी कागज रैली अधिसूचना के अनुसार और साथ में आधार कार्ड से लिंक मोबाइल भी लेकर आना अनिवार्य है। रैली संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर (छ.ग.) शहीद वीर नारायण सिंह अन्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास अथवा टेलीफोन नम्बर 0771-2965212 पर संपर्क किया जा सकता है।



**रायपुर।** अनंत विभूषित उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामीः 1008 अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती महराज के दर्शन करने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत एवं पीसीसी चीफ दीपक बैज।

## राज्यपाल रमेन डेका से छत्तीसगढ़ विधान सभा के ओएसडी विक्रम सिसौदिया ने सौजन्य भेंट की

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में छत्तीसगढ़ विधान सभा के विशेष कर्त्तव्य अधिकारी (ओएसडी) विक्रम सिसौदिया सहपत्नीक सौजन्य भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं दी। डेका ने भी उनको दीपावली की शुभकामनाएं दी।



# 5 नवम्बर को राज्योत्सव में रहेगी छत्तीसगढ़ी लोक गायक संजय सुरीला की धूम, राज्योत्सव में दिखेगी विकास की झलक

## कलेक्टर शर्मा ने लिया ज़िला स्तरीय राज्योत्सव की तैयारियो का जायजा

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के बेसिक स्कूल मैदान में आगामी 05 नवम्बर को जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह का आयोजन किया जा रहा है। राज्योत्सव का आयोजन पूर्ण गरिमा के साथ किया जाएगा। राज्योत्सव में छत्तीसगढ़ी लोक गायक संजय सुरीला सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। स्थानीय स्कूली बच्चों द्वारा भी शानदार एवं रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। राज्योत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा विकास पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जहॉ विकास की झलक दिखेगी। इसके अलावा अन्य संस्थानों द्वारा भी अपने उत्पादों की बिक्री या प्रदर्शन के लिए स्टॉल लगाये जा रहे है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बेसिक स्कूल मैदान पहुंचकर राज्योत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। इससे पहले जिला पंचायत के सभागार मैं अधिकारियों की बैठक भी ली। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों द्वारा विकास पर आधारित लगाई जा रही जीवंत विकास प्रदर्शनी के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होने कहा कि स्टॉल राज्योत्सव के गरिमा के अनुरूप होनी चाहिए। लोकसभा संसद महासमुंद रूपकुमारी चौधरी मुख्य अतिथि होंगी। ज़िला स्तरीय राज्योत्सव का शुभारम्भ 5 नवम्बर को शाम 6 बजे होगा। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी नरवा, गरूवा, घुरूवा, बारी योजना को रेखाकिंत करते हुए स्टॉल लगेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग को बच्चों एवं महिलाओं के सुपोषण के लिए पौष्टिक व्यंजनों पर आधारित स्टॉल लगाने कहा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जल जीवन मिशन के कार्यो पर आधारित स्टॉल लगाने के निर्देश दिये जहां जल जीवन मिशन के झलक दिखेगा। जनसंपर्क विभाग की विकास आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने राज्योत्सव सफल, सुव्यवस्थित आयोजन के लिए ज़िला अधिकारियों को दायित्व सौंपें है। सी ई ओ जिला पंचायत नोडल अधिकारी होंगे। एडीएम व एसडीएम सहायक नोडल अधिकारी होंगे। कलेक्टर ने मंच, बैठक व्यवस्था, बैरिकेटिंग, यातायात व्यवस्था, विद्युत, पेयजल, साफ-सफाई और सजावट आदि की व्यवस्था का दायित्व सौपा है। कलेक्टर ने मंच, बैठक व्यवस्था, बैरिकेटिंग, यातायात व्यवस्था, विद्युत, पेयजल, साफ-सफाई और सजावट आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ टेकचंद्र अग्रवाल, एडीएम प्रकाश भारद्वाज, एस डी एम बेमेतरा घनश्याम तंवर वह मुकेश गोड़, नवागढ़, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी वह एसडीओपी मनोज तिर्की उपस्थित थे।

04 Nov. 2024 Pride Of Raipur

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
For online registration Visit: www.makazadpharmcy.com

DYNAMO
Price 72000/- Offer 59,990/- Today Only
ESCAPE EXPLORE EXHILARATE
3 Year Warranty
XL
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं। बाकि आसान किश्तो में पाएं।
निश्चित उपहार प्रत्येक बुकिंग पर 2999/- देकर बुक करें।
आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
कैशबैक 5000/-
सिर्फ 9999/- देकर घर ले जायें
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध
बढ़ती कीमतों से फायदा
CHAWLA ELECTRIC जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर, मो. 87708 96699, 99079 60900

SAVI Arts
ONE STOP SHOP FOR ALL FINE ART ITEMS
Deals In
Resin work and material
Festival decoration
Handmade bandhanwar (Toran)
Diyas
Painting
Crockery items
Tealight holder (Metal/ cloth/ wood etc)
Call Now 8964029818, 8319103510
Savi Arts And Craft Store, Shop No. 4, Business Apartment Near Shankar Nagar, Chowpaty, Beside Post Office, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)

9575261555
VASTU समाधान
दीपक गुप्ता
(PGD In Vaastu, MBA, MA, LLB, MSW)
(वास्तुशास्त्री एवं अंक वास्तुशास्त्र)
Life Designer and Mentor
वास्तुशास्त्र- घर, दुकान, ऑफिस, प्लॉक, फैक्टरी, कारखाना का नींव से लेकर निर्माण तक संपूर्ण वास्तु।
अंक वास्तुशास्त्र- हस्ताक्षर वास्तु, नाम स्पलिंग वास्तु मोबाईल नंबर, घर का नंबर, कार एवं अन्य किसी भी प्रकार के नंबर अंक से जीवन में सुख शांति, सफलता और संपन्नता प्राप्त करने के अचूक सरल उपाय।
पता- उषा इस्टेट, B8/6 फ्लोर, पंडरी मोवा ब्रिज के बगल में, रायपुर

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है ?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईब देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है ?
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करे -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

बेचना है
रायपुर से 12 किलोमीटर पाटन के बेहतरीन लोकेशन वॉल्फोर्ट ग्रीन के पीछे कोपडीह खुडमुड़ा रोड पर कमर्शियल काम्प्लेक्स, घर एवं गोडाउन बनाने हेतु पूर्व दिशा में 2250 Sqft फीट 58 का फ्रंट प्लाट 1050/- फीट एवं अभनपुर में विशाखापट्टनम रोड से वॉकिंग डिस्टेंस नगरसीमा अंतर्गत 1000 फीट प्लॉट बेचना है।
मो. 8770262964

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्यज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्यज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

# ग्रामीण परिवेश का मजाः जो शहर से बाहर नहीं जा सकते, वह बिता रहे हैं सुकून भरे पल

## वेकेशन की नई डेस्टीनेशन बने श्रद्धा सुमन फार्म हाउस

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



पाधापी के बीच कई ऐसे अवसर भी आते हैं कि ज्यादा दिन की छुट्टी नहीं मिल पाती है और शहर से बाहर लोग नहीं जा पाते हैं ऐसे में शहर में छुट्टी बिताने का नया स्थान फार्म हाउस होता जा रहा है लोग अपने फार्म हाउस में छुट्टी का आनंद ले रहे हैं इसके जरिए वे खुद को सुकून महसूस कर ही रहे हैं,बच्चों को भी प्रकृति के करीब ले जाने का प्रयास कर रहे हैं इन फार्म हाउस में एक-दो दिन बिता रहे हैं युवा व्यापारी या बच्चे यहां आकर अपनी थकान या उबाऊपन से निजात पा रहे हैं फार्म हाउस को सर्व सुविधायुक्त बनाया गया है ऑर्गेनिक खेती के साथ प्राकृतिक परिवेश बनाए रखने के लिए गाय खरगोश आदि भी पाला गया है। डोटोपार गांव में स्थित श्रद्धा सुमन फार्म हाउस जो शहर से कुछ ही किलोमीटर दूर पर है इसके संचालक श्रद्धानंद अग्रवाल ने बताया अक्सर परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने के लिए हम वहां जाते हैं शहर में हम आरामदायक जीवन तो जीते ही हैं परंतु ग्रामीण माहौल के लिए हमने फार्म हाउस तैयार किया है यहां योग कक्षाएं डी ए वी स्कूल के बच्चे अल्ट्राटेक सीमेंट पब्लिक स्कूल के बच्चे यहां आकर मनोरंजन कर चुके हैं किचन गौशाला फूल औषधि एवं फ्लदार वृक्ष फार्म हाउस में लगाया है गौशाला बैलगाड़ी तख्त लालटेन बच्चों को खेलने के लिए झूले लगाए गए हैं श्रद्धानंद अग्रवाल ने बताया कि वहां किचन डायनिंग एरिया लॉन बाग की सुविधा है फार्म हाउस में कई तरह के फलदार पेड़ लगे हैं परिवार के छोटे आयोजन तो फार्म हाउस में हो जाते हैं हम अपने मित्र मंडली कराके सेवा संस्कार फाऊंडेशन के सदस्यों के साथ शुक्रवार के दिन फार्म हाउस जाते हैं यहां देसी भोजन का आनंद के साथ संगीत का आनंद लेते हैं।

कॉन्टैक्टर जितेंद्र केसवानी ने बताया फार्म हाउस इसलिए बनाया गया है ताकि शहर की भाग दौड़ से दूर कुछ वक्त सुकून भरा पल बिताया जा सके फार्म हाउस में आम जामुन जाम समेत कई प्रकार के फलों के पेड़ लगे हैं रंग बिरंगे फूलों के पौधे लगे हैं इसमें ऑर्गेनिक सब्जियों भी उगाई जाती है वहीं पूरे फार्म हाउस में गुलाब के करीब 60 प्रकार की किस्म लगे हैं एक हवादार हाल है गर्मी में फार्म हाउस में तापमान काफी कम रहता है छुट्टी के अलावा भी हम सप्ताह में करीब दो बार वहां जाते हैं।

# कलेक्टर ने राज्योत्सव तैयारियों का लिया जायजा

## समय पर तैयारी पूर्ण करने अधिकारियों को दिए जरुरी निर्देश

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी ने राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर पण्डित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल मैदान में 5 नवम्बर 2024 को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों क़ा जायजा लिया। उन्होंने मुख्य मंच, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन एवं विभागीय स्टालों की तैयारी क़ा निरीक्षण करते हुए समय पर सभी तैयारी पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने मुख्य मंच निर्माण, लाईट, साउंड, वेरिकेटिंग, व्हीआईपी बैठक व्यवस्था, दर्शक दीर्घा, कलाकारों के ठहरने, भोजन, आवास, पुरस्कार, प्रतीक चिन्ह, प्रचार-प्रसार तथा विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होने कार्यक्रम स्थल में पेयजल एवं स्वास्थ्य व्यवस्था के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में वीवीआईपी एंट्री, आमजनों के लिए प्रवेश एवं स्टालों के लिए अवलोकन हेतु रूट निर्धारित करने तथा पार्किंग व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। इसके साथ ही कलाकारों के विश्राम, ग्रीन रूम व्यवस्था के लिए भी निर्देशित किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल साहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

# आयुर्वेद में आहार से नवाचार विषय पर दिया गया उद्बोधन, जिले में आयोजित किया गया नवम् आयुर्वेद दिवस

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



जिला आयुष विभाग धमतरी द्वारा बीते दिन राधाकृष्ण भवन महालक्ष्मी ग्रींस धमतरी में वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार विषय पर नवम् आयुर्वेद दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक धमतरी डॉ अवध पचौरी ने कार्यक्रम का संचालन किया। शिविर स्थल पर औषध प्रदर्शनी, आयुर्वेद नवाचार के लिए मॉडल, पोस्टर्स एवं आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्षद सुशीला तिवारी एवं कविंद्र जैन ने जिला आयुष अधिकारी डॉ सुरेंद्र चंद्राकर के साथ भगवान धनवंतरी की पूजा.अर्चना कर किया। इस अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें डॉ प्रेमा सिंह द्वारा आयुर्वेद में आहार से नवाचार विषय पर उद्बोधन दिया गया। स्कूल वैलनेस के लिए आयुर्विद्या विषय पर कक्षा नवमीं की छात्रा गरिमा पचोरी एवं कार्य स्थल पर वैलनेस के लिए आयुर्वेद विषय पर डॉ अवध पचौरी द्वारा व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 9 वें आयुर्वेद दिवस पर वैश्विक स्वास्थ्य के लिए नवाचार विषय पर दिए गए उद्बोधन का लाइव प्रसारण किया गया। प्रदर्शनी में सुप्रजा के लिए प्रस्तुत मॉडल डॉ अखिलेश साहू, मिलेट्स का आहार में उपयोग पर डॉ वर्षा देव, विभिन्न प्रकार के बर्तनों का उपयोग करते हुए औषधि एवं आहार के गुण में वृद्धि डॉ रिचा त्यागी, वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार पर डॉ संदीप पटवा ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन डॉ प्रवीण चंद्राकर द्वारा आभार प्रदर्शन कर किया गया।

# सनातनी जन्म से ही सनातनी होता है : दीपक ठाकुर

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



खरतुली ग्राम में महादेव और हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई जिसमें रात्रि में पंडवानी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। मुख्य अतिथि के रूप समाजसेवी दीपक सिंह ठाकुर को आमंत्रित किया गया जहाँ वे अपनी टीम के साथ पहुंचे और डाकेश्वर साहू, महेश कुमार, जतिन देवांगन भी थे। सर्वप्रथम पंडित द्वारा महादेव और हनुमानजी की पूजा अर्चना दीपक सिंह ठाकुर द्वारा करवाई गई एवं आशीर्वाद दिया गया। मंदिर निर्माण समिति द्वारा मुख्य अतिथि के उदबोधन हेतु दीपक ठाकुर को मंच पर आमंत्रित किया गया जहां उन्होंने समस्त ग्रामीण माताओं बहनों और भाईयों को अपने उद्बोधन में कहा कि सनातन धर्म की विशेषता यह है कि कोई भी सनातनी सिर्फ जन्म से ही सनातनी हो सकता है। इस धर्म को धारण नही किया जा सकता। हिन्दू सिर्फ पैदा होता है। दुनिया के अनेकों धर्मों में जो महापुरुषों का जन्म हुआ। किसी ने स्वयं को ईश्वर का पुत्र, किसी ने ईश्वर का दूत बताया। केवल सनातन धर्म ही ऐसा धर्म है जिसमे कृष्ण अवतार में श्री कृष्ण ने कहा कि मैं ही ईश्वर हूँ। अपना विराट स्वरूप का दर्शन करवाया, अपनी छोटी उंगली से गोवर्धन पर्वत को उठा दिया। सृष्टि की उत्पत्ति और अंत भी स्वयं को बताया। यशोदा मईया को अपने मुख में समूचा ब्रम्हांड दर्शन करवाया। ऐसे नारायण रूपी श्री कृष्ण स्वयं समूचा ब्रम्हांड हैं। सनातन संस्कृति, परम्परा, धर्म का पालन ही जीवन मृत्यु की यात्रा को पूरा करने के बाद मोक्ष का द्वार खोलता है। एक सिर्फ हरि नाम ही आपको कलयुग के सारे कष्टों से मुक्ति दिलाकर मोक्ष प्राप्त करवाता है। अंत मे तामेश्वर साहू एवं उनकी टीम द्वारा दीपक ठाकुर को मंदिर निर्माण में उनके द्वारा प्राप्त सहयोग के लिए आभार प्रकट किया गया और भविष्य में सहयोग की अपेक्षा की जिस पर ठाकुर ने अपना सौभाग्य बताया कि इस कार्य में सहभागिता उनके लिए ईश्वरीय आदेश और सौभाग्य की बात है एवं सदैव उनके लिए समर्पित रहने का आश्वासन भी दिया।



**धमतरी।** राज्यपाल रेमन डेका के धमतरी आगमन पर प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने स्वागत किया एवं विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।

# सहकारी समिति कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल चार नवंबर से तीन सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल में शामिल होंगे कर्मचारी

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

आगामी कुछ ही दिनों के बाद शासन के द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी की जानी है और दूसरी ओर सहकारी समिति के कर्मचारियों ने अपने विभिन्न मांगों को लेकर 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान कर दिया है। यदि जल्द ही शासन व कर्मचारियों के बीच मांगों पर सहमति नहीं बनी तो धान खरीदी भी प्रभावित होने की संभावना बन सकती है। राज्य शासन के द्वारा प्रदेशभर में 14 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ करने की तैयारी की जा रही है। जबकि दूसरी ओर छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर प्रदेशभर की सहकारी समिति के हजारों कर्मचारियों ने अपने 3 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कर्मचारियों के द्वारा मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी प्रत्येक समिति को प्रति वर्ष 3-3 लाख रुपए प्रबंधकीय अनुदान राशि प्रदान करने, सेवानियम 2018 में आंशिक संशोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी वर्ष 2023-24 में धान संग्रहण के बाद हुई संपूर्ण सूखत को मान्य करते हुए आगामी वर्ष के लिए धान खरीदी नीति में 16.9 फीसदी सूखत मान्य करने की मांग की गई है। उक्त मांगों को लेकर प्रदेश के सहकारी समितियों के सभी कर्मचारी अपने कार्यालय, उपभोक्ता दुकान सहित समस्त ऑनलाईन, ऑफलाईन कार्यों को बंद रखकर संभाग स्तर पर निर्धारित स्थानों में हड़ताल में शामिल होंगे।

# ग्राम दामाखेड़ा में घटित घटना पर बलौदाबाजार पुलिस की त्वरित कार्रवाई

## घटना में शामिल 16 आरोपियों की गिरफ्तारी एवं 01 किशोर बालक के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला बलौदाबाजार भाटापारा के ग्राम दामाखेड़ा में दीपावली त्यौहार के दौरान गांव में फटाका फोड़ने की बात को लेकर ग्रामीण एकत्रित होकर लाठी- डण्डा के साथ दामाखेड़ा आश्रम में पहुँचे थे जिनके द्वारा अपमानजनक शब्दो का प्रयोग किया गया। जिस पर थाना सिमगा में अपराध क्रमांक 438/ 2024 धारा 191(2), 191(3), 190, 331, 296, 351(3), 298 बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में चश्मदीद साक्षी, गवाहो के कथन एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में दुर्गेश देवांगन, भुवनेश्वर देवांगन, प्रताप साहू, हरि साहू, अजय साहू, राकेश कुमार ध्रुव, चाँद कुमार ध्रुव, आशीष कुमार ध्रुव, रामअवतार ध्रुव, अर्जुन निर्मलकर, देवलाल उ्रमोनू वर्मा, पुरन देवांगन, किशन देवांगन, दुजराम देवांगन, ओमप्रकाश देवांगन, रेखा देवांगन कुल 16 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है एवं 1 किशोर बालक के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई की गई है। ग्राम दामाखेड़ा में शांति व्यवस्था हेतु बल तैनात किया गया है एवं क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में है एवं हालात शांतिपूर्ण है।

# रिश्तों में स्वार्थ नहीं, रखें परमार्थ, यही है सनातन परंपरा संस्कृति का शाश्वत संदेश : विजय मोटवानी

### संबंधों की पवित्रता का पर्व भाईदूज की पार्षद मोटवानी ने नगरवासियों को शुभकामनाएं देते हुए दी बधाई

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



भाई एवं बहन के रिश्तो की पवित्रता का पर्व भाई दूज की नगरवासी सहित क्षेत्र के सभी लोगों को युवा पार्षद विजय मोटवानी ने शुभकामनाएं देते हुए बधाई देकर कहा है कि सनातन परंपरा में संबंधों की पवित्रता का सर्वोत्कृष्ट स्थान है लेकिन वर्तमान समय में समाज में आपसी संबंधों में जो गिरावट आ रही है वह व्यक्तिगत जीवन में नैतिकता का पतन होने के कारण है जिसे फिर से हमारे तीज हमारे त्योहार हमारे धर्म हमारे शास्त्र लौटा सकते हैं आवश्यकता है इस रास्ते पर चलने की आज स्वार्थ के अंधे दौड़ पर रिश्तो की पवित्रता की बलि चढ़ा दी जा रही है व्यक्ति धन, भौतिक विलासिता, झूठे अहंकार मिथ्या पद की दौड़ में अपना सब कुछ गांव पर लगा देता है इन सबको त्याग कर अपने मानव जीवन को परमार्थ के रास्ते पर ले जाते हुए मानव सेवा को अपने जीवन में उतारने का संदेश देता है हमारा भाई दूज और यही आज की आवश्यकता है।

# दावा–आपत्ति 6 नवम्बर तक आमंत्रित

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993, की धारा-30 के प्रावधानों के तहत धमतरी अंतर्गत जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र का निर्धारण उपरांत अधिसूचना का प्रारंभिक प्रकाशन परिशिष्ट-एक में जारी किया गया है। कलेक्टर नम्रता गांधी ने उक्त अधिसूचना को सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत और तहसीलदार कार्यालय में चस्पा कर प्रकाशन का पंचनामा कलेक्टोरेट कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा-30 के साथ पठित छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर नम्रता गांधी द्वारा सारणी के स्तंभ दो में अंकित जिला को स्तंभ तीन में वर्णित निर्वाचन क्षेत्र क्रमांकों में जिनकी सीमा उनके सामने अंकित स्तंभ चार में उल्लेखित अनुसार होगी, विभाजित की गई है। निर्वाचन क्षेत्र का कोई भी वयस्क निवासी सारणी में अंतर्विष्ट किसी बात के संबंध में दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है, तो वह आगामी 06 नवम्बर तक कलेक्टर को लिखित में प्रस्तुत कर सकेगा। बताया गया है कि निर्धारित समय सीमा में प्राप्त आपत्तियों पर विचार कर तत्पश्चात् विनिश्चय प्रकाशित किया जाएगा।

# प्रदेश की कानून व्यवस्था बद से बद्तर होते जा रही है : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राजीव भवन में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था बद से बद्तर होते जा रही है। दीपावली के तीन दिनों में राजधानी रायपुर में 7 हत्यायें हुई है। राजधानी से लगे भिलाई, दुर्ग जिले में 4 हत्यायें हुई है। तीन से चार दिनों में राजधानी क्षेत्र में रायपुर भिलाई में कुल 11 हत्यायें हुई है। जब देश का सबसे बड़ा त्योहार हो तब यह उम्मीद की जाती है, सरकार और पुलिस कानन व्यवस्था को बनाये रखने के लिये अतिरिक्त सतर्कता बरतेगी। उस समय चार दिनों में 11 हत्यायें होना राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। छत्तीसगढ़ की स्थिति तो बिहार, यूपी से भी ज्यादा डरावनी हो गयी है। यह सरकार छत्तीसगढ़ को मणीपुर बनाने पर तुली है। प्रदेश में पहली बार हो रहा कि जातीय आधार पर संघर्ष हो रहा है। राजधानी के सकरी गांव में दंगा हो गया, एक घर में आग लगा दिया गया, वाहनों को जला दिया गया, यदि परिवार वाले गांव छोड़कर नहीं जाते 11 सदस्य का पूरा परिवार घर में जिंदा जल गया होता। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश में अब धार्मिक स्थल भी सुरक्षित नही है। दामाखेड़ा जो कबीर पंथ का दुनिया का सबसे बड़ा तीर्थ स्थान माना जाता है। दामाखेड़ा आश्रम के बाहरी इलाके में 50-60 लोग पहुंचे और आश्रम परिसर में आग लगाने का प्रयास किया। उपद्रवियों ने आश्रम के मुख्य द्वार के पास जलता हुआ बम फेंका, जिससे आग लग गई और परिसर में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद उपद्रवियों ने पत्थरबाजी भी शुरू कर दी, जिसमें आश्रम में मौजूद कई लोगों को चोटें आई। आश्रम के उदित मुनि साहब को टारगेट कर हमला किया गया। अब धार्मिक स्थल सुरक्षित नहीं है तो आम आदमी की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बलौदाबाजार में धार्मिक स्थल पर तोड़फोड़ हुआ सरकार ने ध्यान नहीं दिया। एसपी, कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया। लोहारीडीह में एक आदमी की हत्या के बाद पुलिस की लापरवाही के कारण एक व्यक्ति को जिंदा जला दिया गया। उसके बाद एक की पुलिस प्रताड़ना से मौत हो गयी। सूरजपुर में जनता का आक्रोश सरकार के खिलाफ इतना ज्यादा था कि एसडीएम को मारने भीड़ ने दौड़ा दिया। बलरामपुर के थाने में मौत के बाद महिलाओं ने पुलिस थाने पर हमला किया, महिला आईपीएस पर आक्रमण हुआ। प्रदेश की रोज-रोज घट रही अपराधिक घटनाओं उन घटनाओं के बाद जनता की प्रतिक्रिया यह बताने के लिये पर्याप्त है। प्रदेश में अराजकता का माहौल है। जनता का सरकार पर से पुलिस पर से भरोसा उठ गया है। विपक्ष के रूप में हमने सबसे ज्यादा सवाल कानून व्यवस्था को लेकर सदन से सड़क तक उठाया है, लेकिन सरकार है कि उसकी नींद नहीं टूट रही। विधानसभा घेराव किया, विधानसभा में सवाल उठाया, मुख्यमंत्री निवास घेरा, दर्जनों बार विरोध प्रदर्शन किया, पदयात्रा किया, लेकिन सरकार न जनता की आवाज सुन रही, न ही विपक्ष की आवाज। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि हम मांग करते है कि एसी निक्कमी सरकार को जो लागो के जान माल की रक्षा नहीं कर पा रही उस सरकार के मुखिया और गृहमंत्री को तत्काल पद से हटाया जाये। पत्रकारवार्ता में प्रमुख रूप से संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, प्रवक्ता सत्य प्रकाश सिंह उपस्थित थे।

# अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 ने सर्वाधिक कस्टमर विजिट

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

अमेज़न इंडिया ने बताया कि पूरे एक महीनेतक चलने वाला उसका अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 देश भर मेंग्राहकों, विक्रेताओं और ब्रांड भागीदारों के लिए अब तक का सबसे अच्छा खरीदारी उत्सव रहा है। 24 घंटे के प्राइम अर्ली एक्सेस के साथ एजीआईएफ 2024 का शुभारंभ 27 सितंबर को हुआ था। इसमें ग्राहकों को लैपटॉप, टीवी, स्मार्टफोन, फैशन एवं ब्यूटी, होम डेकोर, अप्लायंसेज, फर्नीचर और ग्रॉसरी जैसी श्रेणियों मेंशीर्ष ब्रांडों के 25,000 से अधिक नए उत्पादों को खरीदने का शानदार मौका मिला। एजीआईएफ 2024 ने विक्रेता की सफलता के कीर्तिमान स्थापित किए और पिछले साल की तुलना में विक्रेताओं की बिक्री में 70% से अधिक की वृद्धि देखीगई, जो एक करोड़ से अधिक थी। ऑनलाइन मार्केटप्लेस ने अपनी फॉस्ट डिलीवरी की क्षमता को और बढ़ाया, पूरे भारत में प्राइम मेंबर्स को 3 करोड़ सेअधिक उत्पाद उसी दिन या अगले दिन डिलीवर किए गए इस प्रकार इसमें पिछ्लेवर्ष की तुलना में 26% की शानदार वृद्धि देखी गई। सौरभ श्रीवास्तव, वाइस प्रेजीडेंट - कैटेगरीज, अमेज़न इंडिया ने कहा अमेज़न का ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 पिछले सभी रिकार्ड तोड़ते हुए भारत का सबसे बड़ा खरीदारी उत्सव बन गया है। रोजमर्रा की जरुरत के सामान से लेकर बड़े-मूल्य की खरीदारी तक, हर चीज के लिए देश भर से यह जबरदस्त उत्साह, अमेज़न इंडिया पर ग्राहकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाता है । एजीआईएफ उत्पादों की विशाल संख्या, आकर्षक मूल्य, फॉस्ट डिलीवरी और निरंतर इनोवेशन के जरिये शानदार खरीदारी अनुभव प्रदान करने के हमारे जुनून का उदाहरण है। हम ऐसेऔर अवसर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो ग्राहकों, विक्रेताओं और भागीदारों केहमारे पूरे इकोसिस्टम के लिए अधिक मूल्य प्रदान करते हैं।

# पुलिस अभिरक्षा में गुरु चंद मंडल की मौत को लेकर कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## दस महीने से छत्तीसगढ़ प्रदेश में हत्या एवं बलात्कार के मामले बड़े: राजेंद तिवारी

पायनियर संवाददाता ✓ बलरामपुर
www.dailypioneer.com




जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा कोतवाली थाने में पूछताछ के दौरान पुलिस अभिरक्षा में गुरु चंद मंडल की मौत एवं प्रदेश के शक्ति जिले के दामाखेड़ा में हुई घटना में कबीर पंथ के लोगों के उपर अकारण हुए हमले को लेकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार को चिर निद्रा से जागते हुए एक दिवस धरना प्रदर्शन किया गया। जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी के द्वारा धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की लापरवाही के कारण जो स्थितियां निर्मित हो रही है वह सर्वनाम है। बेहतर कानून व्यवस्था देने में सरकार अक्षम साबित हो रही है और पुलिस हिरासत में हुई मौत का पूरी तरीके से प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार जिम्मेवार है। मौत की घटनाओं में सही जांच करा कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। तिवारी ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद हत्या और बलात्कार की घटनाएं लगातार बढ़ती चली जा रही है वहीं कानून और व्यवस्था सरकार के नियंत्रण से बाहर हो चुकी है। वहीं जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील सिंह ने कहा कि गुरु चंद मंडल के परिवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार आर्थिक मदद के रूप में एक करोड रुपए नगद एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करें। साथी गुरु चंद मंडल की मौत के मामले में उच्च न्यायालय के सिटिंग जज से जांच कराते हुए दोषी पुलिस कर्मियों को बर्खास्त किया जाए। हिरासत में हुई मौत पर कई प्रश्न खड़े हो रहे हैं इन प्रश्नों का जवाब पुलिस प्रशासन को देना चाहिए। कांग्रेस ही नहीं प्रदेश के आम लोग भी हिरासत में हुई इस मौत पर सवाल खड़े कर रहे हैं? छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी सरकार के लोगो से कानून और व्यवस्था सरकार और पुलिस के नियंत्रण से बाहर हो चुकी है।

डॉ.दिनेश यादव ने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है तब से आय दिन प्रदेश कि जनता का जन जीवन परेशानियों से हो कर गुजर रहा हैं। समर बहादुर सिंह ने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में बढ़ते अपराधों ने आम जनता की चिंता बढ़ा दी है बढ़ते अपराधों की वजह से हम लोग का जीना मुहाल हो गया है। कृपा शंकर ने बलरामपुर पुलिस के कृत्यो और पुलिस के रवैया की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित कराया। धरना प्रदर्शन के दौरान अशोक सिंह राजू, जितेंद्र गुप्ता, लालसाय मिंज, पूर्णिमा कच्छप, सुबासो दिनेश कुजूर, हबीबुल्लाह, जीत गुप्ता, सुनील भगत, अर्जुन यादव, व्यास मुनि यादव, राजा साहू, अमानत खान, अजय नारायण गुप्ता, वसीम खान, राजा साहू व अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# सक्ती का सामुदायिक भवन होगा वातानुकूलित, विधायक प्रतिनिधि गेवाडीन की मांग पर नेता प्रतिपक्ष महंत ने दी 5 लाख की स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद शक्ति में स्थानीय विधायक तथा छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने शहरी क्षेत्र में अपने विधायक के रूप में आम जनता तथा नागरिकों को सुविधा मुहैया करवाने की सोच से अपने प्रतिनिधि के रूप में विगत दिनों पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेश गेवाडीन को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया था, तथा नरेश गेवाडीन ने विधायक प्रतिनिधि नियुक्त होते ही जहां शक्ति शहरी क्षेत्र में आम जनता की सुविधाओं के विस्तार की दिशा में पहल की, तो वहीं उन्होंने नगर पालिका परिषद शक्ति के अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों से चर्चा के बाद शहर के गौरव पर मार्ग पर दशकों पुराने सामुदायिक भवन जो कि नगर पालिका परिषद शक्ति द्वारा संचालित है एवं इस सामुदायिक भवन में वर्ष भर सर्व समाज,एवम धर्म के शादी, विवाह एवं अन्य सरकारी कार्यक्रम भी होते हैं, तथा इस भवन को प्रारंभ में प्रथम तल बनाया गया था तथा विगत वर्षो में इसकी दूसरी मंजिल का भी निर्माण किया गया है. एवं इस भवन में वातानुकलित कमरे नहीं होने के कारण बुकिंग करवाने वाले लोगों को गर्मी के दिनों में दिक्कतें होती थी, जिसे देखते हुए विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन ने डॉक्टर चरणदास महंत से यहां 10 कमरों में एयर कंडीशन लगाने की आवश्यकता बताते हुए मांग की, जिस पर तत्काल महंत जी ने अपने विधायक प्रतिनिधि की मांग को गंभीरता से लेते हुए अपनी विधायक निधि से 500000/-रुपये की स्वीकृति प्रदान की है, तथा दीपावली पर्व पर महंत जी की इस पहल से जहां शक्ति शहर की जनता ने उनका धन्यवाद व्यापित किया है, तो वहीं यह भवन शक्ति जिले के विभिन्न स्थानों के लोगों के उपयोग में आता है।

# समय पर पूरा करना होगा गिरदावरी सत्यापन कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ खैरागढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने गिरदावरी सत्यापन से संबंधित जानकारी ली व आगामी कार्यवाही समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। जिन अधिकारियों की कार्यवाही शून्य है, उन्हें तत्काल कार्यपूर्ण कराने निर्देशित किए। उन्होंने राज्योत्सव के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए सांस्कृतिक कार्यकम एवं अन्य गतिविधियों हेतु उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही आयोजन के दौरान शासन के निर्देशानुसार शासकीय कार्यालयों व्यवस्था करने हेतु सभी अधिकारी को निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने जाति प्रमाण-पत्र की अद्यतन जानकारी ली और समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने कहा। साथ ही लोक सेवा गारंटी की अद्यतन जानकारी को लेकर चर्चा की गई। कलेक्टर ने धान खरीदी को सुगम बनाने, निरीक्षण एवं अन्य कार्यो हेतु अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने हेतु खाद्य विभाग को निर्देशित किया गया। उन्होंने क्षतिपूर्ति भुगतान हेतु जानकारी लेते हुए कहा कि बाढ़ से हुई क्षति की जांच कर नियमानुसार भुगतान करना सुनिश्चित करें। साथ ही अनाधिकृत अनुपस्थिति से संबंधित कर्मचारियों पर की गई कार्यवाही की जानकारी ली गई तथा जिन विभागों में कार्यवाही लंबित है उसे जल्द से जल्द कार्यवाही पूर्ण कर लेने के निर्देश दिये गये। उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणा से संबंधित कार्यवाही पूर्ण नही होने पर पुनः कार्यवाही के लिए पत्रचार करने के लिए निर्देशित किए। बैठक में कलेक्टर वर्मा ने समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि लंबित आवेदनों के निराकरण के लिए तत्काल कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस बैठक में अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र कुमार ठाकुर, सुमन राज, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# अंचल में धूमधाम से मनाया दीपों का महापर्व, घर में पूजा के बाद पहुंचे-मंदिर

## भाई दूज,गौरा-गौरी पूजन विदाई के साथ गौ माता का पूजन-मंदिरों में 56 भोग

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com





धन की देवी मां लक्ष्मी की आस्था में घर-आंगन भी रंगीन लाइटों से रोशन हुए। लोगों ने लक्ष्मी का स्वागत दीपो की श्रृंखला सजाते हुए की। इसके बाद लोग आस-पास के मंदिरों और मठों में आस्था का दीप जलाने पहुंचे। मां-गौरी-गौरा का विवाह रचाने के लिए भक्तों ने रतजगा किया। सुख-समृद्धि के लिए जगह-जगह अन्नकूट पूजा की गई। इसके बाद गौरी- गौरा को नम आंखों से विदाई देते हुए माता गौरी से आशीष लेने महिलाएं दंडवत हुई। दीपोत्सव की धूम इस बार भी अंचल में रही। जहां भक्तों ने जाराध्य देव के दरबार में दीयों की श्रृंखला सजाई, वहीं उत्सव की घड़ी में फ्टाखों की गूंज रही। इससे पहले मंदिर को रंगीब लाइटों से सजाया गया था। मंदिर में इस बार भी भक्तों की भीड़ रही। कुछ इसी तरह का नजारा मां घंटेश्वरी मंदिर, दुर्गा मंदिर, गायत्री मंदिर के साथ सभी मंदिरों में देखने को मिली। श्रीश्याम खाटू मंदिर अर्जुडा में भी भक्तों ने आस्था के वीर जलाने के लिए परिवार के साथ पहुंचे।

### बहन यमुना व यमराज का पर्व

हर साल की तरह भाईदूज को लेकर बहनों ने पौराणिक मान्यता है कि बहन यमुना ने इस दिन अपने भाई यमराज की लंबी आयु के लिए व्रत किया था और उन्हें अन्नकूट का भोजन बिलाया था। कथा के अनुसार यम देवता ने अपनी बहन को इसी दिन दर्शन दिया था। यमराज की बहन यमुना अपने भाई से मिलने के लिए अत्यधिक व्याकुल थी। अपने भाई का दर्शन पाकर यमुना बेहद प्रसन्न हुई थी। यह परंपरा प्रेम के प्रतीक स्वरूप मनाया गया।

### लक्ष्मी नारायण मंदिर में गोवर्धन पूजा

मेन रोड स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में अन्नकूट गोवर्धन पूजा परंपरागत रूप से किया गया। सबसे पहले गौ माता के गोबर से निर्मित गोदार्धन पर्वत की विधिवत पूजा अर्चना की। इसके बाद भगवान की आरती की गई। 156 प्रकार के व्यंजन का भोग अर्पित किया गया। इसके बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

# इनोवा की ठोकर से मोपेड सवार युवक की मौत

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नवागांव वार्ड 01 में इनोवा की ठोकर से मोपेड सवार एक युवक की मौत हो गई। इनोवा चालक मौके से फरार हो गया। घटना शाम 4 बजे की है। बताया जा रहा है कि, मोपेड में तीन युवक सवार थे। अचानक ब्रेक लगने की वजह से उनकी मोपेड धीमी हुई तो पीछे से इनोवा ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े। इस हादसे में एक युवक के सिर पर गहरी चोटें आईं जिसने दम तोड़ दिया। रविवार की शाम शहर के नवागांव वार्ड में एक हादसे में बीड़ी कॉलोनी निवासी अनीश चंद्रिकापुरे की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसके साथ मोपेड में सवार दो अन्य युवक सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि इनोवा ने युवक को कुचल दिया और मौके से आरोपी चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि मृतक अनीश चंद्रिकापुरे अपने एक्टिवा में तीन सवारी था। अचानक ब्रेक लगने के चलते एक्सीडेंट हुआ। दुर्घटना में अनीश के सिर पर गहरी चोटें आई थीं।

### प्रदेश में सबसे गर्म रहा राजनांदगांव

**राजनांदगांव।** जिले का अधिकतम तापमान 34 डिग्री से ऊपर चला गया है। रविवार को जिले का तापमान प्रदेश में सबसे अधिक रहा। नवंबर की शुरुआत में भी गर्मी की इस स्थिति को लेकर पर्यावरणविद चिंतित हैं। इस मौसम का प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। दूसरी लोगों की सेहत पर इसका असर पड़ रहा है। भौगोलिक परिस्थितियों अनुसार मौसम चक्र के बदलने से फसलों और सामान्य जनजीवन पर गहरा असर पड़ सकता है। मौसम केंद्र रायपुर के मुताबिक आने वाले 5 दिनों तक तापमान में बड़े परिवर्तन की कोई संभावना नहीं है। इस तौर पर शीत ऋतु का असर अब भी दूर है। नवंबर में भी गर्मी के हालात मार्च-अप्रैल जैसे हैं। वैज्ञानियों के मुताबिक अभी कोई सिनोप्टिक सिस्टम भी तैयार नहीं हो रहा है जिससे जल्द ठंड बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया जा सके।

# मां की पिटाई करता था पिता, दोनों बेटों ने मिलकर की हत्या

- मोहला थाना क्षेत्र का मामला, आरोपी भाई गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



मां से मारपीट करने वाले पिता की दो बेटों ने मिलकर हत्या कर दी। प्रकरण में मृतक की पत्नी की एफआईआर पर पुलिस ने दोनों भाईयों को गिरफ्तार किया है। घटना की बड़ी वजह मृतक के शराबी होने और घर में उपद्रव करने के तौर पर सामने आई है। परिजनों और पड़ोसियों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी है। एएसपी मयंक गुर्जर ने बताया कि ग्राम कुडुमपारा निवासी हेमसिंह ढाले (40) को शनिवार को घायल अवस्था में अस्पताल लाया गया था जहां उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी सरस्वती ने पुलिस को बताया कि दोपहर दो बजे उसका अपने पति से विवाद हुआ था। जिसके बाद हेमसिंह ने उससे मारपीट की थी। उनके छोटे बेटे संजय ने बीच-बचाव किया जिसके बाद हेमसिंह रंगकठेरा की ओर निकल गया। शाम को हेमसिंह का बड़ा बेटा अभिषेक घर लौटा तो उसे इसकी जानकारी मिली। मां से मारपीट की जानकारी मिलने के बाद अभिषेक अपने भाई संजय के साथ सरिया लेकर हेमसिंह को ढूंढने निकल गया। शाम 7.30 बजे दोनों घर लौटे। मां से उन्होंने कहा कि, अब उनका पिता उन्हें नहीं पिटेगा। आशंकित सरस्वती ग्रामीणों के साथ हेमसिंह को ढूंढने निकली तो रेंगाकठेरा के रास्ते में वह लहूलुहान मिला। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसकी मौत होना बताया। तत्काल इस मामले की सूचना सरस्वती ने पुलिस को दी। पुलिस ने सूचना मिलते ही गांव पहुंचकर दोनों भाईयों अभिषेक (21) और संजय (19) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ थाना मोहला में धारा 103(1), 3(5) बीएनएसएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।


### महाकाल मंदिर में 56 भोग अन्नकूट प्रसादी आज

**राजनांदगांव।** ग्राम सिंघोला स्थित बाबा महाकाल मंदिर में आज 56 भोग की अन्नकूट प्रसादी लगाई जावेगी। बाबा महाकाल के भक्त पवन डागा ने बताया कि उज्जैन की तर्ज पर यहां स्थापित बाबा महाकाल मंदिर में दीपावली पश्चात अन्नकूट की परंपरा अनुसार सिंगोला मंदिर में भी 56 भोग अन्नकूट प्रसादी का आयोजन 04 नवम्बर रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 04 बजे तक रखा गया है। प्रसादी ग्रहण करने की अपील के साथ डागा ने बताया कि ये सभी आम जन हेतु है।

# राज्योत्सव का आयोजन 5 को... ऑडिटोरियम में प्लेबैक सिंगर ऐश्वर्या पंडित और प्रभंजय चतुर्वेदी परफॉर्म करेंगे

## मुख्य अतिथि होंगे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, तैयारियां जारी

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 5 नवम्बर 2024 को जिला मुख्यालय के पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ राजनांदगांव में राज्योत्सव का भव्य आयोजन होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद संतोष पाण्डेय करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक डोंगरगांव दलेश्वर साहू, विधायक खुज्जी भोलाराम साहू, विधायक डोंगरगढ़ हर्षिता स्वामी बघेल, महापौर हेमा सुदेश देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव प्रतिक्षा सूर्यकान्त भंडारी, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सचिन बघेल एवं समाज सेवी रमेश पटेल उपस्थित रहेंगे। जिला स्तरीय राज्योत्सव अंतर्गत विभिन्न विकास विभाग की विभागीय महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल योजनाओं की प्रदर्शनी पूर्वान्ह 11 बजे तथा स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति अपरान्ह 2 बजे शुरू होगी। मुख्य कार्यक्रम अंतर्गत शाम 6 बजे दीप प्रज्जवलन तथा शाम 6.1 बजे से शाम 6.30 बजे तक अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन होगा। शाम 6.30 बजे से रात्रि 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। जिसमें संगीत शिल्पी बाबी मंडल द्वारा भजन व छत्तीसगढ़ी गीत, प्रभंजय चतुर्वेदी द्वारा भजन, प्लेबैक सिंगर ऐश्वर्या पंडित द्वारा हिन्दी गायन तथा शरद श्रीवास्तव द्वारा संगीतमयी कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की बेटी बॉलीवुड की प्रख्यात प्लेबैक सिंगर ऐश्वर्य पंडित वर्ष 2015 में इंडिया गोट टैलेंट की गोल्डन बजर विजेता रही हैं। वर्ष 2016 में भारत की शान कार्यक्रम की ग्रैंड फाइनलिस्ट रहीं हैं। वर्ष 2018 इंडियन आइडल की फाइनलिस्ट रही हैं। सारे गा मा पा कार्यक्रम में स्वर्ण पदक विजेता रही हैं। उन्होंने फिल्म द पावर, कुटुम्ब, परमाणु एवं कई सीरियल में प्लेबैक सिंगर के रूप में गायन के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है। ऐश्वर्या पंडित ने अमेरिका, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान, दुबई, टर्की, इस्ताम्बुल एवं अन्य देशों में भी अपनी गायन प्रतिभा से देश का नाम रोशन किया है। सुप्रसिद्ध भजन एवं गजल गायक प्रभंजय चतुर्वेदी देश के ख्यातिप्राप्त भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा के शिष्य हैं। मैराथन भजन गायन के लिए उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। वे रेडियो एवं टीवी कलाकार भी हैं।

## विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बालाजी सरकार मंदिर का किया गया भूमिपूजन

# पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा बालाजी सरकार मंदिर के भूमिपूजन कार्यक्रम में हुए शामिल







पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्राम रामहेपुर में बालाजी सरकार के भव्य मंदिर निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर का भूमिपूजन कर आधारशिला रखी गई। कार्यक्रम से पहले, पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज का उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और जिले के नागरिकों ने पुलिस लाइन हेलीपैड में भव्य स्वागत किया, जहां उन्होंने अपने आशीर्वाद से उपस्थित श्रद्धालुओं का हृदय से अभिवादन किया। भूमिपूजन के बाद, पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने हजारों श्रद्धालुओं और नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है और इस भूमि के प्रति हम सभी ऋणी हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि जब वह पहली बार रायपुर आए थे, तो यहीं से उन्हें क्रांतिमई विचार मिला था। यह स्थल उनके लिए विशेष महत्व रखता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे इस आध्यात्मिक धरोहर को संजोएं और इसे आगे बढ़ाएं। पंडित महाराज ने कहा कि छत्तीसगढ़ न केवल एक भौगोलिक स्थल है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने यह भी बताया कि यह मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं होगा, बल्कि एक आध्यात्मिक केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जो समाज में एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलाएगा। उनके विचारों ने उपस्थित जनसमूह में गहरी प्रेरणा और श्रद्धा का संचार किया।

# पुराना बस स्टैंड की मड़ई में उमड़े लोग



**राजनांदगांव।** पुराना बस स्टैंड में मड़ई का आयोजन किया गया। इसे प्रदेश की पहली पारंपरिक मड़ई माना जाता है। इसके बाद ही पूरे प्रदेश में गांव-गांव में मड़ई के आयोजन की शुरुआत होती है। काली मंदिर समिति के रघु शर्मा ने बताया कि, यह आयोजन पूरी तरह निःशुल्क होता है। यहां दुकानदारों से किसी तरह का शुल्क नहीं लिया जाता। मां काली की उपासना के साथ ही ये आयोजन शुरु होता है। उन्होंने बताया कि, भाईदूज के दिन परंपरागत तरीके से यह आयोजन होता आ रहा है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को संरक्षित रखने के लिए मंदिर समिति का यह प्रयास निरंतर जारी है। आयोजित मेला मड़ई में बड़ी संख्या में लोग जुटे। पूरा दिन यहां चहल-पहल रही। झूले और कई तरह की दुकानें यहां लगाई गई थी। त्यौहार का अवकाश और रविवार होने केचलते भी बड़ी संख्या में लोग मड़ई-मेला में जुटे। इसके साथ ही अब जिले भर में इस तरह के आयोजन की शुरुआत हो जाएगी।

## संपादकीय

### दिल्ली में जल संकट आरोप प्रत्यारोप

**दिल्ली में जल संकट** का कारण यमुना में अमोनिया विषाक्तता बढ़ना है जिस पर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप जारी हैं। झाग से भरी यमुना की तस्वीरें मीडिया की सुर्खियों में हैं जिनको देख कर दिल्लीवासी आश्चर्यचकित और चिन्तित हैं। नदी में प्रदूषण का स्तर किसी की भी कल्पना से आगे जा चुका है। इसके कारण दिल्ली की जल सप्लाई बाधित हुई है और दिल्लीवासियों को प्रदूषित जल प्रयोग करना पड़ रहा है। यमुना नदी में अमोनिया का स्तर बढ़ने के कारण पूरी राजधानी में नदी से जल सप्लाई बाधित हुई है जिससे दिल्ली में गंभीर जल संकट पैदा हो गया है। सोनिया विहार और भागीरथी के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट प्रदूषण से निपटने का प्रयास कर रहे हैं जिसके कारण नागरिकों को भारी कमी का शिकार होना पड़ रहा है। आम आदमी पार्टी-'आप' और भाजपा इस मामले में एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। आप ने भाजपा-नीत हरियाणा सरकार पर आरोप लगाया है कि वह नदी में प्रदूषण नियंत्रण पर ढिलाई बरत रही है, जबकि भाजपा ने ट्रीटमेंट सुविधायें न बढ़ाने के कारण दिल्ली प्रशासन की आलोचना की है। राजनीतिक तनाव बढ़ने के साथ ही दिल्लीवासियों को आशा है कि तेज व कारगर समाधान निकाल कर उनकी जल सप्लाई बहाल की जाएगी। यमुना में अमोनिया का स्तर लगभग 0.9 'पार्ट पर मिलियन'-पीपीएम हो गया है, जबकि प्रभावी शोधन के लिए इसकी सुरक्षित सीमा 0.5 पीपीएम है। इस बढ़ोत्तरी से सोनिया विहार और भागीरथी जल ट्रीटमेंट प्लांटों-डब्लूटीपी की कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है जो शहर को स्वच्छ जल प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हर साल जब 12 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक दिल्ली में स्वच्छ जल के प्रमुख स्रोत-अपर गंगा कैनाल को वार्षिक रखरखाव के लिए बंद किया जाता है तब शहर यमुना पर जल सप्लाई के लिए ज्यादा निर्भर हो जाता है। इससे जल संकट और गंभीर हो जाता है। जनता के बढ़ते दबाव के कारण राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला भी तेज हुआ है।



आप ने भाजपा नीत हरियाणा सरकार पर आरोप लगाते हुए उसे दोषी ठहराया है। उसका कहना है कि उसने यमुना नदी में औद्योगिक कचरा जाने से न रोक कर दिल्ली के हितों के प्रति 'शत्रुतापूर्ण' दृष्टिकोण अपनाया है। आप अधिकारियों का दावा है कि हरियाणा के लापरवाही भरे दृष्टिकोण के कारण दिल्लीवासी विश्वसनीय जल सप्लाई स्रोत से वंचित हुए हैं क्योंकि नदी में प्रदूषकों के जाने पर कोई लगाम नहीं लगाई गई है। दूसरी ओर भाजपा की दिल्ली इकाई ने आप को जल संकट के लिए जवाबदेह ठहराया है। उसने कथित 'कुप्रबंधन' के लिए केजरीवाल प्रशासन की आलोचना की है। भाजपा का कहना है कि आप सरकार दो प्रमुख क्षेत्रों में विफल रही है। वह कार्यरत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों के रखरखाव में विफल रही है तथा उसने सोनिया विहार व द्वारका जैसे डब्लूटीपी को अमोनिया प्रदूषण से निपटने के लिए समुचित ढंग से सक्षम नहीं बनाया है। वास्तव में, यह एक दूसरे पर जिम्मेदारी टालने का उदाहरण है और दिल्ली ने इसे काफी देखा है। ऐसे में एक दूसरे पर आरोप लगाने के बजाय दिल्ली तथा हरियाणा सरकार को इस विभीषिका से निपटने के प्रयास करने चाहिए। यमुना का पानी हरियाणा से आता है, इसलिए प्रदूषण के स्रोत के बारे में कोई संदेह नहीं है, पर आप को भी 31 अक्टूबर तक रखरखाव के लिए अपर गंगा कैनाल बंद होने के पहले उचित व्यवस्था करनी चाहिए। पानी दिल्ली की फिलहाल सबसे बड़ी चिन्ता है। देखने में खतरनाक लगने के साथ ही यमुना से सप्लाई होने वाला पानी स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर सकता है।

# आदिवासियों का विकास छत्तीसगढ़ सरकार की प्राथमिकता

**केन्द्र सरकार द्वारा आदिवासी समाज को प्राथमिकता जनजातीय परिवारों के सामाजिक आर्थिक विकास को गति देने के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुरू किया जा रहा है। इस योजना से देशभर के इसमें 63,000 गावों के 5 करोड़ जनजातीय लोग लाभार्थी होंगे। छत्तीसगढ़ की जनसंख्या में लगभग 30 प्रतिशत अनुपात आदिवासी समाज को सीधा लाभ मिलेगा।**



जे.एल. दरियो
अपर संचालक,जनसंपर्क



**छत्तीसगढ़** में विष्णु देव साय सरकार ने आदिवासी समुदाय की विकास में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मुद्दों को वरीयता दी है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में समग्र विकास का स्वप्न साकार हो रहा है। प्रदेश के दूरस्थ इलाकों में जिस तरह स्वास्थ्य, सड़क, संचार और सुरक्षा नेटवर्क को मजबूती दी जा रही है, उसका सर्वाधिक लाभ आदिवासी वर्ग को मिल रहा है। इससे जहां आदिवासी समाज के जीवन स्तर में गुणवत्ता का संचार हो रहा है, वहीं सुशासन की इस बयार से प्रदेश में वामपंथी उग्रवाद की समस्या को परास्त करने में भी मदद मिल रही है। इन इलाको में केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही पी.एम.जनमन योजना और राज्य सरकार की नियद नेल्ला नार योजना गेम चेंजर साबित हो रही है।

छत्तीसगढ़ की लगभग 3 करोड़ आबादी में एक तिहाई जनसंख्या आदिवासी समुदाय की है। इन समुदायों के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए साय सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सुरक्षा पर विशेष फोकस किया गया है। इसके अलावा केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं को उन तक पहुंचाने के लिए नए-नए प्रयास किए जा रहे हैं। आदिवासी समुदाय के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं से नया वातावरण बन रहा है। साय सरकार ने पिछले 10 माह में इन सभी मुद्दों पर काम किया है। मुद्दा चाहे आदिवासी समुदाय के आवास, पेयजल, विद्युत या सड़क सहित सभी बुनियादी जरूरतों पर तेजी से काम किया जा रहा है।

राज्य शासन की नियद नेल्ला नार (आपका अच्छा गांव) योजना जनकल्याण का अभिनव उपक्रम साबित हो रही है। इस योजना के अंतर्गत माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित नए कैम्पों के आसपास के 5 किमी के दायरे में आने वाले 96 गांवों का चयन कर शासन के 17 विभागों की 53 योजनाओं और 28 सामुदायिक सुविधाओं के तहत आवास, अस्पताल, पानी, बिजली, पुल-पुलिया, स्कूल इत्यादि मूलभूत संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री की पहल पर छत्तीसगढ़ के माओवादी आतंक प्रभावित जिलों के विद्यार्थियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के लिए ब्याज रहित ऋण मिलेगा। शेष जिलों के विद्यार्थियों को 1 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण प्रदान किया जाएगा। ब्याज अनुदान के लिए शिक्षा ऋण की अधिकतम सीमा 4 लाख रूपए रखी गई है।

आदिवासी क्षेत्रों में वामपंथी उग्रवाद को रोकने के लिए सुरक्षा और विकास को मूल मंत्र बनाया है, इसके सार्थक परिणाम दिख रहे हैं। इन इलाकों में रहने वाले लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ-साथ उन्हें सभी जरूरी सुविधाएं भी दी जा रही है। बीते 10 महीनों के दौरान मुठभेड़ों में 195 माओवादियों को ढेर किया गया। 34 फारवर्ड सुरक्षा कैम्पों की स्थापना की गई। निकट भविष्य में दक्षिण बस्तर एवं माड़ में रि-डिप्लायमेंट द्वारा 30 नए कैम्पों की स्थापना प्रस्तावित है।

राज्य में गरीब परिवारों को शहीद वीर नारायण सिंह विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 20 लाख रूपए की राशि गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य से समृद्धि की राह पर आगे बढ़ते हुए छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासी क्षेत्रों के अस्पतालों को सर्वसुविधायुक्त बनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 68 लाख गरीब परिवारों को 05 साल तक मुफ्त राशन देने का निर्णय लिया है, इसके लिए बजट में 3400 करोड़ रुपए का प्रावधान है। इसका लाभ आदिवासी समुदाय को भी मिल रहा है।

केन्द्र सरकार द्वारा शुरू किए गए पीएम जनमन योजना के तहत आदिवासी बसाहटों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए तेजी काम हो रहा हैं। राज्य में विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति समूह के परिवारों के विकास हेतु 20 करोड़ का प्रावधान है। इन क्षेत्रों में 57 मोबाईल मेडिकल यूनिट के संचालन हेतु अनुपूरक में 2 करोड़ 72 लाख का प्रावधान है। पीव्हीटीजी के विद्युतीकरण हेतु 3 करोड़ 76 लाख का अतिरिक्त प्रावधान है।

छत्तीसगढ़ में आदिवासी समुदाय की बसाहट ज्यादातर वनांचल क्षेत्रों में है। इन क्षेत्रों में सड़क, नेटवर्क बढ़ाया जा रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा भी भारत माला प्रोजेक्ट के तहत रायपुर से विशाखापट्नम तक ईकोनॉमी कारिडोर बनाया जा रहा है। इसका सीधा फायदा भी आदिवासी इलाकों को मिलेगा। केन्द्र सरकार द्वारा नगर नार में देश का सबसे बड़ा इस्पात संयंत्र भी शुरू किया गया है, इससे बस्तर अंचल के विकास को नई गति मिली है।

राज्य के आदिवासी क्षेत्रों और अयोध्या धाम तक सीधी कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री ने रायगढ़-धरमजयगढ़-मैनपाट-अंबिकापुर-उत्तरप्रदेश सीमा तक कुल 282 किमी तक के मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग की है। यह मार्ग प्रदेश के चार जिलों से होकर गुजरता है एवं धार्मिक नगरी अयोध्या से छत्तीसगढ़ राज्य को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। इस मार्ग के लिए भारत सरकार से हरी झण्डी मिल गई है।

केन्द्र सरकार द्वारा आदिवासी समाज को प्राथमिकता जनजातीय परिवारों के सामाजिक आर्थिक विकास को गति देने के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुरू किया जा रहा है। इस योजना से देशभर के इसमें 63,000 गावों के 5 करोड़ जनजातीय लोग लाभार्थी होंगे। छत्तीसगढ़ की जनसंख्या में लगभग 30 प्रतिशत अनुपात आदिवासी समाज को सीधा लाभ मिलेगा। इसी प्रकार कृषि बजट में वृद्धि खेती-किसानी से जुड़े क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ का आवंटन किया गया है। किसानों की खेतीबाड़ी के लिए 32 कृषि और बागवानी फसलों की नई उच्च पैदावार वाली और जलवायु अनुकूल किस्म जारी की गई है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए 10,000 जैव आदान संसाधन केंद्र स्थापित किए जाएगा, इसका लाभ भी राज्य के आदिवासी बहुल इलाकों को मिलेगा।

आदिवासी बहुल इलाकों में तेन्दू के वृक्षों की बहुतायत है। तेन्दूपत्ता संग्रहण से बड़ी संख्या में समुदाय के लोगों को रोजगार मिलता है। इसको देखते हुए राज्य सरकार ने तेन्दूपत्ता संग्रहरण की दर 4000 से बढ़ाकर 5500 रूपए कर दिया है। तेंदूपत्ता संग्रहण कार्यों से लगभग 12 लाख से अधिक परिवार लाभान्वित हुए हैं। जल्द ही सरकार तेन्दूपत्ता संग्रहकों के लिए चरण पदुका वितरण योजना भी शुरू करने जा रही है।

राज्य सरकार द्वारा 36 कॉलेजों के भवन-छात्रावास निर्माण के लिए 131 करोड़ 52 लाख रूपए मंजूर किए गए है। इससे प्रदेश के 36 कॉलेजों के इंफ्रास्ट्रक्चर सुदृढ़ होंगे तथा शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इस स्वीकृति में आधिकांश आदिवासी बहुल क्षेत्रों के कॉलेजों को शामिल किया गया है। नई दिल्ली के ट्रायबल यूथ हॉस्टल में सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर अब 185 कर दी गई है।

नई दिल्ली में रहकर संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा की तैयारी करने के इच्छुक अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए अब इस हॉस्टल में तीन गुने से भी अधिक सीटें उपलब्ध होंगी। आईआईटी की तर्ज पर राज्य के जशपुर, बस्तर, कबीरधाम, रायपुर और रायगढ़ में प्रौद्योगिकी संस्थानों का निर्माण किया जाएगा। राज्य में छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा मिशन की स्थापना भी की जा रही है।

स्थानीय बोलियों में प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। यह नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत आदिवासी समुदायों में शिक्षा की पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। 18 स्थानीय भाषा-बोलियों में स्कूली बच्चों की पुस्तकें तैयार की जा रही हैं। प्रथम चरण में छत्तीसगढ़ी, सरगुजिहा, हल्बी, सादरी, गोंड़ी और कुडुख में कोर्स तैयार किया जा रहा है।

प्रदेश के 263 स्कूलों में पीएमश्री योजना शुरू की गई है, जिसके तहत इन स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस योजना के तहत स्कूलों में स्थानीय भाषाओं के साथ-साथ रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस जैसे आधुनिक विषयों को भी पढ़ाया जाएगा। पीएमश्री स्कूल आदिवासी बहुल इलाकों में भी स्कूलों को अपग्रेड किया रहा है, इससे इन क्षेत्रों के बच्चों को भी आधुनिक, ज्ञानपरक और कौशल युक्त शिक्षा मिल रही है।

आदिवासी समुदाय के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इसके अलावा माओवादी प्रभावित क्षेत्र के बच्चों के लिए 15 प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित है। इन विद्यालयों में मेधावी विद्यार्थियों को अखिल भारतीय मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराई जा रही हैं। यकीनन, छत्तीसगढ़ में आदिवासी समाज से आने वाले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास के नए आयाम गढ़ रहा है।

# छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस - प्रगति के 24 वर्ष



चन्द्र शेखर गंगराड़े
पूर्व प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधानसभा




छत्तीसगढ़ राज्य का गठन 1 नवंबर 2000 को हुआ था और 1 नवंबर 2024 को छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना को 24 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं इन 24 वर्षों में छत्तीसगढ़ राज्य ने विकास के जो आयाम हासिल किए हैं, उनको देखते हुए हम यह कह सकते हैं कि विकास की इस यात्रा के फ्लस्वरुप हम न केवल इस यात्रा में अपने पूर्ववर्ती प्रदेश मध्य प्रदेश के समकक्ष खड़े हैं बल्कि अन्य विकसित प्रदेशों से भी पीछे नहीं है और इस विकास के पीछे सरकारों का स्थायित्व और छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा में उनकी सकारात्मक सोच होना महत्वपूर्ण कारण रहा है। 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ की जनसंख्या 2 करोड़ 8 लाख 33 हजार 803 थी और वर्तमान में अनुमानित जनसंख्या 3 करोड़ 5 लाख 24 हजार है। इन 24 वर्षों में छत्तीसगढ़ राज्य ने जो प्रगति की है उससे यह स्पष्ट हो गया है कि छोटे राज्यों की अवधारणा सफ्ल सिद्ध हुई है। छोटा राज्य होने से न सरकार की पहुंच जनता तक आसानी से हो जाती है वहीं जनता भी सरकार तक आसानी से पहुंच जाती है। इस कारण से न केवल उनकी समस्याओं का समाधान होता है वरन विकास के कार्यों में जो दिक्कतें आती हैं उनका भी समाधान शीघ्र हो जाता है जिसके कारण विकास की गति में काफी तेजी आ जाती है। आज कोई भी क्षेत्र हो हर क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में विकास हो रहा है। राज्य की स्थापना के बाद प्रशासनिक तंत्र को भी सुदृढ़ और सुगम बनाने की दृष्टि से जिलों की संख्या में भी आवश्यकता अनुसार वृद्धि की गई है फ्लस्वरुप वर्तमान में 33 जिले हैं। नए जिलों के गठन से जनता की प्रशासन तक पहुंच सुगम हो गई है। राज्य निर्माण के बाद प्रदेश में रेल एवं हवाई सेवाओं में भी काफी विस्तार हुआ है। राज्य निर्माण के समय जहां केवल एयर इंडिया की एकमात्र उड़ान दिल्ली के लिए संचालित होती थी वहीं 24 साल में लगभग 20 शहरों के लिए हवाई सुविधा उपलब्ध है।

रायपुर में औसतन प्रतिदिन 50 उड़ानें संचालित हो रही हैं। रायपुर के एयरपोर्ट की भी जहां नई बिल्डिंग बन गई है वहीं उसका विस्तारीकरण कर अंतर्राष्?ट्रीय उड़ान संचालित करने की कार्यवाही भी प्रचलित है। राज्य निर्माण के समय जहां केवल एक एयरपोर्ट रायपुर में था वहीं अब जगदलपुर और बिलासपुर भी हवाई कनेक्टिविटी से जुड़ गए हैं और अंबिकापुर में भी हवाई सेवा प्रारंभ करने की कार्यवाही जारी है। वहीं दूसरी ओर रेल सेवा में भी प्रदेश ने काफी तरक्की की है। कई जगहों पर तीसरी और चौथी लाइन का निर्माण चल रहा है, इससे रेल यातायात में काफी वृद्धि होगी। साथ ही नये रेल मार्गो के निर्माण की दिशा में भी गंभीरता से प्रयास किए जा रहे है। इससे ऐसे क्षेत्र जहां अभी तक रेल सेवा नहीं है, वे भी रेल नेटवर्क से सीधे जुड़ सकेंगे। यदि छत्तीसगढ़ प्रदेश के बजट की बात की जाए तो जहां 2000-2001 में 1 नवंबर 2000 से 31 मार्च 2001 की 5 माह की अवधि में छत्तीसगढ़ का बजट प्रथम अनुपूरक की राशि मिलाकर 3609 करोड़ 18 लाख 2166 था और 2001-2002 का कुल बजट 9242 करोड़ 42 लाख 64519 था, वहीं 2024-25 का बजट 1,60,568 करोड़ 06 लाख 19 हजार का प्रस्तुत किया गया है और उसमें यदि प्रथम अनुपूरक की राशि 7329 करोड़ 35 लाख 62 हजार 700 मिला दी जाए तो कुल बजट की राशि 1,67,897 करोड़ 41 लाख 81700 होती है और अभी द्वितीय और तृतीय अनुपूरक बजट आना शेष है इसीलिए हम कह सकते हैं कि इन 24 वर्षों में छत्तीसगढ़ के बजट के आकार में लगभग 20 गुना वृद्धि हुई है जो अपने आप में छत्तीसगढ़ के विकास की गाथा को प्रमाणित करता है। इसके अलावा 2000-2001 में जहां प्रति व्यक्ति आय 10125 रूपये? थी, वह बढ़कर 2023-24 में 1,47,361 रूपये हो गई है। इस प्रकार प्रति व्यक्ति आय में भी लगभग 15 गुना वृद्धि हुई है जो यह दिखाता है कि छत्तीसगढ़ की आम जनता की आर्थिक स्थिति पहले से कितनी बेहतर हुई है। अब यदि बात करें छत्तीसगढ़ में शिक्षा के स्तर की तो जहां छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के पूर्व छत्तीसगढ़ में केवल एक विश्वविद्यालय था जो अब बढ़कर 9 हो गए हैं और इसके अलावा 15 निजी विश्वविद्यालय भी खुल गए हैं जिससे छत्तीसगढ़ के युवाओं को उच्च शिक्षा की बेहतर सुविधाएं मुहैया हुई हैं और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में भी जहां अविभाजित मध्य प्रदेश के समय मात्र एक मेडिकल कॉलेज था जो अब बढ़कर 10 हो गए हैं और निजी क्षेत्र में भी तीन मेडिकल कॉलेज खुल गए हैं जिससे चिकित्सा की कमी को दूर करने में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई है।

खेल के क्षेत्र में भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण ने जहाँ छत्तीसगढ़ को वैश्विक पहचान दी है वही हॉकी में भी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ। नक्सल समस्या के निराकरण की दिशा में भी सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं जिसके परिणाम भी दिख रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य के साथ ही उत्तराखंड और झारखंड की भी स्थापना हुई थी और हम यह कह सकते हैं कि इन तीनों राज्यों में छत्तीसगढ़ ने अपेक्षाकृत अधिक तरक्क़ी की है। इस प्रकार हम यह कह सकते हैं कि छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने अल्प समय में तेजी से विकास कर हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं और अपेक्षा है कि भविष्य में भी छत्तीसगढ़ के विकास की यह यात्रा अनवरत जारी रहेगी।

# राज्य के विकास की नब्ज पर साय सरकार की मजबूत पकड़

पवन गुप्ता
संयुक्त संचालक जनसंपर्क

छत्तीसगढ़ के नीति निर्धारकों को दो कारकों पर विशेष ध्यान रखना पड़ता है एक तो यहां की आदिवासी बहुल आबादी और दूसरी यहां की कृषि प्रधान अर्थव्यस्था। राज्य की नीतियां तय करते समय इन दोनों की अनदेखी नहीं की जा सकती, दोनों को ही बराबर महत्व देना पड़ता है। हाल ही में केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ सहित देश में माओवादी आतंक के खात्मे के प्रति केन्द्र सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया है। केन्द्र के इस फैसले ने राज्य को समृद्धि के रास्ते में आगे जाने के संकल्प को और मजबूती दी है। छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनते ही यहां मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को लेकर काम करना शुरू कर दिया है। लगभग तीन करोड़ की आबादी वाला यह राज्य आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे रहा है। साय सरकार ने छत्तीसगढ़ की बागडोर संभालते ही राज्य के विकास की दिशा को तय करने वाले दो प्रमुख कारकों आदिवासी समुदाय और किसान दोनों पर शुरू से ही ध्यान दिया है। राज्य में लोगों को स्वच्छ और पारदर्शी प्रशासन के वायदे को लेकर आयी साय सरकार आई.टी. और ए.आई आधारित प्रणाली को पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपनाना शुरू कर दिया है। राज्य में कृषक उन्नति योजना खेती-किसानी के लिए एक नया संबल बनी है। इसके चलते कृषि समृद्ध और किसान खुशहाल हुए हैं। राज्य में खेती-किसानी को नई ऊर्जा मिली है। राज्य में उन्नत खेती को बढ़ावा मिल रहा है। राज्य सरकार के किसान हितैषी फसलों का असर अब खेती-किसानी में साफ दिखाई देने लगा है। उन्नत कृषि यंत्रों का उपयोग खेती-किसानी में बढ़ा है। बीते खरीफ विपणन वर्ष में किसानों से 145 लाख मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर खरीदा गया है, जिसके एवज में 32 हजार करोड़ रूपए भुगतान किया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने संकल्प के अनुरूप राज्य के किसानों को दो साल के धान की बकाया बोनस राशि 3716 करोड़ रूपए का भुगतान किया। कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसानों को धान की मूल्य की अंतर राशि के रूप में 13 हजार 320 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है।

इस तरह किसानों को कुल मिलाकर 49 हजार करोड़ रूपए सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित किए गए। छत्तीसगढ़ में किसानों से धान खरीदी शुरू से ही चुनौतीपूर्ण रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने समर्थन मूल्य पर 14 नवम्बर से धान खरीदी करने जा रही है। धान उपार्जन केन्द्रों में छत्तीसगढ़ सरकार के दिशा-निर्देश के मुताबिक सभी तैयारियां की जा रही है। इस साल राज्य में बेहतर बारिश एवं अनुकूल मौसम के चलते धान के विपुल उत्पादन की उम्मीद है। इसको देखते हुए राज्य में समर्थन मूल्य पर 160 लाख मीटरिक टन धान उपार्जन अनुमानित है। राज्य में किसानों से 31 जनवरी 2025 तक धान की खरीदी की जाएगी। राज्य के किसानों को खेती-किसानी के लिए वर्तमान खरीफ सीजन में 6500 करोड़ रूपए के अल्पकालीन ऋण बिना ब्याज के दिए जा चुके हैं।

अधिक से अधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यहां के किसान अब ई-नाम पोर्टल (कृषि बाजार) के माध्यम से अपने उपज का अधिकतम मूल्य प्राप्त कर सकेंगे। किसानों के हित में छत्तीसगढ़ सरकार ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम में संशोधन किया है। इसके तहत अन्य प्रदेश के मंडी बोर्ड अथवा समिति के एकल पंजीयन अथवा अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी एवं प्रसंस्करणकर्ता, राज्य के किसानों से उनकी उपज खरीद सकेंगे, इससे उत्पादक किसानों को लाभ होगा। किसानों को उन्हें पंजीयन की जरूरत नहीं होगी। राज्य के बस्तर और अन्य हिस्सों में माओवादी आतंक को समाप्त करने के लिए सख्ती से कदम उठाए गए हैं। इसमें केन्द्र और राज्य सरकार आपसी तालमेल बनाए हुए हैं। माओवादी आतंक भी अब कुछ ही क्षेत्रों में सिमट कर रह गया है। यहां नियद नेल्लानार जैसी नवाचारी योजना से लोगों का सरकार के प्रति फिर से विश्वास लौट रहा है। माओवादी आतंक से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा कैम्प के आस-पास के दायरे में लोगों की मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ केन्द्र और राज्य सरकार के शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा हैं। माओवादी आतंक से प्रभावित जिलों में युवाओं को तकनीकी व्यवासायिक पाठ्यक्रम में पढ़ाई के लिए ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा दी जा रही हैं। इस पहल से आदिवासी समुदाय की युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। वनवासियों की आय बढ़ाने के लिए वनोपज के संग्रहण और प्रसंस्करण पर सरकार विशेष ध्यान दे रही हैं। लघु वनोपज की खरीदी समर्थन मूल्य पर हो रही है। इन लघु वनोपजों का वनधन केन्द्रों में प्रसंस्करण भी किया जा रहा है। वनवासियों को तेन्दूपत्ता पारिश्रमिक भी बढ़ाकर 5500 रूपए प्रति मानक बोरा किया गया है। महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए महतारी वंदन योजना में 70 लाख महिलाओं को हर महीने एक-एक हजार रूपए की राशि उनके बैंक खाते में सीधे अंतरित की जा रही है। अब तक इसकी नौ किस्त जारी की जा चुकी है। प्रदेश में नई शिक्षा नीति भी लागू कर दी गई है। राज्य में मातृभाषा में बच्चों को शिक्षा देने के लिए नए पाठ्यक्रम तैयार किए जा रहे हैं। जनजातीय समुदाय के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। माओवादी प्रभावित क्षेत्र के बच्चों के लिए 15 प्रयास आवासीय विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। इन विद्यालयों में मेधावी विद्यार्थियों को अखिल भारतीय मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराई जा रही हैं। नई दिल्ली में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी के लिए संचालित यूथ हॉस्टल में सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर 185 कर दी गई है।

# सक्ती पुलिस की सक्रियता से प्राण घातक हमला कर हत्या का प्रयास करने वाले दोनों आरोपी चंद घंटे में हुए गिरफ्तार






पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com

थाना बाराद्वार जिला सक्ती के अपराध बी.एन.एस के तहत टांगी से प्राणघातक वार कर हत्या के प्रयास करने वाले 02 आरोपी 20 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया गया है, आरोपीगण -1. संदीप कुमार पटेल पिता रामदुलारे पटेल उम्र 20 साल निवासी पलाडीखुर्द थाना बाराद्वार जिला सक्ती(छग) एव 2. करन कुमार पटेल पिता दिनेश कुमार पटेल उम्र 22 साल निवासी पलाडीखुर्द थाना बाराद्वार जिला सक्ती(छग) है,थाना बाराद्वार-प्रार्थी/आहत रविकुमार सूर्यवंशी निवासी झर्रा थाना सारागांव जिला जांजगीर चांपा द्वारा थाना रिपोर्ट दर्ज कराया कि 01.11.24 को प्रार्थी अपने घर से अपनी मोटर सायकल क्रमांक 6881 से ग्राम मुक्ताराजा आ रहा था करीब 03.00 बजे दोपहर में ग्राम पलाडीखुर्द सोन नदी पुल के आगे पहूंचा था उसी समय मोटर सायकल सवार दो व्यक्ति प्रार्थी के मोटर सायकल के तरफ कट मार दिये प्रार्थी अपनी मोटर सायकल को रोक दिया उतनें में मोटर सायकल के पीछे बैठा व्यक्ति अपनी मोटर सायकल से उतरकर प्रार्थी को मां बहन की गाली गुप्तार कर अपने हांथ में रखे टंगिया से प्रार्थी के मोटर सायकल के पेट्रोल टंकी के दाहिना तरफ वाईजर, सामने मडगाड, टुल बाक्स कव्हर बैटरी को मारकर नुकसान पहूंचा दिया। जिसे प्रार्थी के द्वारा मना करने पर प्रार्थी के सिर में प्राण घातक वार किया जो प्रार्थी द्वारा बचने की कोशिश करने से बांये भुजा को मारकर चोंट पहूंचाया है तथा पुलिस में रिपोर्ट करेगा तो तुझे जान से खत्म कर देगें बोलते हुये दोनो व्यक्ति मो.सा. से वापस पलाडीखुर्द की ओर भाग गये। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बाराद्वार में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मनीष कुवर सक्ती से आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर प्रकरण के अज्ञात फरार आरोपीगण की 20 घण्टे मे खोजकर मुखबीर से सूचना मिलने पर त्वरित कार्यवाही कर दिनांक 02.11.24 को आरोपीगण 1.संदीप कुमार पटेल पिता रामदुलारे पटेल उम्र 20 साल निवासी पलाडीखुर्द थाना बाराद्वार जिला सक्ती(छग) 2. करन कुमार पटेल पिता दिनेश कुमार पटेल उम्र 22 साल निवासी पलाडीखुर्द थाना बाराद्वार जिला सक्ती(छग) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर संबंधित न्यायालय पेश किया गया है, उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरी. अनवर अली, सउनि. उपेन्द्र यादव, आर. विरेन्द्र सिदार, आर. नंदगोपाल दिवाकर, आर. बुधेश्वर पटेल, का योगदान रहा।

# सक्ती के संस्कार पब्लिक स्कूल में एकल गीत प्रतिस्पर्धा में दी बच्चों ने बेहतर प्रस्तुति

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com



सक्ति के हरेठी में स्थित सीबीएसई संस्कार पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस एकल गीत प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न हुआ,विद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों के सर्वांगीण विकास की दिशा में इसे एक अद्वितीय पहल कहा,26 अक्टुबर, 2024 को संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ति में इंटर हाउस एकल गीत प्रतियोगिता संपन्न हुई, प्राथमिक स्तर से पूर्व माध्यमिक स्तर तक के विद्यार्थियों ने दर्ज़ कराई सहभागित। सक्ति जिले का शीर्ष सी.बी.एस.ई. स्कूलों में पहचान है संस्कार पब्लिक स्कूल की, मिल्खा, कपिल, नीरज और ध्यानचंद हाउस के बच्चों की रही सक्रिय भागीदारी.उल्लेखित हो कि एकल गीत प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य जहां छात्रों में गीत और गायन कौशल के प्रति रुचि जागृत करना था और साथ ही साथ भारतीय कला और संस्कृति के माध्यम से छात्रों को जोड़े रखना भी मुख्य उद्देश्य है, कार्यक्रम की शुरुआत मे प्राचार्य महोदय ने उपस्थित सभी अतिथि गणों का स्वागत किया तथा समस्त प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कार्यक्रम कि शुरूआत कि गई।छात्रों में उत्साह देखते ही बनता था और कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा निरंतर करतल ध्वनियों से प्रतिभागी छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाया जा रहा था। शिक्षिका सायरा खान जी द्वारा परिणामों कि घोषणा की गई। गौरतलब हो कि कक्षा तीसरी से पंचम तक के छात्रों के लिए आयोजित एकल गीत प्रतियोगिता में मिल्खा सदन से प्रथम स्थान तनमय बरेठ ने प्राप्त किया तो वहीं कपिल सदन से द्वितीय व तृतीय स्थान क्रमशः रसिका साहू व छात्र विशाल कुमार जाटवर ने प्राप्त किया। चतुर्थ स्थान नीरज सदन से छात्रा प्रतीक्षा साहू के नाम रहा। इसी कड़ी में, छठवीं से आठवीं तक के छात्रों के लिए आयोजित एकल गीत सदनीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कपिल सदन के छात्र रोशन साहू ने, द्वितीय स्थान नीरज सदन से छात्रा डिम्पल साहू ने, तृतीय स्थान मिल्खा सदन से छात्रा अदिति पाटले ने तो वहीं चतुर्थ स्थान कपिल सदन से छात्र पीयुष पटवा ने प्राप्त किया। विजेता और उप विजेता छात्रों को मुख्य अतिथियों और गुरुजनों द्वारा बधाई दिया गया तो वहीं प्रयासरत छात्रों को एक और बेहतरीन प्रयास हेतु प्रोत्साहित किया गया।

# घर के बाहर बैठी महिला को गली में ले जाकर किया दुष्कर्म

## पीडिता की शिकायत के बाद आरोपी हुआ गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले में घर के बाहर बैठी महिला को गली में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए रिमांड पर जेल भेज दिया है। मामला पुसौर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक पुसौर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था शाम को तबियत ठीक नही होनें की वजह से शाम करीब साढ़े 6 बजे अपने ही घर के बाहर परछी में बैठी थी। तभी आरोपी युवक नेहरू खडिया 56 साल वहां पर पहुंचा और उसे जबर्दस्ती गली की ओर ले जाकर उसके साथ गलत काम किया। इस दौरान महिला के शोर मचाने के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे जिसके बाद आरोपी वहां से भाग गया। पीड़िता ने उक्त मामले की शिकायत थाने में की। जिसके बाद पुसौर पुलिस उक्त मामले में आरोपी युवक के खिलाफ धारा 64(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी नेहरू खडिया को आज गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# लघुशंका करने जाना युवक को पड़ा महंगा

## अज्ञात शख्स बाईक लेकर हुआ फरार

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com

स्कूटी को सड़क किनारे खड़ी करके लघुशंका करने जाना एक युवक को उस वक्त महंगा पड़ गया जब अज्ञात शख्स उसकी मोबाईल के अलावा स्कूटी लेकर फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के रामभांठा में रहने वाले लक्ष्मण यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने जीजा के यहां रहते हुए ढिमरापुर में स्थित फिलिप कार्ड आफिस में शार्टिंग एक्जीक्यूटिव्ह का काम करता था। 30 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे ड्यूटी खत्म करके अपने मोबाईल को स्कूटी की डिक्की में रखकर जब वह अपने घर लौट रहा था इसी बीच जब वह लघुशंका करने के लिये संजय मैदान के पीछे, मंगलूडीपा रोड़ पर रूका था इस दौरान अज्ञात शख्स उसकी स्कूटी के अलावा मोबाईल को लेकर फरार हो गया।

बहरहाल पीड़ित युवक की शिकायत के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध कर मामले को जांच में ले लिया है।

## संजय मार्केट से भी हुई बाईक चोरी

*इसी तरह की दूसरी घटना में मधुबन पारा में रहने वाले मो. असाज ने कल सिटी कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह रोजी मजदूरी का काम करता है। 20 अक्टूबर की शाम साढ़े 6 बजे वह सब्जी खरीदने संजय मार्केट गया हुआ था। जहां श्याम मंदिर के बगल में बाईक को खड़ी करके बाजार में घूम रहा था। लगभग आध घंटे बाद जब वह सब्जी खरीदकर वापस आया तो देखा कि जिस जगह उसने बाईक को खड़ी किया था वह अपनी गायब से गायब मिला। काफी खोजबीन करने के बावजूद बाईक के नही मिलने के पश्चात कल पीड़ित ने थाने में उक्त मामले की रिपोर्ट लिखाई है। जिसके बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।*

# सक्ती शहर में 5 नवंबर को होगा मेगा हेल्थ कैंप, स्वर्गीय संतोष अग्रवाल की स्मृति में आयोजित है निशुल्क विशाल चिकित्सा शिविर

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com

शहर के प्रतिष्ठित खरकिया परिवार के सदस्य स्वर्गीय संतोष अग्रवाल (प्रियंका मोबाइल) की पुण्य स्मृति में 5 नवंबर 2024 दिन- सोमवार को सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 तक सामुदायिक भवन शक्ति में एक दिवसीय निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है, उपरोक्त जानकारी देते हुए आयोजक परिवार के सदस्य राहुल अग्रवाल ने बताया कि उपरोक्त शिविर को लेकर शक्ति सहित पूरे जिले के विभिन्न स्थानों से लोगों ने अलग-अलग विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं लेने के लिए अपना अग्रिम पंजीयन करवाया है, तथा कार्यक्रम स्थल पर भी आने वाले सभी लोगों का पंजीयन कर निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएगी, राहुल अग्रवाल ने बताया कि उपरोक्त चिकित्सा शिविर उनके पूज्य बाबूजी स्वर्गीय संतोष अग्रवाल प्रियंका मोबाइल की पुण्य स्मृति में आयोजित है,तथा इस शिविर में एमजीएम नेत्र संस्थान रायपुर एवं अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के विभिन्न प्रकार के रोगों की चिकित्सा जांच के साथ ही स्त्री रोग विशेषज्ञ भी उपलब्ध रहेंगे, एवं इस शिविर के दौरान बीपी, शुगर एवं खून की भी निशुल्क जांच की जाएगी तथा शिविर को लेकर व्यापक रूप से तैयारी की गई है, एवं शक्ति के सामुदायिक भवन में आगंतुक नागरिकों के लिए इस शिविर में बेहतर ढंग से लोगों को चिकित्सा परामर्श का लाभ मिल सके इसकी व्यवस्था की गई है, आयोजक परिवार के राहुल अग्रवाल ने समस्त क्षेत्र वासियों को इस निशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ लेने की अपील की है, इस पूरे शिविर को सफल बनाने में शक्ति की आन बान शान ग्रुप एवं बिहान अस्पताल सहित विभिन्न संस्थाएं भी सक्रिय रूप से अपना योगदान दे रही हैं।

# युवती से छेड़खानी के मामले में तीन गिरफ्तार, जोबी पुलिस ने की कार्रवाई



पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जोबी पुलिस चैकी ने युवती से छेड़खानी की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें रिमांड पर भेज दिया है। युवती ने अपने परिजनों के साथ 1 नवंबर को पुलिस चैकी जोबी में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उसने बताया कि वह अपनी सहेलियों के साथ गांव के पास स्थित पहाड़ पर पिकनिक मनाने गई थी। इस दौरान पास में कुछ युवक भी पिकनिक मना रहे थे। युवती के अनुसार, दोपहर लगभग 2 बजे प्रदीप राठिया नामक युवक सब्जी मांगने के बहाने उनके पास आया। उसके इनकार करने पर वह वहां से चला गया। इसके बाद प्रदीप अपने दो दोस्तों, कमलेश राठिया और महेंद्र राठिया, के साथ वापस आया और युवती के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए छेड़खानी की। युवती की शिकायत पर पुलिस ने अप.क्र. 661/2024 के तहत आरोपियों के खिलाफ धारा 76(1), (पप), 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया। सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण राठौर और उनके हमराह स्टाफने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों, कमलेश राठिया (26 वर्ष), प्रदीप कुमार राठिया (28 वर्ष), और महेंद्र राठिया (25 वर्ष), को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की। अपराध के सबूत मिलने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई से स्थानीय समुदाय ने संतोष व्यक्त किया है।

# पिपलेश्वर महादेव मंदिर पीपल गली में अन्नकूट महाप्रसादम का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com

भगवान गोवर्धन जी की पूजा दिवस अन्नकूट का महापर्व जहां पूरे देश में उत्साह एवं धूमधाम के साथ मनाया गया तो वहीं रायगढ़ जिले के खरसिया शहर में भी इस दिन भगवान गोवर्धन जी की पूजा अर्चना करते हुए अन्नकूट महापर्व का आयोजन किया गया, जिसमें खरसिया शहर के स्टेशन रोड स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर पीपल गली में दोपहर जहां अन्नकूट के प्रसाद का आयोजन किया गया तो वहीं इस अन्नकूट प्रसादम कार्यक्रम में मोहल्ले वासियो सहित शहर के नागरिकों ने पहुंचकर अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया, तो वहीं अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण करने के लिए शहर के विभिन्न स्थानों से तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से भी लोगों ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया तथा पिपलेश्वर महादेव मंदिर खरसिया शहर की बड़ी आस्था का केंद्र है, एवं यहां जहां नित् पूजा -अर्चना होती है, तो वहीं धर्म प्रेमियों द्वारा निरंतर इस स्थान पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

# रूपाणाधाम में फिर हुआ हादसा, लोहा गलाने वाले लेडर में कुदकर मजदूर ने दी जान

## पूंजीपथरा पुलिस मामले की जांच में जुटी

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com






रायगढ़-घरघोड़ा मार्ग में स्थित श्री रूपाणाधाम स्टील प्लांट में बीती रात एक मजदूर लोहा गलाने वाले लेडर में कूदकर आत्महत्या कर लेने का मामला सामने आया है। उक्त घटना पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार श्री रूपाणाधाम स्टील प्लांट में काम करने वाला मजदूर सुरेन्द्र चैहान 21 साल जो कि धरमजयगढ़ क्षेत्र के ग्राम क्रोंधा का रहने वाला था जो बीती रात रोजाना की भांति काम करने प्लांट गया हुआ था और इस दौरान अचानक एसएमएस फर्निश के लोहा गलाने वाले लेडर में छलांग लगाकर आत्महत्या कर लिया। अचानक घटी इस घटना के बाद मौके पर उपस्थित मजदूरों में हडकंप की स्थिति निर्मित हो गई और फिर उन्होंने इस घटना की जानकारी पूंजीपथरा पुलिस को दे दी। प्रारंभिक जांच में युवक के मौत के कारणों का पता नही चल पाया है। बताया जा रहा है कि पूंजीपथरा पुलिस मृतक के साथियों के अलावा प्लांट के अन्य कर्मचारियों से पूछताछ करने हुए सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। विदित रहे कि कुछ दिनों पहले ही श्री रूपाणाधाम स्टील प्लांट में एक मजदूर की उसके साथी के द्वारा ही हत्या कर देने का मामला सामने आया था जिसमें पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है। वहीं पूंजीपथरा थाना क्षेत्र में स्थित सिंघल प्लांट में बीते दिनों एक मजदूर ने लोहा गलाने वाले लेडर में कुदकर आत्महत्या कर चुका है। इस क्षेत्र में लगातार हो रही इस तरह की घटना को अब लोगों में चर्चा का दौर भी शुरू हो चुका है।

**सीएसईबी सक्ती में पवन राठौर के ज्येष्ठ भ्राता है हरीश**

# सक्ती के हरीश राठौर को मिली पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नति

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com





जले के विकासखंड शक्ति के ग्राम पंचायत-सिंघनसरा के निवासी हरीश राठौर जिन्होंने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग में साल 2001 में डीएसपी के पद पर चयनित होकर पूरे क्षेत्र को गौरवांनित किया था तो वहीं डीएसपी के पद पर रहते हुए हरीश राठौर भोपाल, रीवा, वाड्रफनगर, राजधानी रायपुर के राजभवन सहित विभिन्न स्थानों में पदस्थ रहे एवं डीएसपी के पश्चात उन्हें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर सुकमा, रायगढ़, सूरजपुर, बालोद, कवर्धा एवं वर्तमान में वे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कार्यालय में पदस्थ थे। तथा हरीश राठौर को विगत दिनों छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय द्वारा पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है, एवं इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वयं उपस्थित थे, साथ ही पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे एवं हरीश राठौर को पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नति करते हुए पहली पद स्थापना के रूप में उन्हें माना में कमांडेड के पद पर पदस्थ किया गया है, तथा हरीश राठौर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित लिमिटेड शक्ति में पदस्थ पवन राठौर के ज्येष्ठ भ्राता है एवं हरीश राठौर के पुलिस अधीक्षक पद पर पदोन्नति होने से जहां शक्ति जिले में भी हर्ष का माहौल है तो वहीं उनके परिवार जनों सहित मित्रों ने भी उन्हें उनकी इस पदोन्नति पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उल्लेखित हो कि हरीश राठौर मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग में 23 वर्षों पूर्व डीएसपी के पद पर चयनित होने के बाद निरंतर पूरी सजगता के साथ अपनी जिम्मेदारियो का निर्वहन करते रहे तथा पुलिस महकमें में हरीश राठौर की अपनी एक अलग पहचान है, तथा वे सदैव अपनी जिम्मेदारियो का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करते हैं, तथा अनेकों बार हरीश राठौर को शासन द्वारा सम्मानित भी किया जा चुका है, हरीश राठौर को मिली इस पदोन्नति पर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित लिमिटेड शक्ति संभाग के भी अधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# महंत ने सुरेश अग्रवाल को किया हाउसिंग बोर्ड में अपना प्रतिनिधि नियुक्त



पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com

जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश अग्रवाल (बाघ बीड़ी) को छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक डॉ चरण दास महंत ने छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल संभागीय कार्यालय शक्ति में अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है, डॉ. महंत ने 25 अक्टूबर 2024 को शक्ति जिले के आईएएस कलेक्टर अमृत विकास टोपनो को प्रेषित अपने पत्र में कहा है कि सुरेश कुमार अग्रवाल को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल में मैं अपना प्रतिनिधि नियुक्त करता हूं, तथा उक्त विभाग में होने वाली समस्त बैठकों में मेरी अनुपस्थिति में सुरेश कुमार अग्रवाल बतौर प्रतिनिधि इस बैठक में शामिल होंगे. उल्लेखित हो कि सुरेश कुमार अग्रवाल पूर्व में भी साल 2018 से 2023 तक शक्ति के विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी निभाने वाले डॉक्टर चरण दास महंत के स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में बतौर प्रतिनिधि के रूप में सजगता के साथ अपनी जिम्मेदारियो का निर्वहन कर चुके हैं, तथा उनके प्रतिनिधि के रूप में जहां शक्ति के सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में सकारात्मक पहल हुई, तो वहीं कोरोना के संक्रमण काल में भी सुरेश अग्रवाल ने तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत के निर्देश पर जहां पूरे क्षेत्र में कोविड से बचाव की दिशा में स्वास्थ्य अधिकारियों एवं जिला प्रशासन के साथ मिलकर लोगों को राहत पहुंचाई।

# 5 नवम्बर को राज्योत्सव में रहेगी छत्तीसगढ़ी लोक गायक संजय सुरीला की धूम, राज्योत्सव में दिखेगी विकास की झलक

## कलेक्टर शर्मा ने लिया ज़िला स्तरीय राज्योत्सव की तैयारियो का जायजा

■ मंच, बैठक व्यवस्था एवं अन्य तैयारियों के संबंध में दिये ज़रूरी निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के बेसिक स्कूल मैदान में आगामी 05 नवम्बर को जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह का आयोजन किया जा रहा है। राज्योत्सव का आयोजन पूर्ण गरिमा के साथ किया जाएगा। राज्योत्सव में छत्तीसगढ़ी लोक गायक संजय सुरीला सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। स्थानीय स्कूली बच्चों द्वारा भी शानदार एवं रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। राज्योत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा विकास पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जहॉं विकास की झलक दिखेगी। इसके अलावा अन्य संस्थानों द्वारा भी अपने उत्पादों की बिक्री या प्रदर्शन के लिए स्टॉल लगाये जा रहे है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बीते रविवार बेसिक स्कूल मैदान पहुंचकर राज्योत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। इससे पहले जिला पंचायत के सभागार मैं अधिकारियों की बैठक भी ली । कलेक्टर ने विभिन्न विभागों द्वारा विकास पर आधारित लगाई जा रही जीवंत विकास प्रदर्शनी के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होने कहा कि स्टॉल राज्योत्सव के गरिमा के अनुरूप होनी चाहिए। लोकसभा संसद महासमुंद रूपकुमारी चौधरी मुख्य अतिथि होंगी। ज़िला स्तरीय राज्योत्सव का शुभारम्भ 5 नवम्बर को शाम 6 बजे होगा। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी नरवा,गरूवा,घुरूवा,बारी योजना को रेखाकिंत करते हुए स्टॉल लगेगा । महिला एवं बाल विकास विभाग को बच्चों एवं महिलाओं के सुपोषण के लिए पौष्टिक व्यंजनों पर आधारित स्टॉल लगाने कहा । लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जल जीवन मिशन के कार्यो पर आधारित स्टॉल लगाने के निर्देश दिये जहां जल जीवन मिशन के झलक दिखेगा। जनसंपर्क विभाग की विकास आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी । कलेक्टर रणबीर शर्मा ने राज्योत्सव सफल, सुव्यवस्थित आयोजन के लिए ज़िला अधिकारियों को दायित्व सौपें है। सी ई ओ जिला पंचायत नोडल अधिकारी होंगे। एडीएम व एसडीएम सहायक नोडल अधिकारी होंगे। कलेक्टर ने मंच, बैठक व्यवस्था, बैरिकेटिंग, यातायात व्यवस्था, विद्युत, पेयजल, साफ सफाई और सजावट आदि की व्यवस्था का दायित्व सौपा है। कलेक्टर ने मंच, बैठक व्यवस्था, बैरिकेटिंग, यातायात व्यवस्था, विद्युत, पेयजल, साफ-सफाई और सजावट आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ टेकचंद्र अग्रवाल, एडीएम प्रकाश भारद्वाज, एस डी एम बेमेतरा घनश्याम तंवर वह मुकेश गोड़,नवा गढ़,सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी वह एसडीओपी मनोज तिर्की उपस्थित थे।

# शिक्षा विभाग के बाबूओं का कारनामा.. फरारी काटने वाले व्याख्याता को 113 दिनों का चिकित्सा अवकाश!

■ वेतन घोटाले में लिप्त व्यक्तियों पर सख्त कार्यवाही की हुई मांग, डीईओ से हुई शिकायत

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ अधिकारी व कर्मचारियों और स्कूल में पदस्थ प्राचार्य व व्याख्याता ने मिलकर मिथ्या व भ्रामक जानकारी व दस्तावेज प्रस्तुत कर संचालनालय से 113 दिनों का चिकित्सा अवकाश स्वीकृत कराया है। इस प्रकरण की लिखित दो शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी को अब तक दी जा चुकी है, लेकिन जांच आरंभ नहीं हो पाई है। इस मामले की शिकायत करने वाले पैरेंट्स एसोसियेशन ने नाराजगी जताई है।

छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने नवपदस्थ डीईओ को जानकारी दी है कि उत्तरा लहरे जो शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, कोकपुर, विकासखंड डोंगरगांव में पदस्थ है। वह दिनांक 23 जनवरी 2023 से लेकर 15 मई 2023 तक शाला नहीं पहुंचे। उनके विरूद्ध 22 जनवरी 2023 को डोंगरगांव थाने में पॉक्सो का केस दर्ज हुआ था।

पॉल का कहना है कि, जो व्याख्याता कई महीनों तक फरार था। बिना सूचना दिए अनाधिकृत रूप से स्कूल से अनुपस्थित था, उसका अवकाश स्वीकृत करने का कोई प्रावधान नहीं है। बावजूद इसके उत्तरा लहरे का 113 दिनों का चिकित्सा अवकाश संचालनालय से मिथ्या जानकारी व दस्तावेज प्रस्तुत कर स्वीकृत कराया गया। जबकि शासन द्वारा जारी अवकाश नियम में यह स्पष्ट है कि, 90 दिनों से अधिक अवकाश पर रहने से मेडिकल बोर्ड द्वारा वर्क टू फिट यानि स्वास्थ्य होने का प्रमाण पत्र जारी किया जाता है, जबकि उत्तरा लहरे को 113 दिनों का चिकित्सा प्रमाण पत्र एक डॉक्टर ने जारी किया और उसी को आधार बनाकर उसे 113 दिनों का अवकाश स्वीकृत कराया गया। उत्तरा लहरे 113 दिनों तक फरार थे, अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित थे और विभाग को इसकी पूरी जानकारी थी। पॉल ने यह भी बताया कि शासन द्वारा जारी आदेश में यह स्पष्ट लिखा हुआ है कि कोई शासकीय सेवक यदि बिना सूचना दिए एक माह से अधिक दिनों तक अनुपस्थित रहता है, तो उसका अवकाश स्वीकृत नहीं किया जावे, ऐसे शासकीय सेवक के विरूद्ध तत्काल विभागीय कार्यवाही किए जाने का प्रावधान है, जबकि उत्तरा लहरे के मामले में विभाग ने कोई विभागीय कार्यवाही नहीं किया, उसे 113 दिनों का चिकित्सा अवकाश स्वीकृत कराया गया। पॉल ने विभाग को दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत कर यह भी जानकारी दिया है कि उत्तरा लहरे को 113 दिनों का चिकित्सा अवकाश दिलाने के लिए कैसे उसकी उपस्थिति पंजी में छेड़छाड़ किया गया है, जो गंभीर प्रवृत्ति का संगठित अपराध है, जिसे जान-बुझकर सुनियोजित ढंग से किया गया है।

# सेवा सुशासन के कारण भाजपा को मिला विश्व में पहचान : रामविचार नेताम



पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा संगठन महापर्व का जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन भाजपा कार्यालय के सभा कक्ष ने किया गया। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों के द्वारा भारत माता,श्यामा प्रसाद मुखर्जी,पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ धूप दीप प्रजलित कर प्रारंभ किया गया। रामानुजगंज विधायक एवं कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो सेवा सुशासन के माध्यम से आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनकर उभरी है। जिला संगठन चुनाव प्रभारी अखिलेश सोनी एवं जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रतापपुर विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य कृष्ण गुप्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह ओम प्रकाश सोनी,जयप्रकाश गुप्ता,आनंद जायसवाल भाजपा जिला मंत्री संजय सिंह,दीनानाथ यादव,शिवशंकर सिंह पैकरा,गौरी शंकर अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# गोबर से गिरिराज बनाकर की पूजा एंव गाय को खिलाई गयी खिचड़ी

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले के ग्राम अमचो में समस्त ग्रामवासियों के द्वारा मिलकर गाय की गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर यादव समाज के भाई लोगों के द्वारा पूजा अर्चना किया गया। गांव की सुख शांति एवं समृद्धि की कामना हेतु अपने-अपने घरों में गाय को खिचड़ी खिलाया गया। इसी तारतम्य में डुकेश्वर चंद्राकर ने भी अपने परिवार सहित मिलकर गाय की पूजा अर्चना कर खिचड़ी खिलाया। गोवर्धन पूजा की कहानी बताते हुए गौकरण चंद्राकर ने बताया कि दिवाली के मौके पर हर घर में एक अलग ही रौनक दिखाई देती है। ये सिलसिला धनतेरस नाम के पर्व से शुरू होता है और जारी रहता है अगले पांच दिनों तक।जिस दिन दिवाली का पर्व होता है, उस के अगले ही दिन आने वाला पर्व होता है गोवर्धन पूजा।अगर हिंदू पंचांग के अनुसार देखें तो कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि जब आती है तब गोवर्धन पूजन किया जाता है जो लोग गोवर्धन पूजा करते हैं वो लोग गोवर्धन पर्वत बनाते हैं और गायों की पूजा भी करते हैं. गाय पूजन इस दिन बहुत शुभ माना जाता है। नुतेश्वर चंद्राकर का कहना है कि गोवर्धन पूजा का जिक्र भागवत पुराण की कथाओं में किया गया है. भगवान कृष्ण से जुड़ी कथा प्रचलित है कि भगवान कृष्ण ने वृंदावन के लोगों से कहा था कि वो भगवान इंद्र का पूजन करने की जगह गोवर्धन पर्वत का पूजन करें।ये बात जब इंद्र के दरबार तक पहुंची तो वो गुस्से से आग बबूला हो गए और वृंदावन पर बारिश की शुरुआत कर दी जो धीरे धीरे भयानक होती चली गई तब भगवान कृष्ण ने अपने गांव के लोगों को बचाने के लिए पूरा गोवर्धन पर्वत अपनी छोटी उंगली पर उठा लिया। उसी पर्वत के नीचे गांव के सारे लोग और पशुओं ने शरण ली थी।तब से उसकी आज तक अपने रक्षक समझकर पूजा करते आ रहे है।

# भाई दूज पर बहनों ने भाइयों को लगाया तिलक, मुंह मीठा कर लंबी उम्र की कामना

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम अमचो में भाई-बहन के प्यार और रिश्तों को पवित्र करने वाला त्यौहार भाई दूज बड़ी धूमधाम से मनाया गया। गांव के शिक्षक नुतेश्वर चन्द्राकर ने इस त्योहार के पीछे पौराणिक मान्यताओं को बताया कि भाई दूज के दिन ही यमराज अपनी बहन यमुना के घर गए थे।इसके बाद से ही भाई दूज या यम द्वितीया मनाने की परम्परा शुरू हुई। सूर्य पुत्र यम और यमी भाई बहन थे। यमुना के कई बार बुलाने पर एक दिन यमराज यमुना के घर पहुंचे। इस मौके पर यमुना ने प्रसन्न होकर यमराज को भोजन कराया और माथे पर तिलक लगाकर उनके खुशहाल कामना की। जीवन की इसके बाद जब यमराज ने बहन यमुना से वरदान मांगने को कहा, तो यमुना ने कहा कि आप हर वर्ष इस दिन मेरे घर आया करो और इस दिन जो भी बहन अपने भाई का तिलक करेगी उसे तुम्हारा भय नहीं होगा। बहन यमुना के वचन सुनकर यमराज अति प्रसन्न हुए और उन्हें आशीष प्रदान किया। इसी दिन से भाईदूज पर्व की शुरुआत हुई। इस दिन बहनें भाई की लंबी उम्र की कामना के लिए यम के नाम का दीपक घर के बाहर जलाती है। इस दिन यम की पूजा करते हुए बहन प्रार्थना करें कि हे यमराज, मार्कण्डेय ऋषि, हनुमान जी, दैत्यराज राजा बलि, ब्रह्मर्षि वेद व्यास, विभीषण, मुनि कृपाचार्य, परशुराम तथा अश्वत्थामा इन आठ चिरंजीवियों की तरह मेरे भाई को भी चिरंजीवी होने का वरदान दें।

# डोंगरगांव के लिए एक करोड़ की स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



सांसद संतोष पांडे की अनुशंसा पर नगर पंचायत डोंगरगांव में एक करोड पचास हजार के प्रशासकीय स्वीकृति नगरीय प्रशासन मंत्रालय ने प्रदान की है। उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने प्रत्येक नगर पंचायत को वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों के लिए 1.50-1.50 करोड़ रुपए की अनुदान राशि स्वीकृति प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है। इसी कड़ी में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 24 कार्यों हेतु अधोसंरचना मद अंतर्गत एक करोड़ पचास हजार स्वीकृति प्रदान की गई है। डोंगरगांव नगर में विकास कार्यों के लिए राशि प्रदान करने हेतु सांसद संतोष पांडे का डोंगरगांव भाजपा द्वारा आभार व्यक्त किया गया है ।

## वाहन ने पीछे से मारी टक्कर, बाइक सवार की मौत

**राजनांदगांव।** खैरागढ़ जिला मुख्यालय में बाइक सवार को पीछे से जोरदार ठोकर मारने से एक युवक की मौत हो गई।

जबकि दूसरे व्यक्ति को चोंटे पहुंची है। पुलिस ने शिकायत के बाद मामले को जांच में लिया है। जालबांधा क्षेत्र के ग्राम मुढ़भादुर निवासी मुकेश साहू 2 नवंबर को अपनी मोटर साइकिल से अपने दोस्त सूरज राउत के साथ टिकरापारा से अपने दोस्त की दुकान जा रहे थे। रात्रि करीबन 9 बजे पुष्पक सेल के सामने मेन रोड पर टाटा पेंच के वाहन चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। घटना के बाद मुकेश और उसके साथी सूरज को अस्पताल पहुंचाया गया जहां सूरज को मृत घोषित कर दिया गया। मुकेश को भी कई जगहों पर चोटें आई हैं। पुलिस ने शिकायत के बाद मामले को जांच में लिया है।

# दीपावली पर सुवा नृत्य की परंपरा आज भी कायम, विधायक दीपेश साहू ने निवास कार्यलय मे सुवा नृत्य नाचने आई दीदियो का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विधानसभा आंचल में दीपावली पर्व के पूर्व छत्तीसगढ़ की लोक पारम्परिक सुवा नृत्य करने की परम्परा है जिसकी शुरुवात दहशरा के बाद से शुरू हो जाती है सुवा नृत्य की प्राचीन परंपरा को आज भी महिलाएं व बच्चों ने जिंदा रखा है सुबह से देर शाम तक घरों में महिलाओं एवं बालिकाओं की टोलियां दस्तक दे रही है इससे दीपावली पर्व की रौनकता बढ़ती जा रही है सुवा नृत्य करने वाले महिलाएं बीच मे सुवा रखकर चारों तरफ परिक्रमा करती है नृत्य करते समय शिव - पार्वती, गणेश ,राम -सीता ,लक्ष्मण पर गीत गाती है गांव के देवी देवताओं का स्मरण करते हुए से गांव की खुशहाली की कामना करती है द्य इसी कड़ी मे बेमेतरा मुख्यालय में स्थित विधायक निवास में सुवा नृत्य करने पहुंची नगर एवं विधानसभा क्षेत्र की दीदियो का



विधायक दीपेश साहू स्वागत सत्कार किया द्य इस दौरान मान सम्मान पाकर सुवा सुवा नृत्य करने वाली दीदियो मे प्रसन्न नजर आई।

### सुवा नृत्य करती दीदियो को देखकर विधायक हुए भाव- विभोर

विधायक साहू ने गांव की परंपरा के अनुसार मेहमान के रूप में दीदियो का सम्मान भेटकर अपने दायित्व का निर्वहन किया द्य विधायक दीपेश साहू ने कहा की सुआ नृत्य न केवल स्थानीय संस्कृति को जीवित रख रहा है, बल्कि सामुदायिक भावना को भी प्रोत्साहित कर रहा है। साहू ने कहा है कि यह परंपरा आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जिससे उनकी संस्कृति संरक्षित रहेगी द्य साथ ही साहू ने सभी सुवा नृत्य करने वाली दीदियो का हाल चाल जाना और सभी परिस्थितियों मे हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# विधायक दीपेश साहू ने की गौरा-गौरी की पूजा प्रदेशवासियों एवं क्षेत्रवासियो की सुख समृद्धि की कामना

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com





दिपों की महापर्व दीपावली की सुअवसर पर नगर के विभिन्न वार्डो मे पहुंचकर गौरा गौरी की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों क्षेत्रवासियो के सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर विधायक दीपेश साहू परंपरा अनुसार सोंटे से प्रहार लिया । लोक मान्यता है कि गौरा गौरी पूजा के मौके पर सोंटे से प्रहार से अनिष्ट टलते हैं और खुशहाली आती है। इस दौरान विधायक साहू समस्त नगर एवं क्षेत्रवासियो कॉ दीपावली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दीप पर्व आप लोगों के जीवन को इसी तरह जगमग करता रहे। साहू ने कहा कि हर बार आप लोगों के बीच आकर मुझे बहुत खुशी महसूस होती है और दिवाली का आनंद आप लोगों के साथ साझा कर मन हर्षित हो जाता है। इस मौके पर गौरा गौरी की पूजा के साथ नगर भ्रमण भी किया। साथ ही शहरवासियों से भी मिले। सभी ने उनका गर्मजोशी से आत्मीय स्वागत किया। गड़वा बाजा की सुमधुर ध्वनि के साथ अभूतपूर्व दृश्य बेमेतरा नगर में दिखा। लोकपर्व के अपूर्व उत्साह में पूरा शहर विधायक के साथ सरोबार दिखा। सारा शहर गलियों में उमड़ आया। उत्साह से भरे चेहरे, नृत्य करते लोग। दीपावली का लोक जीवन का अपूर्व आनंद, जिसने भी यह दृश्य देखा अभिभूत हो गया।इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू देवांगन, शहर मण्डल अध्यक्ष युवा मोर्चा धर्मेंद्र साहू, डॉ नरेश साहू, दीनानाथ साहू, गौरव साहू सहित नगरवासी उपस्थित रहे ।

## आरोपियो के कब्जे से घटना में प्रयुक्त शब्बल, 02 नग मोबाईल एवं मोटर सायकल जप्त

# बीजाभाठ में महिंद्रा वाहन को जलाने एवं किराना स्टोर्स से 03 सीसी टीवी कैमरा, कम्प्यूटर सेट, चोरी मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम बीजाभाठ में पिकअप वाहन जलाने एवं किराना स्टोर से तीन सीसीटीवी कैमरा एक कंप्यूटर सहित अन्य सामान चोरी करने के आरोप में दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया और आरोपी के द्वारा घटना को अंजाम देने के लिए सबल मोबाइल तथा मोटरसाइकिल को जप्त किया गया। प्रार्थी हीरा लाल सिन्हा उम्र 36 वर्ष साकिन बीजाभाठ थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा ने 29.10.2024 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28.10.2024 के रात्रि 23/30 बजे से 29.10.2024 के 01/30 बजे के मध्य को अज्ञात आरोपी दवारा ग्राम बीजाभाठ मे प्रार्थी के वाहन महिंद्रा मैक्सी ट्रक (पिकअप ) क्रमांक CG 04 LK 3389 को आग से जला दिया हैं जिससे 04 लाख 50 हजार रूपये का नुकसान हुआ हैं प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 324(1),324(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। प्रार्थी तारकेश्वर यादव उम्र 28 वर्ष सा बीजाभाठ ने 01.11.2024 को थाना बेमेतरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके ग्राम बीजाभाठ स्थिति किराना दुकान से 03 सीसी कैमरा, 01 कम्प्यूटर सेट, सीसी कैमरा के DVR को कोई अज्ञात चोर दिनांक 31.10.2024 को रात्रि मे दुकान के शटर को तोड़ कर जुमाला कीमती 40 हजार रुपये को चोरी कर ले गया हैं प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 331(4), 305(a) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया । जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने तत्काल आरोपी के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश कुमार साहू को अपराध विवेचना हेतु थाना स्टाफ के साथ लगाया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान संदेही दिग्विजय सिंह दिवाकर ऊर्फ गोपू साकिन बीजाभाठ एवं संदीप धृतलहरे साकिन राका को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ करने पर पता चला कि संदेही दिग्विजय सिंह दिवाकर ऊर्फ गोपू एवं प्रार्थी हीरालाल सिन्हा दोनो का पोल्ट्री फार्म (मुर्गा दुकान) है ग्राम बीजाभाठ मे हीरालाल सिन्हा अपना मुर्गा कम रेट में बेचता था जिसके कारण दिग्विजय सिंह दिवाकर का मुर्गा का धंधा में नुकशान हो रहा था इसी कारण से हीरालाल के वाहन को पेट्रोल डाल कर आग से जलाना एवं तारकेश्वर यादव के सीसी कैमरा में रिकार्ड होने से फसने के डर से तारकेश्वर यादव के दुकान के शटर को सब्बल से तोड़ कर सीसी कैमरा, DVR एवं कंप्यूटर सेट को 31.10.2024 के रात्रि में चोरी कर अमोराघाट शिवनाथ नदी के किनारे पेट्रोल डाल कर जला देना बताया। उक्त आरोपीगण के कब्जे से घटना में प्रयुक्त शब्बल, 02 नग मोबाईल फोन एवं मोटर सायकल जप्त किया गया है। आरोपी दिग्विजय सिंह दिवाकर ऊर्फगोपू पिता कार्तिक राम दिवाकर उम्र 30 वर्ष साकिन बीजाभाठ थाना व जिला बेमेतरा 2. संदीप धृतलहरे पिता संतोष उम्र 25 वर्ष साकिन राका थाना व जिला बेमेतरा को 02.11.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश स्त्रह्ममार साहू, सउनि जितेन्द्र कश्यप, सउनि उदलराम टांडेकर, आरक्षक धनेश लहरे, लव कुमार यादव, देवेन्द्र साहू, चुरावन पाल सहित थाना स्टाफ का सराहनीय भुमिका रही।

# किशोरी को रास्ते में रोका, थप्पड़ मारा.. आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

डोंगरगांव क्षेत्र में एक किशोरी से सडक़ में रोककर बात नहीं करने को लेकर मारपीट और देर शाम को घर के सामने गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर डोंगरगांव पुलिस ने आरोपी युवक के विरूद्ध मामला दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगांव थाना में प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 29 अक्टूबर को उसके पिता डोंगरगांव के स्कूल ग्राउंड में पटाखा दुकान लगाए थे। एक नवंबर की शाम लगभग 7.30 बजे दुकान के सामान को प्रार्थिया समेटकर बंद कर अपने छोटे भाई के साथ घर जाने अपनी मोपेड से निकले थे। डोंगरगांव के एक होटल के सामने सडक़ पर पीछे से आकर चेतन साहू नामक युवक मोटर साइकिल में था, आकर रोको कहा और अपनी मोटर साइकिल को स्कूटी के सामने खड़ी कर मोपेड की चाबी को निकालकर कहा कि मुझसे बात क्यों नहीं कर रही है एवं मुझसे बात करोगी या नहीं, हां या ना में बताओ, नहीं करने पर चेतन साहू द्वारा दांया गाल पर हाथ-मुक्का से मारा। रात्रि करीबन 10.30 बजे चेतन साहू घर के सामने आकर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। चेतन साहू द्वारा गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने पर माता-पिता सुने हैं। डोंगरगांव पुलिस ने शिकायत के बाद मामले को जांच में लिया है।

# कश्मीर में अलग-अलग मुठभेड़ों में तीन आतंकवादी ढेर, चार सुरक्षाकर्मी घायल

एजेंसी ◂ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



जम्मू कश्मीर में अलग-अलग मुठभेड़ों में तीन आतंकवादी मारे गये और चार सुरक्षाकर्मी घायल हो गये। आधिकारिक प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अनंतनाग जिले में मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए, जबकि श्रीनगर में एक संदिग्ध विदेशी आतंकवादी मारा गया। आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल ने पुराने श्रीनगर के खानयार इलाके में शुक्रवार की रात संयुक्त घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया। इसी दौरान वहां मौजूद आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी और सेना के जवाबी हमले के बाद दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गयी। मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और चार सुरक्षाकर्मी घायल हो गये। उन्होंने बताया कि अनंतनाग में कछ्वान के हलकान गली में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ उस समय शुरू हुई जब संयुक्त बल जंगल क्षेत्र में तलाश अभियान चला रहे थे। इसी दौरान वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू की।

जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलायी जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गयी। मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये हैं। यहां सुरक्षा बलों का अभियान अभी जारी है। इस बीच बांदीपोरा जिले में कल रात गोलीबारी के बाद बड़े पैमाने पर तलाश अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि बांदीपोरा के पनार इलाके में संदिग्ध गतिविधियां देखी गयी। जब आतंकवादियों को ललकारा गया तो उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और जंगल में भाग गये।

# हिमाचल पर मोदी का बयान दुर्भाग्यपूर्ण : चौहान

एजेंसी ◂ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए बयान ने राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस सरकार ने अपने वादों को पूरा नहीं किया है। वहीं, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने इन आरोपों का कड़ा जवाब देते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दुष्प्रचार कर रही है और हिमाचल को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने मोदी के बयान को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताते हुए कहा कि उन्हें सही जानकारी नहीं दी जा रही है। चौहान ने कहा कि जब कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई, तो प्रदेश पर कर्ज का भारी बोझ था और कर्मचारियों की देनदारियां भी ज्यादा थीं। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि पिछले साल हिमाचल में प्राकृतिक आपदा आई थी, लेकिन उस समय पीएम मोदी ने हिमाचल के लिए कोई राहत पैकेज नहीं दिया। चौहान ने कहा कि कांग्रेस सरकार जनता के हित में काम कर रही है और उन्होंने अपने पांच वादों को पूरा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार हिमाचल को कोई विशेष मदद नहीं कर रही है और जो सहायता मिल रही है, वह प्रदेश का हक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पूरे देश के हैं और उन्हें इस तरह से किसी भी राज्य को लेकर बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार जब सत्ता में आई तो प्रदेश पर कर्ज के बोझ के साथ कर्मचारियों की काफी ज्यादा देनदारियां थी। बीते वर्ष प्रदेश में भारी आपदा आई थी लेकिन उस समय देश के प्रधानमंत्री ने हिमाचल के बारे में एक भी शब्द नहीं बोला और न ही कोई राहत का पैकेज दिया। देश के प्रधानमंत्री को हिमाचल की चिंता होती तो उस समय हिमाचल की मदद करते।

## झारखंड में कुख्यात अपराधी मंसूर अंसारी सहित तीन गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड के रांची जिले के बेड़ो थाना पुलिस ने कुख्यात अपराधी मंसूर अंसारी सहित तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने आज बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में बेड़ो थाना निवासी मंसूर अंसारी, लकी उरांव और शाहबान अंसारी शामिल है। इनके पास से एक राइफल, एक देसी अवैध कार्बाइन, एक मिसफायर गोली और एक खोखा बरामद किया गया है। अग्रवाल ने बताया कि आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर वारंटी और अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे छापामारी अभियान के क्रम में गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधी मंसूर अंसारी , लकी उरांव किसी बडी अपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना के बाद बेड़ो डीएसपी अशोक कुमार राम के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चनगनी गांव के स्कूल मैदान स्थित कुख्यात अपराधी मंसूर अंसारी अपने गिरोह के सदस्यों के साथ बैठकर शराब पीते हुये अपराध की योजना बना रहे थे। टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी को देखकर अपराधी भागने लगे, जिसे पुलिस टीम द्वारा दौड़ा कर पकडा गया।

# अर्जुन सिंह की जयंती पर मुशायरा और कवि सम्मेलन पांच नवंबर को

एजेंसी ◂ भोपाल
www.dailypioneer.com

कांग्रेस नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह की जयंती पर पांच नवंबर को यहां मुशायरा और कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। अर्जुन सिंह सद्भावना मंच मध्यप्रदेश की ओर से यादे अर्जुन सिंह के नाम से आयोजित कार्यक्रम में देश और प्रदेश के अनेक कवि और शायद अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। इस आयोजन में अपने अपने क्षेत्र की चार हस्तियों, कॉर्डिएक सर्जन डॉ. वाई. के. मिश्रा, शायर मंजर भोपाली, युवा एवं चर्चित नेता कन्हैया कुमार और पर्वतारोही मेघा परमार को अर्जुन सिंह अलंकरण÷ से नवाजा जाएगा। आयोजन समिति के सचिव डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान ने आज यहां बताया कि मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं आयोजन समिति के संरक्षक अजय सिंह के निर्देशन में इस दिन पूर्व मुख्यमंत्री सिंह को श्रद्धांजलि भी अर्पित की जाएगी। पांच नवंबर को सुबह यहां स्थानीय पीईबी चौराहे पर स्थित अर्जुन सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कार्यक्रम होगा। इसी दिन रात्रि 8 बजे स्थानीय सेंट्रल लाइब्रेरी मैदान में मुशायरा और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। चौहान ने बताया कि सम्मेलन में उत्तरप्रदेश सरकार के पूर्व गृह मंत्री जफर नक़वी शामिल रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविन्द सिंह, क्षेत्रीय विधायक आरिफ मसूद और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। सम्मेलन में प्रोफेसर वसीम बरेलवी (लखनऊ), अरुण जैमिनी (हरियाणा), डॉ. नवाज़ देवबंदी (देवबंद), जौहर कानपुरी (कानपुर), मंजर भोपाली (भोपाल), चरण सिंह बशर (लखनऊ), प्रोफ़ेसर शहपर रसूल (दिल्ली), डॉ. रियाज़ साग़र (मुज़फ़्फ़र नगर), शबीना अदीब (कानपुर), अनवर कमाल (बहरीन), वला जमाल (मिस्र), सबा बलरामपुरी (लखनऊ), कलीम समर टुन्न (बदायूँ), डॉ ज़िया टोंकी (राजस्थान), कपिल जैन (यवतमाल), सतलज राहत (इंदौर) एवं क़ाज़ी मलिक नवेद (भोपाल) शिरकत करेंगे। इस बार मुशायरा अंतर्राष्ट्रीय शायर मरहूम मुनव्वर राणा को समर्पित रहेगा।

## मालगाड़ी के चार डिब्बे पटरी से उतरे, रेल यातायात प्रभावित

**शहडोल।** शहडोल और सिंहपुर स्टेशन के बीच पोण्डानाला के पास आज शाम गिट्टी से लदी एक मालगाड़ी के चार डिब्बे पटरी से उतर गए, जिसके चलते रेल यातायात बाधित हो गया। रेलवे के कर्मचारियों द्वारा रेस्क्यू कार्य किया जा रहा है। रेलवे के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गिट्टी से लोड मालगाड़ी के चार डिब्बे पोण्डानाला के पास अचानक पटरी से उतर गए। घटना के बाद रेल्वे के कर्मचारी घटना स्थान पर पहुंच कर लाइन साफ करने के काम में जुट गये हैं। घटना के चलते रेल यातायात बाधित हो गया है।

# जौनपुर में सूर्य उपासना का पर्व डाला छठ की तैयारी शुरू, लौटने लगे परदेसी

एजेंसी ◂ जौनपुर
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के जौनपुर में संतान प्राप्ति, पुत्रों के दीर्घायु व व यशस्वी होने की मनोकामना पूर्ति के लिए सूर्य उपासना का पर्व डाला छठ कार्तिक मास शुक्ल पक्ष तिथि चतुर्थी यानी 05 नवम्बर से प्रारंभ होकर 08 नवम्बर को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर समापन होगा । चार दिवसीय इस पर्व की जनपद में तैयारी जोर शोर से चल रही है । इस पर्व से पूर्व घरों में साफ-सफाई के साथ लोगों ने खरीदारी शुरू कर दी है , जिसके चलते बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है । नदियों व तालाबों के किनारे पूजन स्थलों को साफ किया जा रहा है । मुंबई ,दिल्ली , गुजरात व कोलकाता आदि महानगरों से बड़ी संख्या में परदेसी घर को लौट रहे हैं , जिसके चलते ट्रेनों और बसों में भीड़ बढ़ गई है । डाला छठ व्रत का मुख्य प्रसाद ठेकुआ है। यह गेहूं का आटा, गुड़ और देशी घी से बनाया जाता है। प्रसाद को मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी जलाकर पकाया जाता है। ऋतु फल में नारियल, केला, पपीता, सेब, अनार, कंद, सुथनी, गागल, ईख, सिघाड़ा, शरीफा, कंदा, संतरा, अनन्नास, नींबू, पत्तेदार हल्दी, पत्तेदार अदरक, कोहड़ा, मूली, पान, सुपारी, मेवा आदि का साम?र्थ्य के अनुसार गाय के दूध के साथ अर्घ्य दिया जाता है। यह दान बांस के दऊरा, कलसुप नहीं मिलने पर पीतल के कठवत या किसी पात्र में दिया जा सकता है। नहाय-खाय के दूसरे दिन सभी व्रती पूरे दिन निर्जला व्रत रखते हैं। सुबह से व्रत के साथ इसी दिन गेहूं आदि को धोकर सुखाया जाता है। दिन भर व्रत के बाद शाम को पूजा करने के बाद व्रती खरना करते हैं। इस दिन गुड़ की बनी हुई चावल की खीर और घी में तैयार रोटी व्रती ग्रहण करेंगे। कई जगहों पर खरना प्रसाद के रूप में अरवा चावल, दाल, सब्जी आदि भगवान भाष्कर को भोग लगाया जाता है। इसके अलावा केला, पानी सिघाड़ा आदि भी प्रसाद के रूप में भगवान आदित्य को भोग लगाया जाता है। खरना का प्रसाद सबसे पहले व्रती खुद बंद कमरे में ग्रहण करते हैं। खरना का प्रसाद मिट्टी के नये चूल्हे पर आम की लकड़ी से बनाया जाता है। चार दिवसीय उपासना का पर्व 05 नवंबर को नहाय खाय, 06 नवम्बर को खरना , 07 नवम्बर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य और 08 नवम्बर को उदयाचल सूर्य को अ?र्घ्य देकर समापन किया जाता है ।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला महिला का शव

एजेंसी ◂ जौनपुर
www.dailypioneer.com

उत्तरप्रदेश के जौनपुर जिले में सुजानगंज क्षेत्र स्थित ग्राम खतिरहा निवासी दो बच्चो की मां ममता देवी (35) पत्नी अवधेश का शव रविवार को घर से दो मीटर दूर खेत में मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फै ल गई है। पुलिस के अनुसार मृतक महिला का पति अवधेश एक श्रमिक है मजदूरी करके अपने परिवार की जीविका चला रहा था। शनिवार की देर रात अचानक उसकी पत्नी गायब हो गई वह खोज बीन कर रहा था,कि ग्रामीण जनो ने सुबह घर से दो सौ मीटर दूर स्थित खेत में ममता की लाश देखी। लाश का गला गमछा से कसा हुआ था, लाश देखने के बाद प्रथम दृष्टया ही हत्या प्रतीत हो रहा थी। महिला के एक पुत्र और एक पुत्री भी है। ग्रामीणों ने पुलिस का सूचित किया पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाबत थानाध्यक्ष सुजानगंज राजीव मल्ल से बात करने पर उन्होंने बताया कि घटना तो प्रथम दृष्टया हत्या ही लग रही है । लाश का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मृतका के भाई से तहरीर प्राप्त हो गई है । तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस छानबीन करेंगी हत्यारा जल्दी ही सलाखों के पीछे नजर आयेगा। हालांकि परिवार के लोग किसी से कोई रंजिश नही बता पा रहे है।

# आठ राज्यों, पांच केंद्र शासित प्रदेशों के स्थापना दिवस पर समारोह का आयोजन

एजेंसी ◂ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर राजभवन ने केरल, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, चंडीगढ़, पुडुचेरी, दिल्ली, लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया। इस अवसर पर छात्र, सुरक्षाकर्मी और संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लोग विशेष रूप से आमंत्रित थे। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सभा को संबोधित करते हुए आंध्र प्रदेश, केरल, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, कर्नाटक, तमिलनाडु, चंडीगढ़, पुडुचेरी, दिल्ली, लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की महान हस्तियों के महत्वपूर्ण योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्थापना दिवस का पालन हमारे महान राष्ट्र की विविधता में एकता का जश्न मनाने और लोगों के बीच पारंपरिक रूप से मौजूद भावनात्मक बंधनों को मजबूत करने का अवसर है। उपराज्यपाल ने कहा,÷प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच गहन और संरचित जुड़ाव के माध्यम से राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान को मजबूत किया है और एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना के साथ आपसी समन्वय को प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अपनी वास्तविक क्षमता को पहचाना है और विभिन्न क्षेत्रों में नई उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। कलाकारों के मनमोहक प्रदर्शन की सराहना करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि के कार्यक्रम में समृद्ध विरासत, संस्कृति और परंपरा को उजागर किया गया है, जो साझा पहचान की भावना को बढ़ावा देता है। उन्होंने लोगों, विशेषकर युवाओं से आह्वान किया कि वे समावेशी और प्रगतिशील समाज के निर्माण के लिए समर्पण के साथ काम करें ताकि विकसित भारत 2047 के सपने को साकार किया जा सके।

# हाथी के हमले से दो लोगों की मृत्यु सौंपे गए अनुग्रह राशि के आदेश


एजेंसी ◂ उमरिया
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के उमरिया जिले के चंदिया तहसील के बांका और देवरा गांव के दो लोगों की मृत्यु हाथी के हमले से होने के बाद आज वन राज्य मंत्री दिलीप सिंह अहिरवार ने मृतकों के परिजनों से मिलकर उन्हें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशानुसार आठ-आठ लाख रुपए की अनुग्रह राशि के आदेश सौंपे। मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए अहिरवार ने कहा कि इस दुखद घड़ी में राज्य सरकार और वन विभाग पूरी तरह पीड़ित परिवारों के साथ है और उनकी हर संभव मदद की जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ यादव के निर्देश पर वन राज्य मंत्री अहिरवार ने चंदिया पहुँचकर घटना-स्थल का मुआयना किया और मृतक खैरूकोल के घर पहुँचकर शोक-संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यंत दुखद घटना है। उन्होंने मृतक खैरूकोल की बेटी सपना को 8 लाख रुपये की आर्थिक सहायता के स्वीकृति-पत्र सौंपे। अहिरवार ने कहा कि बेटी सपना की पढ़ाई एवं छात्रावास में रहने की सुविधा के अलावा अन्य सुविधाएँ एवं सहयोग भी दिया जायेगा। वन राज्य मंत्री अहिरवार ने ग्राम देवरा में मृतक रामरतन यादव के घर पहुँचकर उनकी पत्नी कल्लीबाई यादव को 8 लाख रुपये की अनुग्रह राशि का स्वीकृति-पत्र सौंपा। अहिरवार ने कहा कि आपको चिंता करने की जरूरत नहीं, सरकार आपकी हर संभव मदद करेगी। इस अवसर पर नगरपालिका चंदिया अध्यक्ष पुरुषोत्तम कोल, वन मण्डलाधिकारी विवेक सिंह, एसडीएम बाँधवगढ़ रीता डहरिया, उप वन मण्डलाधिकारी कुलदीप त्रिपाठी और जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आर्थिक उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की गई हैं

# राज्य की संस्कृति को संजोकर रखने को हरसंभव प्रयास : सुक्खू

एजेंसी ◂ शिमला
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य की समृद्ध संस्कृति को संजोकर रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सुक्खू जिला किन्नौर में चार दिवसीय राज्य स्तरीय किन्नौर महोत्सव के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव किन्नौर के पारम्परिक संगीत, नृत्य और कला शैलियों का प्रतिबिंब है। मुख्यमंत्री ने किन्नौर की अनूठी परम्पराओं को संरक्षित और प्रोत्साहित करने के लिए वहां के लोगों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के उत्सव न केवल समुदाय को एकजुट करते हैं बल्कि लोगों को प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर से रू-ब-रू भी करवाते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों के विकास और यहां के लोगों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की गई हैं और जल्द ही किन्नौर में एक हैलीपोर्ट का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा, यहां के युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए 28 करोड़ रुपये की लागत से खेल परिसर का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किन्नौर जिला के टापरी में जियोथर्मल तकनीक से विश्व का पहला नियंत्रित वातावरण भंडारण (सीए स्टोर) का निर्माण कर रही है। इसके लिए आईसलैंड व हिमाचल सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया है। इससे क्षेत्र बागवान लाभान्वित होंगे और उनकी आर्थिकी सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि बागवानी क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश सरकार ने यूनिवर्सल कार्टन शुरू किया है, जिसके अन्तर्गत बागवानों से प्रति किलो के हिसाब से सेब की खरीद की जा रही है, जो सरकार की सुशासन प्रणाली से ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि किन्नौर के निगुलसरी में बारिश के कारण अधिकतम समय सड़क मार्ग अवरूद्ध रहता है। प्रदेश सरकार ने रिकांगपिओं के लिए वैकल्पिक सड़क मार्ग निर्माण के लिए पांच करोड़ रुपये का प्रावधान किया है ताकि क्षेत्रवासियों को असुविधा का सामना न करना पड़े। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश की बागड़ोर संभालने के उपरान्त राज्य सरकार ने जनहितैशी निर्णय लिए और मंत्रिमण्डल की पहली ही बैठक में कर्मचारियों को उनका हक दिलाने के लिए पुरानी पैंशन बहाल की। इस योजना से प्रदेश के 1.36 लाख सरकारी कर्मचारी लाभान्वित हुए हैं। आपदा के दौरान प्रदेश सरकार सभी प्रभावित लोगों के साथ मजबूती के साथ खड़ी रही और प्रभावितों के लिए 4500 करोड़ रुपये का विशेष राहत पैकेज जारी किया। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्र के विकास के लिए 30.70 करोड़ रुपये की विकासात्मक परियोजनाएं समर्पित की गई हैं। इन योजनाओं से क्षेत्र का विकास होगा और यहां के लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए इस शैक्षणिक सत्र से पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम शुरू किया है। इसके अलावा, सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार जनता की सरकार है, जहां महिलाओं को सम्मान, युवाओं को रोजगार और किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल प्रदेश को वर्ष 2027 तक आत्मनिर्भर राज्य तथा वर्ष 2032 तक देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। सरकार ने अपनी 10 गारंटियों में से पांच गारंटियों को पूरा कर लिया है और पात्र लोगों तक इन योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत जिले के निर्धन एवं भूमिहीन लोगों को भू-पट्टे प्रदान कर उनकी जमीन का मालिकाना हक प्रदान किया। इसके उपरान्त, मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय किन्नौर उत्सव के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगितों के विजेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शिनियों का अवलोकन भी किया और सांस्कृतिक संध्याओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया। जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उमेश नेगी, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्षा सरोज नेगी, महासचिव जिला महिला कांग्रेस ललिता, जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रिया नेगी, सहकारी बैंक के निदेशक विक्रम नेगी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# चुनाव आयोग ने उम्मीदवारों को चुनाव खर्च के लिए अलग बैंक खाता खोलने को कहा

एजेंसी ◂ मुंबई
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों को अपने चुनाव खर्च के लिए एक अलग बैंक खाता खोलने और उसके माध्यम से लेनदेन करने का निर्देश दिया है। विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग के व्यय निर्देश सारांश 2024 के अनुसार, उम्मीदवारों को चुनाव खर्च के लिए पूरी राशि संबंधित बैंक खाते में जमा करनी होगी और चुनाव के लिए खोले गए बैंक खाते से चेक, धनकर्ष, आरटीजीएस, एनईएफटी के माध्यम से अपने चुनाव खर्च का भुगतान करना होगा। उम्मीदवारों को एक घोषणा पत्र प्रकाशित करना होगा कि उनके खिलाफ कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। बयान में कहा गया है कि विज्ञापन खर्च को चुनाव खर्च माना जाएगा।

## चुग ने देविंदर सिंह राणा के घर जाकर जताया शोक

**जम्मू ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग ने रविवार को जम्मू में पार्टी के नेता दिवंगत देविंदर सिंह राणा के घर जाकर उनके निधन पर शोक जताया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी भी मौजूद थे। दोनों नेताओं ने शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान चुग ने स्वर्गीय देविंदर सिंह राणा के बड़े भाई केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह सहित परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। नेताओं ने दिवंगत राणा को श्रद्धांजलि दी और समुदाय के प्रति उनके योगदान तथा सार्वजनिक सेवा में उनकी स्थायी विरासत का सम्मान किया। चुग ने पार्टी नेताओं के बीच सम्मान और एकजुटता की भावना तथा देविंदर सिंह राणा के निधन पर समुदाय द्वारा महसूस की गई गहरी क्षति पर प्रकाश डाला।

# किसी और के नाम फाइनेंस कराकर दर्जनों बुलेट को किसी और को बेचने वाले गिरोह हुआ गिरफ्तार

- दस्तावेज का धोखे से दुरूपयोग कर, कूटरचना कर अनेकों वाहन का फायनेंस
- कोतबा पुलिस ने आरोपी सरगना शाहरूख खान एवं सहआरोपी वसीम अकरम को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



किसी और के नाम के दस्तावेजों का उपयोग कर फर्जी तरीके से वाहन फायनेंस कराने और उसे फिर किसी और को बेचकर कंपनी का पैसा हजम कर लेने वाले सातिर ठगों को जशपुर जिला के कोतबा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस को आशीष शर्मा उम्र 26 साल निवासी कोतबा ने चौकी में एक शिकायत पत्र देकर बताया कि उसे 12 अगस्त को कोरियर के माध्यम से एक आर.सी. बुक प्राप्त हुई। जिसमें वाहन का रजिस्ट्रेशन क्र.सीजीवी-29/ एजी1344 का रजिस्ट्रेशन 6 फरवरी एवं चेचिस नंबर, इंजन नंबर इत्यादि अंकित है। उक्त वाहन को हिंदुजा लिलैंड फायनेंस कंपनी के द्वारा फायनेंस किया गया है। आवेदक एवं इसके परिवार के सदस्य के द्वारा किसी प्रकार का इस वर्ष वाहन नहीं खरीदा गया है, न ही इसके द्वारा किसी प्रकार का मूल दस्तावेज दिया गया है। वाहन खरीदी के दौरान डाउन पेमेंट देकर फायनेंस नहीं कराया गया है। इसके द्वारा दस्तावेज की छायाप्रति को स्कूटी के डिग्गी में रखा गया था जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा दस्तावेज को चुराकर उसका दुरूपयोग करते हुए वाहन फायनेंस कराकर ठगी किया गया है। इस पर अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया।

## अंबिकापुर से हुआ गिरफ्तार

ठगी का गंभीर प्रकरण सामने आने पर पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी द्वारा एसडीओपी पत्थलगांव ध्रुवेश कुमार जायसवाल और चौकी प्रभारी कोतबा को बारीकी से जॉंच कर आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये थे। सायबर सेल एवं मुखबीर से पुलिस टीम को उक्त प्रकरण के आरोपी शाहरूख खान निवासी खोरमा थाना प्रतापपुर के अंबिकापुर में मौजूद होने का पता चलने पर तत्काल टीम द्वारा उसे अभिरक्षा में लेकर चौकी कोतबा लाया गया, पूछताछ में उसने वाहन को वसीम अकरम उर्फ चम्पा से फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर एक व्यक्ति को विक्रय करना एवं अन्य कई वाहनों को दूसरे व्यक्ति को विक्रय करना बताया। वाहन विक्रय से प्राप्त राशि का हिस्सा को अपने पास रखना बताया। आरोपी शाहरूख खान के पेष करने पर 01 बुलेट वाहन को जप्त किया गया है। आरोपी शाहरूख खान से पूछताछ करने पर अपराध को घटित करना स्वीकार करने पर उसे 1 नवंबर को गवाहों के समक्ष गिरफ्तार किया गया है।

## 10 महंगे बुलेट बरामद

प्रकरण में वाहन जप्ती एवं अन्य आरोपी के संबंध में संपूर्ण जानकारी हेतु अभियुक्त शाहरूख खान का 02 दिवस पुलिस रिमाण्ड लेकर पुलिस टीम उसे साथ में लेकर अंबिकापुर से अलग-अलग 04 व्यक्तियों से 08 नग बुलेट वाहन 01 नग स्कूटी वाहन एवं सूरजपुर से 02 व्यक्तियों से 02 नग बुलेट को जप्त कर चौकी कोतबा लाया गया है। पुलिस टीम द्वारा पता-तलाश कर प्रकरण के सह आरोपी वसीम खान निवासी रसुलपुर अंबिकापुर को भी अभिरक्षा में लेकर चौकी में लाया गया, पूछताछ करने पर उक्त अपराध को घटित करना स्वीकार करने पर उसे 3 नवंबर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शाहरूख खान निवासी खोरमा थाना प्रतापपुर के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली अंबिकापुर में अप.क्र. 555/24 धारा 420, एवं थाना राजपुर जिला बलरामपुर में अप.क्र. 78/24 धारा 420 भा.द.वि. का अपराध पूर्व से दर्ज है। प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

## इन्हें मिली सफलता

प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं आरोपियों की गिरफ्तारी में चैकी प्रभारी कोतबा उप निरीक्षक राकेष सिंह, आर. उपेन्द्र सिंह, आर. बूटा सिंह, आर. प्रवीण खलखो, आर. अनुप भगत का योगदान रहा है।

> दस्तावेज का धोखे से दुरूपयोग कर, कूटरचना कर अनेकों वाहन का फायनेंस कराकर विक्रय करने के मामले में शाहरूख खान एवं वसीम अकरम को गिरफ्तार किया गया है, इनके कब्जे से 10 बुलेट वाहन एवं 01 स्कूटी वाहन जप्त किया गया है। प्रकरण में अन्य आरोपियों की संलिप्तता पाई गई है, उन्हें भी पुलिस टीम द्वारा जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।
>
> **-शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर**

# भाजपा नेता हरप्रसाद ने किया माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना

**उतई।** ग्राम ढौर में दीपावली पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें यादव समाज के लोगो ने ग्राम के गली-गली में जाकर बाजा गाजे के साथ विशेष छत्तीसगढ़ी वेशभूषा पहनकर बड़े उत्साह



पूर्वक दोहा लगाते हुए घूमते रहे। इससे गांव में बड़ा ही उत्साह तथा भाईचारा उत्पन्न हुआ। साथ ही ग्राम में मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की गई थी। जिसमें भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हरप्रसाद आडिल, रोमनाथ साहू, सालिकराम साहू, साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष रामलाल साहू, रामभगत साहू, रामभरोसा साहू, किसुनराम साहू, काशीराम साहू ने उपस्थित होकर माताजी से आशीर्वाद लिया।

# 5 नवम्बर को रणजीता स्टेडियम में जिला स्तरीय राज्योत्सव का होगा भव्य आयोजन, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे

- शासकीय विभागों द्वारा लगाई जाएगी विकास प्रदर्शनी, सांसद चिन्तामणी महाराज होंगे मुख्य अतिथि

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव 2024 के आयोजन को लेकर जशपुर में तैयारियां जोर-शोर से जारी है। एक दिवसीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन रंजीता स्टेडियम में 5 नवम्बर को शाम 5 बजे से शुरू होगा राज्योत्सव स्थल में मुख्य मंच से लेकर पूरे परिसर की साज-सज्जा का काम तेजी से कराया जा रहा है। शासकीय योजनाओं एवं उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए सभी विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग का प्रदर्शनी स्टॉल लगाए जाने की तैयारी में जुटे हैं। राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव 2024 का उद्घाटन कार्यक्रम में सांसद चिन्तामणी महाराज के मुख्य आतिथ्य में होगा।राज्योत्सव में कलाकार रंगारंग और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देंगे। 5 नवम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत संध्या 5 बजे से होगी। कार्यकम में राज्योत्सव के दौरान जिला प्रशासन के सभी विभागों द्वारा राज्योत्सव स्थल पर भव्य एवं आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

# मानिकचौरी में 74 लोगो ने लिया स्वास्थ्य शिविर का लाभ

पायनियर संवाददाता ◀ उतई
www.dailypioneer.com




महिमा हॉस्पिटल उतई, आयुष्मान आरोग्य मंदिर सांतरा एवं ग्राम पंचायत माणिकचौरी के सहयोग से ग्राम पंचायत माणिकचौरी में समर्थन एलआईसी-एचएफएल हृदय परियोजना के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महिमा हॉस्पिटल से डॉ. भूपेंद्र कुमार और डॉ. विपुल कुमार गुप्ता के द्वारा स्वास्थ्य जांच किया गया। शिविर में एनसीडी स्क्रीनिंग, मौसमी बीमारी, सर्दी-खांसी, बुखार, उल्टी, दस्त, पीलिया, पेट दर्द, सीने में दर्द, घुटनो में दर्द, जोड़ो में दर्द, कमर दर्द, बीपी, शुगर, कमजोरी, आंखों की सामान्य समस्या, थायराइड और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के मरीजों के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित किया गया। शिविर में कुल 74 मरीजों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। शिविर में आए हुए मरीजों का विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा स्वास्थ्य परिक्षण कर ईलाज के लिए उचित परामर्श और आवश्यक दवाएँ प्रदान की गई। कार्यक्रम में महिमा हॉस्पिटल से डॉ. भूपेंद्र कुमार साहू, डॉ. विपुल कुमार गुप्ता (बीएएमएस, जनरल प्रैक्टिसनर), ललित कुमार साहू (स्टाफ नर्स), वैभव कुमार साहू (जीएनएम), मितानिन रामेश्वरी साहू, समर्थन कार्यकर्ता तोकेश्वर साहू (बीएससी नर्सिंग, एमपीएच), डिंपल साहू, भूमी साहू, कविता सूर्यवंशी उपस्थित थे।

# चार दिन छुट्टी के बाद सरकारी दफ्तरों में लौटेगी रौनक

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com

लक्ष्मी पूजा, राज्योत्सव के साथ चार दिन की लंबी छुट्टी के बाद सोमवार से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, नगर पालिका, तहसील सहित अन्य सभी सरकारी दफ्तरों में रौनक लौटेगी।

दफ्तरों के खुलते ही लोगों के अटके कामकाज भी गति पकड़ेंगे। हालांकि त्योहार के कारण सप्ताह के पहले दिन दफ्तरों में आम लोगों की भीड़ पहुंचने की संभावना कम है, वहीं दूसरी ओर अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति भी कम देखने को मिल सकती है, त्योहार मनाने दूसरे जिले या राज्य में रहने वाले अपने सगे-संबंधियों के यहां भी चले जाते हैं, जिनके वापस नहीं लौटने की स्थिति में मंगलवार से उनके काम पर लौटने की संभावना है। ऐसे में दफ्तरों में भी कामकाज प्रभावित हो सकता है। त्योहार के क्योंकि कई कर्मचारी लगातार 4 कारण सप्ताह दिन की छुट्टी पड़ने के कारण के पहले दिन कम रहेगी भीड़।

# 16 आरोपी के खिलाफ नगद जप्ती कर कार्यवाही की




पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

एस.आर. भगत पुलिस अधीक्षक एवं अशोक कुमार जोशी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं डां. चित्रा वर्मा नगर पुलिस अधीक्षक दल्ली राजहरा के निर्देशन में उपनिरीक्षक मनीष सेण्डे थाना प्रभारी डौण्डी व स्टॉफ टीम के द्वारा दीपावली त्यौहार के दौरान अवैध रूप से बेचे जा रहे कच्चे महुआ शराब एवं जुआ खेलने की सुचना पर 01 नवम्बर को 16 आरोपी ग्राम पेटेचुवा, झुरहाटोला, चिखली के खिलाफ 3(2) जुआ एक्ट में अलग अलग 2550 रू,1050रू., 2950रू, 2250 रू. कुल जुमला 8800 रू. नगद जप्ती कर कार्यवाही की गई है एवं आरोपी भोलाराम पोया, नरेश पोया निवासी चिखली के खिलाफ अधिक मात्रा में अवैध शराब रखने एवं बिक्री करते पाये जाने पर अप.क्र 90/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट कार्यवाही की गई है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया है। इस कार्यवाही में थाना डौण्डी से थाना प्रभारी डौण्डी मनीष शेंडे सहित स्टाफका सहयोग, रहा।

# रामकृष्ण मिशन आश्रम में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के पालको की बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◀ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर के आश्रम में अध्ययनरत बच्चों के माता-पिता एवं पालकों का बैठक बुलाया गया था। उक्त बैठक में लगभग 700 पालक एवं 800 विद्यार्थी उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता स्वामी अनुभवानन्द, सहायक सचिव, रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर ने किया। स्वामी वासुदानन्द, सहायक सचिव, रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर, स्वामी कृष्णामृतानन्द, प्राचार्य, रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्यापीठ, नारायणपुर, स्वामी हितानन्द, स्वामी विश्वपानन्द, स्वामी मुक्त्यानन्द, ब्र. जनार्दनचैतन्य विवेकानंद विद्यापीठ के कर्मचारीगण उपस्थित थे। प्राचार्य स्वामी कृष्णामृतानन्द ने पालकों को संबोधित कर अपार आईडी बनाने के बारे जानकारी दिया एवं आवश्यक दस्तावेज जमा करवाया। इसके अलावा पालकों को उनके पाल्य का जाति निवास प्रणामपत्र बनाने के लिए समझाते हुए किस प्रकार से जाति प्रमाणपत्र बनाया जाता है उसका मार्गदर्शन किया। साथ ही पालकों को बच्चों के पढ़ाई में एवं खेलकूद में अच्छे प्रदर्शन के बारे में बताया।

# दामाखेड़ा आश्रम में हुए हमले पर कांग्रेस ने जताया रोष धरना कर कहा लगातार हिंसक वरदातों से प्रदेश हुआ शर्मसार



पायनियर संवाददाता ◀ बीजापुर
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार जिले के दामाखेड़ा स्थित कबीर पंथ के गुरु प्रकाश मुनि साहेब के आश्रम में हुए हमले की निंदा करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष लालू राठौर ने इसे विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार के विफलता का एक और उदाहरण बताया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन पर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में आयोजित एक दिवसीय धरना प्रर्द्धन में रविवार को कांग्रेस भवन के सामने हुए धरना को संबोधित करते जिला कांग्रेस अध्यक्ष लालू राठौर ने कहा कि डबल इंजन और रामराज्य के नाम के छलावे में बनी भाजपा सरकार में सतनाम और सत्यनाम के आदर्शों से जुड़ी इस पवित्र भूमि पर इस तरह की हिंसक घटना प्रदेश के लिए शर्मनाक है। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है। हर दूसरे-तीसरे दिन कोई न कोई बड़ी घटना हो रही है। उन्होंने गृह मंत्री पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए। आज के एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत सदस्या नीना रावतिया उद्दे नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लुर,पार्षद प्रवीण डोंगरे, पार्षद कविता यादव,पार्षद ललिता झाड़ी,पार्षद लक्ष्मण कड़ती, मनोज अवलम, वेणुगोपाल राव, महिला कांग्रेस शेख रजिया बेगम, शहर अध्यक्ष संतोस गुप्ता, गिरधारी लाल राठी, संजना चौहान, श्यामू गुप्ता, शदाशिव राणा, रतन कश्यप, हीरा लाल मण्डावी, बलराम कोरसा,लालू देवांगन, राजा गुप्ता, इदरीश खान, जगदीश सेन,नवनीत नायडू, कुशल जुमार, रहे मौजूद।

## पुरानी बातों को लेकर नियमित होता रहता था विवाद

# बड़े भाई की डंडे से पीटकर हत्या का आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



पुरानी बातों को लेकर डंडे से पीटकर बड़े भाई की हत्या करने वाले आरोपी छोटे भाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक थाना तुमला क्षेत्र की एक 32 वर्षीय महिला ने 1 नवंबर को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि यह अपने पति एवं 02 बच्चों के साथ रहकर जीवनयापन कर रही है, इसके देवर सुलेन्द्र मांझी की शादी नहीं हुई है वह भी इनके साथ में ही रहता है। 1 नवंबर को इसके पति सुरजनो उम्र 35 साल जो गांव से घूमकर लगभग 02 बजे दिन में वापस घर में आये, खाना खाने के दौरान सब्जी कम होने पर प्रार्थिया से लड़ाई-झगड़ा करने लगे, जिस पर डर से प्रार्थिया अपने बच्चों के साथ गांव में एक दूसरे व्यक्ति के यहां चली गई। शाम को वापस बच्चों के साथ घर में आकर प्रार्थिया खाना बना रही थी उसी दौरान लगभग 08 बजे इसका पति घूमकर घर में आये और अपने भाई देवेन्द्र मांझी से पुरानी बातों को लेकर लड़ाई-झगड़ा करने लगा। विवाद बढ़ने पर छोटे भाई सुलेन्द्र मांझी ने घर में रखे डंडा से अपने बड़े भाई सुरजनो के उपर लगातार सिर, पैर, हाथ में वार करता रहा, जिससे प्रार्थिया के पति जमीन में गिर गये एवं उनके सिर में खून बहने लगा। कुछ देर पश्चात् प्रार्थिया के पति की मृत्यू हो गई। मामले में आरोपी के विरूद्ध भा.न्या.सं. की धारा 103(1) का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना दौरान चंद घंटो के भीतर ही दबिष देकर आरोपी सुलेन्द्र मांझी को अभिरक्षा में लेकर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लकडी का डंडा जप्त किया गया है, पूछताछ में उसने उक्त अपराध को घटित करना स्वीकार किया है। आरोपी सुलेन्द्र मांझी उम्र 31 साल निवासी कोरंगामाल के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर उसे 2 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही और आरोपी की गिरफ्तारी में निरीक्षक कोमल नेताम, आर. 68 राकेष एक्का, आर. 679 रूबेन तिग्गा, आर. 711 सुरेष मिंज, आर. 478 सुजीत खाखा इत्यादि का योगदान रहा है।

# नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहब पर हुआ हमले की साजिश निंदनीय, दोषियों पर सख्त कार्यवाही हो : भावना बोहरा

पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com



बलौदाबाजार के दामाखेड़ा में कबीर आश्रम में उपद्रव एवं कबीर पंथ के धर्म गुरु प्रकाशमुनि नाम साहेब के पुत्र नवोदित वंशाचार्य उदित मुनिनाम साहेब पर हमले की साजिश को पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने निंदनीय बताया है। उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम में उपद्रव करने वाले एवं उदित मुनिनाम साहेब पर हमले की साजिश करने वाले दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि दामाखेड़ा में हुई घटना निंदनीय है। कबीर पंथ के नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहेब जी पर कुछ लोगों द्वारा मामूली बात को लेकर साजिश पूर्वक हमला करना और आश्रम में तोड़ फोड़ करना अत्यंत ही निंदनीय है। जो गुरु आमजनों में शांति का संदेश प्रवाह करते हैं और संत कबीरदास साहेब जी के संदेशों को प्रत्येक समाज तक पहुंचाते हैं उनके ऊपर हमला किया जाना गलत है। उन्होंने आगे कहा कि दामाखेड़ा की घटना में जिस प्रकार से उपद्रव करने और सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने के लिए कुछ व्यक्तियों द्वारा साजिश रची गई उसे छत्तीसगढ़ सरकार ने बहुत ही गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्यवाही की और सुरक्षा तैनात करने के साथ ही 11 से अधिक आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर लिया है। भारतीय जनता पार्टी सर्वधर्म समभाव की भावना से हर समाज व व्यक्ति की सुरक्षा के लिए तत्पर है। सभी समाज की भावनाओं का सम्मान करना ही हमारी प्राथमिकता है और इस घटना में भी जो भी आरोपी हैं उनपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भावना बोहरा ने कहा कि प्रकाश मुनिनाम साहब व उनके सुपुत्र नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहब ने हमेशा ही समाज मे एकता व सद्भावना का संदेश दिया है। महान संत कबीरदास जी के जीवन आदर्श का स्मरण करते हुए अपने संदेशों में आपसी भाईचारे तथा अपनी संस्कृति व सभ्यता को संजोने की बात जन-जन तक पहुंचाई है।

# छत्तीसगढ़ राज्योत्सव

## 2024

### दिनांक 04 से 06 नवम्बर



**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री



**श्री विष्णु देव साय**
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस "राज्योत्सव"

Samvad- 42009/70

### उद्‌घाटन कार्यक्रम

04 नवम्बर, 2024
राज्योत्सव मैदान, नवा रायपुर अटल नगर

मुख्य अतिथि
**डॉ. मोहन यादव**
माननीय मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश





अध्यक्ष
**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

अतिविशिष्ट अतिथि
**डॉ. रमन सिंह**
माननीय अध्यक्ष, विधानसभा छत्तीसगढ़





विशिष्ट अतिथि

**श्री अरूण साव**
माननीय उप मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़

**श्री विजय शर्मा**
माननीय उप मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़

श्री रामविचार नेताम, माननीय मंत्री
श्री दयाल दास बघेल, माननीय मंत्री
श्री केदार कश्यप, माननीय मंत्री
श्री लखन लाल देवांगन, माननीय मंत्री
श्री श्याम बिहारी जायसवाल, माननीय मंत्री
श्री ओ.पी. चौधरी, माननीय मंत्री
श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, माननीय मंत्री
श्री टंकराम वर्मा, माननीय मंत्री
डॉ. चरणदास महंत, माननीय नेता प्रतिपक्ष
श्री बृजमोहन अग्रवाल, माननीय सांसद
श्री राजेश मूणत, माननीय विधायक
श्री पुरन्दर मिश्रा, माननीय विधायक
श्री मोती लाल साहू, माननीय विधायक
श्री अनुज शर्मा, माननीय विधायक
श्री गुरू खुशवंत साहेब, माननीय विधायक
श्री इंद्र कुमार साहू, माननीय विधायक





एवं

समस्त माननीय सांसद, विधायक, निगम, मंडल, आयोग, जिला पंचायत के माननीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण, माननीय महापौर की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित है।

**आप सादर आमंत्रित हैं...**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करें।

**हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे**

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403